| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,962.71 |
| निफ्टी | 25,388.90 |
| सोना | 73,150 |
| चांदी | 86,500 |
| डॉलर | 83.93 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शुक्रवार 13 सितम्बर 2024
भाद्रपद शुक्ल 10 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 352
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### हेलिकॉप्टर लूट ट्रक में लाद ले गए

मेरठ। यूपी के मेरठ में पहली बार हेलिकॉप्टर लूट का मामला सामने आया है। यहां पायलट रवींद्र सिंह ने मेरठ एसएसपी को तहरीर दी। आरोप लगाया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हवाई पट्टी पर जबरन 15-20 लोग घुस आए। उन्होंने मारपीट की। इसके बाद हेलिकॉप्टर के पुर्जे खोलने लगे। रवींद्र सिंह ने बताया कि दबंगों ने मुझे धमकाते हुए कहा कि शांत खड़े रहो, वरना तेरी दोनों टांगें काट दूंगा। इसके बाद हेलिकॉप्टर के पार्ट को अलग किया, ट्रक में भरा और लादकर ले गए। 16 टायर ट्रक राजस्थान नंबर का था।

### स्कूल जॉब घोटाला मामले में माणिक भट्टाचार्य को मिली जमानत

कोलकाता । कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को जमानत दे दी। माणिक भट्टाचार्य को पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने भट्टाचार्य को इस शर्त पर जमानत दी कि उन्हें अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करना होगा और वे जांच अधिकारी की अनुमति के बिना शहर के बाहर नहीं जा सकते। नादिया जिले के पलाशीपारा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक भट्टाचार्य को राज्य में शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने 2022 में गिरफ्तार किया था। माणिक भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सीबीआई द्वारा शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच की जा रही है।

### मस्जिद का अवैध निर्माण तोडऩे को मुस्लिम-समुदाय तैयार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली मस्जिद विवाद जल्द सुलझ सकता है। मस्जिद कमेटी ने गुरुवार को मस्जिद का अवैध निर्माण तोडऩे की पेशकश की। इसके लिए उन्होंने शिमला नगर निगम कमिश्नर भूपेंद्र अत्री से मुलाकात की। कमिश्नर ने बताया कि मस्जिद कमेटी ने खुद कहा कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता तब तक मस्जिद की 3 अवैध मंजिल को सील किया जाए। कमेटी इसके लिए तैयार हैं। संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर पिछले 13 दिनों से विरोध-प्रदर्शन जारी है। पिछले दिनों हुए लाठीचार्ज के विरोध में व्यापार मंडल ने गुरुवार को शहर की सभी दुकानें बंद रखी हैं।

### हरियाणा विधानसभा भंग, कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में नायब सैनी संभालेंगे मोर्चा

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 14वीं विधानसभा भंग कर दी है। प्रदेश सरकार की विधानसभा भंग करने की सिफारिश को स्वीकार करते हुए राज्यपाल ने नायब सैनी को नई सरकार बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने को कहा है। प्रदेश में पांच अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होना है, जिसके नतीजे आठ अक्टूबर को आएंगे और दशहरा यानी 12 अक्टूबर तक नई सरकार का गठन हो जाएगा। राज्य सरकार ने छह माह के भीतर विधानसभा का सत्र नहीं बुला पाने के संवैधानिक संकट को टालने के लिए विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने से 52 दिन पहले विधानसभा भंग कराई है। इस तरह के संवैधानिक संकट के बाद विधानसभा भंग करने का यह पहला मामला है। देश आजाद होने के बाद कभी ऐसी स्थिति नहीं आई।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, ममता बोलीं-

# मैं इस्तीफा देने को तैयार

## प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स के खिलाफ एक्शन नहीं लूंगी, बड़े होने के नाते उन्हें माफ किया

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार शाम कहा कि आज मैंने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का दो घंटे इंतजार किया, लेकिन वे बातचीत के लिए तैयार नहीं हुए। मैं उन लोगों से माफी मांगना चाहती हूं जिन्हें लगा था कि आज डॉक्टरों और सरकार के बीच बैठक होगी और इस आंदोलन का हल निकलेगा। लोगों की खुशी के लिए मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैं भी आरजी कर मेडिकल कॉलेज के रेप-मर्डर केस में न्याय चाहती हूं। जूनियर डॉक्टर्स के काम रोक देने के चलते 27 लोगों की जान गई है, 7 लाख मरीजों की हालत खराब है। इसके बावजूद मैं डॉक्टर्स के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लूंगी, बड़े होने के नाते मैंने उन्हें माफ किया।

दरअसल, बंगाल में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टर्स को ममता सरकार ने शाम 5 बजे मुलाकात के लिए बुलाया था। डॉक्टर्स नबन्ना पहुंचे, लेकिन मीटिंग का लाइव टेलीकास्ट कराने की शर्त पर अड़े रहे, जबकि सरकार इसके लिए नहीं मानी।

पिछले 3 दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों के साथ बातचीत की यह तीसरी पहल थी। डॉक्टर्स ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। उनकी 5 मांगें हैं। उन्होंने इस पर बातचीत के लिए 4 शर्तें रखी हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में

रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 34 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं।

ममता बोलीं- डॉक्टर मान जाते तो हम बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग शेयर कर देते ममता ने यह भी कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर का मामला कोर्ट में है, ऐसे में हम इस मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की इजाजत नहीं दे सकते थे। हमने इस बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की तैयारी की थी, अगर डॉक्टर्स चाहते तो हम सुप्रीम कोर्ट की इजाजत लेकर उनसे यह रिकॉर्डिंग शेयर कर देते।

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर्स को आदेश दिया है कि वे काम पर लौट जाएं, इसके बावजूद पिछले तीन दिन से मैं उनका इंतजार कर रही हूं कि वे आएं और अपनी समस्याएं सुलझाएं। हम बस ये चाहते हैं कि आम लोगों को इलाज मिलता रहे। हम चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार डॉक्टर्स अपनी ड्यूटी जॉइन करें।

ममता के इस बयान को लेकर जूनियर डॉक्टर्स ने कहा कि हमें भी इस बात का दुख है कि सरकार के साथ हमारी बातचीत नहीं हो पाई। लेकिन हमने कभी ममता बनर्जी का इस्तीफा नहीं मांगा। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं। हम अब भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

### ईडी ने संदीप घोष के घर और कोलकाता में अन्य जगहों पर छापेमारी की

पिछली छापेमारी में ईडी ने काफी दस्तावेज बरामद किए थे। उन दस्तावेजों के आधार पर ही अब इन लोगों के ठिकानों पर ये रेड्स मारी हैं। संदीप घोष आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल हैं, जहां 9 अगस्त को एक ट्रेनी लेडी का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि हत्या से पहले ट्रेनी डॉक्टर संग रेप किया गया था। समाचार एजेंसी एनआई के मुताबिक, ईडी की छापेमारी कई इलाकों में भी चल रही है। बताया जा रहा है कि कोलकाता के तीन से चार ठिकानों पर ईडी छापेमारी जारी है। ईडी ने संदीप घोष घर और कोलकाता में अन्य जगहों पर छापेमारी की है। ईडी की टीम संदीप घोष के पिता, सत्य प्रकाश घोष के घर पर भी तलाशी ली है। करप्शन केस में ईडी की यह दूसरी बड़ी रेड है। फिलहाल, संदीप घोष न्यायिक हिरासत में हैं। 10 सितंबर को संदीप घोष को वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने उनके सुरक्षा कर्मी, अफसर अली, और दो कथित सहयोगियों, चिकित्सा उपकरण विक्रेता, बिप्लब सिंघा, और फार्मेसी दुकान के मालिक, सुमन हजारा- को भी 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पीएम मोदी ने सीजेआई संग की आरती

### राउत ने दे दी नसीहत...महाराष्ट्र सरकार से जुड़े केस से हट जाएं

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) अब भारत के मुख्य न्याधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ और राज्यसभा सांसद नेता संजय राउत ने सीजेआई को शिवसेना से जुड़े मामले से अलग होने की नसीहत तक दे दी है। राउत ने सवाल तब उठाए हैं, जब एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीजेआई के आवास पर पहुंचे थे और गणेश पूजा में शामिल हुए थे। इसके अलावा कई वकीलों ने भी इस मीटिंग पर सवाल उठाए। जबकि, भाजपा ने सिर्फ पूजा में शामिल होना करार दिया है।

पीएम मोदी ने इससे जुड़ी तस्वीर भी शेयर की है। पीएम मोदी ने लिखा, सीजेआई न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ जी के आवास पर गणेश पूजा में शामिल हुआ। भगवान श्री गणेश हम सभी को सुख, समृद्धि और अद्भुत स्वास्थ्य प्रदान करें। राउत ने पीएम मोदी के सीजेआई के घर जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, देखिए, यह गणपति जी का त्यौहार है। प्रधानमंत्री अब तक कितने लोगों के घर गए हैं? मुझे जानकारी नहीं है। दिल्ली में कई स्थानों पर गणपति उत्सव मनाया जाता है, लेकिन प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश के घर पर गए और उन्होंने मुख्य न्यायाधीश ने साथ मिलकर आरती की। उन्होंने कहा, भगवान के बारे में हमें इतना पता है कि अगर संविधान के रक्षक इस तरह से राजनेताओं से मिलते हैं, तब लोगों को शक होगा। उन्होंने कहा, बीते 3 सालों से एक के बाद एक तारीखें दी जा रही हैं। एक अवैध सरकार चल रही है। उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना को तोड़े जाने पर सवाल उठाए हैं।

## सीताराम येचुरी का निधन

### निमोनिया की वजह से दिल्ली एम्स में थे भर्ती

नई दिल्ली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था।

परिवार ने अस्पताल को सीपीआई(एम) नेता की बॉडी डोनेट की है। वे तीन बार पार्टी के महासचिव रहे थे। वहीं, सीपीआई(एम) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ

था। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी।

#### देशभर के नेताओं ने येचुरी को श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सीताराम येचुरी मेरे अच्छे दोस्त थे। वे भारत के विचार के सच्चे रक्षक थे और देश को अच्छी तरह समझते थे। मैं उनके साथ की गई लंबी चर्चाओं को बहुत याद करूंगा। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि येचुरी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वे एक अनुभवी सांसद थे और उनका जाना राष्ट्रीय राजनीति के लिए बड़ी क्षति है। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि येचुरी जी के निधन पर गहरा दुख हुआ। वह भारतीय राजनीति के एक दिग्गज नेता थे। वह मुद्दों की बारीक समझ रखने वाले और जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ाव के लिए जाने जाते थे। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## धर्मांतरण प्रकरण-मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 12 लोगों को उम्रकैद

### चार को 10-10 साल की जेल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एनआईए की विशेष अदालत ने अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिए गए मोहम्मद उमर गौतम और मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 12 लोगों को बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले के चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने सभी को मंगलवार को दोषी करार दिया था और उसके बाद सजा का ऐलान किया है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मोहम्मद उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी, इरफान शेख, सलाउद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, कौशर आलम, फराज वाबुल्लाशाह, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, काजी जहांगीर और अब्दुल्ला उमर को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

आदेश के मुताबिक, मामले में बाकी चार अभियुक्तों मोहम्मद सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव तथा कुणाल अशोक चौधरी को 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन (प्रतिषेध) अधिनियम' की धारा-पांच के तहत 10-10 वर्ष की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी गयी। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने 20 जून 2021 को इस मामले में लखनऊ के एटीएस थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इन सभी आरोपियों पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 417, 120 बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए और 298 के साथ ही उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3/5/8 के तहत आरोप लगाए गए थे। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार दूसरे देशों से भी जुड़े हैं। सिंह ने बताया कि इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे।

## पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर रह रहे थे टेररिस्ट; 10 छोटे रॉकेट, 20 ग्रेनेड बरामद

### चुनाव से पहले 3 आतंकी ठिकाने मिले

श्रीनगर। सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा, कुलगाम और पुलवामा जिले में गुरुवार को आतंकियों के 3 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम, पुलवामा में सिर्फ ठिकाने का पता चला।

कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली। यहां से एके-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट मिले।

#### इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी जानकारी

इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। सेना को यह खुफिया जानकारी जम्मू-कश्मीर में तैनात एक इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।

## 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था, मगर अब...,

### पीएम मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष का कटाक्ष

नई दिल्ली। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पीएम ने चुनाव से पहले 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था। मगर, अब उनकी गठबंधन सरकार के 95 दिनों में देश उनकी निष्क्रियता के भयानक परिणाम भुगत रहा है।

#### अब 95 दिन पूरे हुए

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स में कहा, नरेंद्र मोदी जी चुनाव से पहले आपने जोर-शोर से 100 दिन के एजेंडे का ढिंढोरा पीट दिया था। अब 95 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन आपकी गठबंधन सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है।

#### गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोडऩे के लिए...

खरगे ने कहा, चलिए थोड़ा पीछे ले चलते हैं। आपकी सरकार गरीब और मध्यम

वर्ग की रीढ़ तोडऩे के लिए एक जनविरोधी बजट लेकर आई है। जम्मू एवं कश्मीर में, विशेष रूप से जम्मू में आतंकवादी हमले हुए, जहां भारतीय सेना के कई बहादुर जवान शहीद हुए।

#### अब कारनामों को दबाया नहीं जा सकता- खरगे

उन्होंने कहा कि 16 महीने बीत गए हैं। मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री जी आपके पास राज्य को देखने के लिए समय तक नहीं है। मोदी-अदाणी महा घोटाले का खुलासा और सेबी अध्यक्ष द्वारा भूल-चूक के कारनामों को अब और दबाया नहीं जा सकता।

#### हर दिन युवाओं को धोखा दिया जा रहा

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, चाहे वह नीट पेपर लीक घोटाला हो या बड़े पैमाने पर बेरोजगारी साबित करने वाली घटना, मोदी सरकार ने हर दिन युवाओं को धोखा दिया है। उन्होंने यह भी कहा, चाहे महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा हो, हवाई अड्डों की छत हो, अयोध्या में भगवान राम मंदिर हो, एक्सप्रेसवे, पुल, सडक़ें, सुरंग हो, ऐसे कुछ भी जो बनाने का आप (पीएम मोदी) दावा कर रहे हैं, उन सभी में खामियां थीं।

### आंतकियों के पास मिली एम4 कार्बाइन

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कठुआ में पाकिस्तान की एक बड़ी साजिश सामने आई है। कठुआ एनकाउंटर को लेकर जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक बहुत बड़ा खुलासा किया है। एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के पास से नाटो के हथियार बरामद हुए हैं। आतंकियों के पास से एम4 कार्बाइन बरामद हुई है। एम4 कार्बाइन का इस्तेमाल नाटो की सेना के द्वारा होता है। पिछले कई दिनों से देखा जा रहा है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी वारदातें बढ़ गई हैं। सेना के काफिले पर हमला बढ़ता जा रहा है। अब जब एनकाउंटर में जैश के दो आतंकी मारे गए। उनके पास से जो दो हथियार बरामद हुए हैं, उस लेकर सबसे बड़ा खुलासा हुआ है।

## 400 साल पुरानी दीवार गिरी, 7 की मौत

### 5 मृतक एक ही परिवार के, दो रिश्तेदार

दतिया। दतिया में राजगढ़ किले के नीचे के हिस्से वाली 4 सौ साल पुरानी दीवार ढहने से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के 5 सदस्य शामिल हैं। बाकी दो लोग परिवार के मुखिया की बहन और बहनोई हैं। मलबे में 9 लोग दबे थे। पड़ोसियों ने 2 को सुरक्षित निकाल लिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह करीब साढ़े 3 बजे तेज आवाज आई। लोग बाहर निकले तो देखा कि किले की दीवार गिर गई है। मलबे में दबे दो लोगों को तत्काल बाहर निकालकर हॉस्पिटल भेजा गया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर करीब साढ़े 5 बजे कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंचे।

हादसे के करीब 9 घंटे और करीब 7 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे से 7 शव निकाले गए। कलेक्टर संदीप मकीन ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

#### रेस्क्यू में लापरवाही के आरोप

लोगों ने रेस्क्यू की गति धीमी होने का आरोप लगाकर सुबह करीब 8 बजे हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मलबा हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। पुलिस ने उन्हें शांत करवाया। हादसे में निरंजन वंशकार, उनकी पत्नी ममता, बेटी राधा, दो बेटे सूरज और शिवम समेत निरंजन की बहन प्रभा और बहनोई किशन पिता पन्ना लाल की मौत हो गई। किशन ग्वालियर का रहने वाला था और करीब 15 साल पहले ससुराल में ही बस गया था। हादसे में निरंजन के दूसरे बहनोई मुन्ना पिता खित्ते वंशकार और उनका बेटा आकाश घायल हुए हैं। दोनों के सिर और पैरों में चोट है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निलंबित आईएएस पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किलें, हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

### यूपीएससी के लिए गलत बयान और हलफनामा देने का मामला

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर को नोटिस जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने गलत प्रस्तुतियां दी हैं। हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व परिवीक्षाधीन आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर से यूपीएससी की याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उनके खिलाफ कोर्ट में गलत बयान और हलफनामा देने के लिए झूठी गवाही की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है।

यूपीएससी ने तर्क दिया कि 31 जुलाई को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द की गई थी, उसी दिन उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल-आईडी पर सूचित किया गया था। इसने कहा कि यह वही ईमेल आईडी थी, जो सीएसपी 2022 के लिए उनके ऑनलाइन आवेदन में पंजीकृत थी। उन्होंने कोर्ट में झूठा बयान दिया कि उन्हें आदेश नहीं दिया गया है और उन्हें यूपीएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए से इसकी जानकारी मिली है, यह दावा किया गया।

यूपीएससी की और से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक ने कहा कि पूजा खेडकर ने अपने वकीलों को भी गलत जानकारी दी और वह अच्छी तरह से जानती थी कि वह शपथ पर झूठा बयान दे रही है, फिर भी उसने जानबूझकर झूठे बयान की सत्यता की शपथ ली। वकील कौशिक ने दायर आवेदन में कहा कि अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के उद्देश्य से शपथ पर गलत बयान देना एक बहुत ही गंभीर अपराध है, जो कानूनी व्यवस्था की नींव को कमजोर करता है।

इसमें दावा किया गया कि खेडकर का हलफनामा 28 जुलाई, 2024 का था, जब यूपीएससी द्वारा जारी 31 जुलाई का आदेश अस्तित्व में भी नहीं था। यूपीएससी ने अदालत से उचित कार्यवाही शुरू करने और झूठी गवाही देने के अपराध के लिए कानून के मुताबिक खेडकर के खिलाफ जांच का निर्देश देने का आग्रह किया है। खेडकर ने पहले यूपीएससी की प्रेस विज्ञप्ति को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है। एक अगस्त को यहां की एक ट्रायल कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि ये गंभीर आरोप हैं जिनकी गहन जांच की जरुरत है।

## संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने की कार्रवाई

# शराबी शिक्षक पर गिरी निलंबन की गाज

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के शासकीय माध्यमिक शाला धनकोषा के शराबी शिक्षक पर निलंबन की गाज गिरी है. जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट के प्रस्ताव पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने 11 सितंबर को कार्रवाई के संबंध में आदेश जारी किए है. धनकोषा माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक कृणाल गुप्ता उपवंशी पर यह आरोप है कि वह हमेशा ही शराब के नशे में स्कूल पहुंचते थे और स्कूली छात्र-छात्राओं को पढ़ाने में लापरवाही बरत रहे थे. ग्रामीण अभिभावकों ने पहले भी कई बार शिक्षक को समझाइश दी थी लेकिन शिक्षक ने अपने व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं लाया. जनशक्ति उपसरपंच- पंच कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और धनकोषा निवासी संतोष राहंगडाले ने बताया कि बीते दिनों शिक्षक जब शराब के नशे में स्कूल पहुंचे तो ग्रामीणों ने बीआरसी और संकुल प्राचार्य से शिकायत की शिकायत मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि शिक्षक कृणाल गुप्ता उपवंशी स्कूल में शराब पीकर पहुंचे और और अनुशासनहीनता करते पाए गए. इन अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी जिला शिक्षा

अधिकारी को भेजी. जिसे अमल में लेते हुए डीईओ ने 05 सितंबर को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण को अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने पत्र लिखा था। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने माध्यमिक शिक्षक कृणाल गुप्ता उपवंशी के आचरण को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में पाते हुए कार्रवाई की है. वहीं नियम 1966 के नियम 9 (1) (क), (ख) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उन्हें मुख्यालय के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अटैच किया है. निलंबन अवधि में शिक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा. ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों ने बताया कि शिक्षक स्कूल में हमेशा ही शराब के नशे में आते थे. दो वर्ष पूर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के दिन भी उन्होंने ऐसा ही किया था तब भी उन्हें समझाईश दी गई थी परंतु ग्रामीणों की बार-बार की समझाईश का भी शिक्षक पर कोई असर नहीं पड़ा. विद्यार्थियों के अनुसार शराब के नशे में कई बार शिक्षक स्कूल परिसर में अपने दोपहिया वाहन के साथ गिर जाते थे जिन्हें बच्चों के द्वारा उठाया जाता था. जनशक्ति उपसरपंच- पंच कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और धनकोषा निवासी संतोष राहंगडाले ने बताया कि यह उन शिक्षकों के लिए एक सबक है जो अपने दायित्व का सहीं तरीके से निर्वहन नहीं करते. दरअसल, संतोष राहंगडाले ने ही शिक्षक के कृत्य की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की थी।

# रामजी टोला में वन्य प्राणी ने बैल-बकरी पर किया हमला

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 25 किमी दूर रामजी टोला में हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने पालतू मवेशी बैल और बकरी पर प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया है. घटना गुरूवार की सुबह करीब साढ़े 09 बजे के आस-पास की है. रामजी टोला निवासी गोपीचंद राउत ने बताया कि वह मवेशियों को चराने के लिए रामजी टोला के बड़े गड्ढे की तरफ लेकर गए थे जहां तिलकराम राउत के बैल और बकरी पर हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने अचानक से प्राण घातक हमला कर दिया. मगर, गनीमत की बात यह रही कि बाघ अपने साथ शिकार को ले जा पता इससे

पहले ही शोर सुनकर जंगल की तरफ भाग गया. दिन-दहाड़े वन्य प्राणी बाघ के हमले से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है. यह पूरी घटना वन विकास निगम लिमिटेड क्षेत्र की बताई जा रही है. पशु मालिक ने हिंसक वन्य प्राणी बाघ के हमले से पालतू मवेशियों को घायल किए जाने की सूचना संबंधित विभाग और पशु चिकित्सा विभाग को दी. जिसके बाद विभागीय वन विभाग के कर्मचारी ने प्रकरण तैयार किया है. वहीं पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने घायल मवेशियों को उपचार किया है। मवेशी चराने लेकर गए गोपीचंद ने बताया कि उन्होंने रामजी टोला के बड़े गड्ढे के पास बाघ को शिकार करते हुए देखा है. वहीं शिकार की प्रवृत्ति से बाघ के होने की पुष्टि हुई है. वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधान रहने की हिदायत दी है. इसके साथ ही वन विभाग ने आसपास के जंगलों से लगे गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को बिना वजह जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी है. वहीं, जरूरत पड़ने पर जंगल की ओर जाने पर सावधानी बरतने के लिए भी कहा गया है. दरअसल, घटते हुए मिश्रित वन और वनों के भीतर शाकाहार वन्य प्राणियों की कमी के चलते हिंसक वन्य प्राणी कई बार भोजन की तलाश में भटकते हुए आबादी के नजदीक तक आ जाते है और एक बार शिकार करने के बाद फिर आबादी के नजदीक ही डेरा जमा लेते है. हालांकि वन विभाग इस तरह की वजहों को कई बार जायज कारण नहीं मानता लेकिन यह एक कड़वा सच है. वन विभाग की आर्थिक नीति ने मिश्रित वनों को स्वरूप बदल दिया है और इंसानों ने अपने स्वार्थ के लिए हरे-भरे जंगलों से पेड़ों की कटाई कर विरान बना दिया है. वहीं जंगल के कई शाकाहार वन्य प्राणियों को भी इंसानों ने शिकार कर अपना भोजन बना लिया. एक तमाम ऐसे कारण है जिस कारण हिंसक वन्य प्राणी जंगल से भटक कर भोजन की तलाश में आबादी तक पहुंच रहे है।

## मारपीट के मामले में आरोपी अनंतलाल को 2 वर्ष का सश्रम कारावास-एक हजार रुपये अर्थदड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विद्वान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अविनाश छारी की न्यायालय ने मारपीट करने के मामले में आरोपी अनंत लाल पिता शंकरलाल मानेश्वर 30 वर्ष ग्राम धापेवाड़ा बालाघाट निवासी को 2 वर्ष की सश्रम कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस आरोपी के विरुद्ध अपने ही रिश्तेदार महिला के साथ मारपीट करने का आरोप था। अभियान के अनुसार ग्राम धापेवाड़ा में11 सितंबर 2017 की सुबह 8 बजे यशोदा बाई खेत के पास नहर में कपड़ा धोने गई थी। नहर पर उसका भतीजा अनंतलाल खेत जा रहा था तो यशोदा बाई ने उसे पूछी कि खेत की मेढ़ क्यों बांध देते हो, पानी खेत मे क्यों नहीं जाने देते और बोली कि आज खेत में पानी जाने के लिए मेढ़ खोलूंगी । यशोदा भाई के यह कहने के साथ ही उसका भतीजा अनंत लाल ने उसे गालियां देने लगा। तब यशोदा बाई ने उसे गालियां देने से मना की तब अनंत लाल ने हाथ में रखा फावड़ा का बेसा यशोदा भाई के दाएं हाथ के पंजे के ऊपर मार दिया। जिससे वह घायल हो गई और इसके बाद अनंत लाल ने यशोदा बाई को खेत की मेढ़ पर जाने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। यशोदा बाई द्वारा की गई रिपोर्ट पर कोतवाली बालाघाट में अनंतलाल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया और विवेचना अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था ।विद्वान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अविनाश छारी की अदालत में चलते इस मामले में अभियोजन पक्ष आरोपी अनंतलाल के विरुद्ध धारा 325 भादवि के तहत अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी अनंतलाल को धारा 325 भादवि के तहत अपराध में दो वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 हजार रुपये अर्थदड से दंडित किये। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी कपिल कुमार डहेरिया के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री रीता यादव द्वारा की गई थी।

## दो दिनों से हुई लगातार बारिश के बाद वर्षा का स्तर हुआ डाउन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले में बीते दो दिनों में हुई लगातार वर्षा के बाद अब वर्षा का स्तर कम होने लगा है। 01 जून से 12 सितम्बर 2024 तक बालाघाट जिले में 1157.5 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 901.8 मि.मी.वर्षा रिकार्ड की गई थी। गुरुवार सुबह 8 बजे तक जिले में 1.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई हैं। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447.4 मि.मी. है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 घंटे में केवल बिरसा तहसील में 2 मि.मी एवं परसवा ?1 में 16 मि.मी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार बीते 24 घंटे में बालाघाट जिले में 1.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 1.9 मि.मी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

## जंगली सूअर के हमले में कृषक घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भमोड़ी में घास काटने खेत गए एक कृषक जंगली सूअर के हमले में घायल हो गया। घायल कृषक महेंद्र पिता उम्मेद पारधी 25 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र पारधी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 12 सितंबर को 1 बजे करीब महेंद्र पारधी अपने घर के मवेशियों के लिए घास लाने अपने खेत गए थे और अपने खेत में पार से जाते समय अचानक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले में महेंद्र पारधी का दाहिना पैर जख्मी हो गया और वे पार से नीचे बंधी मे गिर गये और जंगली सुअर पार से सीधे भाग गया । जिसके बाद महेन्द्र पारधी ने बंधी से निकल कर अपने भाई को फोन करके बुलाये। घर आने के बाद महेंद्र पारधी को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

## बाढ़ उतरने और बारिश बन्द होने के बाद सर्वे व व्यवस्थाएं सुचारू करने पर प्रशासन की प्राथमिकता

### कलेक्टर ने गूगल मीट के माध्यम से आगे की रूपरेखा राजस्व अधिकारियों को बताई, पेयजल, स्वास्थ्य और जर्जर भवनों पर निगरानी करने की हिदायत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना ने गुरुवार को समस्त राजस्व अधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से आगे की रूपरेखा पर तत्परता से कार्य करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अब बारिश बन्द है और बाढ़ का पानी भी निकल चुका है। कई स्थल खाली हो गए है। ये समय सर्वे करने का सबसे उपयुक्त समय है, शीघ्रता से सर्वे का कार्य पूर्ण कराएं। एक-एक खेत में खेतों के भीतर भी जाकर देखें। प्रभावितों की आपत्तियों को सुने, उनकी व्यथा जानें। वही गांवो में जर्जर व गिरे निजी भवन व मकानों का आंकलन करें। उन्होंने प्राकृतिक आपदा के प्रकरण बनाकर जल्द ही आर्थिक सहायता देने पर फोकस हो जाये। कलेक्टर श्री मीना ने तहसीलदारों से उनके क्षेत्र में बंद मार्गो के सम्बंध में सड़कों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही सड़क व पुल निर्माण से जुड़े विभागों को भी क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश दिए है। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में गूगल मीट के माध्यम से अनुभागों के समस्त एसडीएम व सभागृह में एडीएम जीएस धुर्वे, एसडीएम गोपाल सोनी व एसएलआर श्रीमती स्मिता देशमुख मौजूद रही।

### हर एक पेयजल स्त्रोत का क्लोरीनेशन व ठहरे पानी मे ब्लीचिंग पॉवडर का छिड़काव जरूरी

कलेक्टर श्री मीना ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि बाढ़ का पानी निकल चुका है। बारिश भी थम गई है। इसलिए अब ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना बड़ी जिम्मेदारी है। पीएचई व पंचायतों के साथ मिलकर इस कार्य को भी प्राथमिकता देंगे। सभी जल स्त्रोतों का अच्छे से क्लोरीनेशन कराएंगे। साथ ही जहां पानी का ठहराव है या गंदगी फैली हो या सम्भावनाये है वहा अनिवार्य रूप से ब्लीचिंग पॉवडर से छिड़काव करेंगे। इसके अलावा जो स्कूल जर्जर भवनों में संचालित हो रहें है, उन पर विशेष ध्यान देंगे। विभाग से संबंधित जानकारी रखे। निजी भवन व मकानों पर भी निगरानी रखेंगे। नागरिकों को जोखिम में नहीं डालना है।

### विसर्जन स्थल और जुलूस यात्रा के लिए भी अलर्ट रहें

आगामी समय में कई त्यौहार मनाए जाने है। श्रीगणेश विसर्जन भी जिले में कई स्थलों पर होना है। कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व अधिकारियों को ऐतिहात बरतने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थलों व यात्रा जुलूस आदि के लिए एनडीआरएफ, होमगार्ड और हेल्थ विभाग की मौजूदगी सुनिश्चित करेंगे। ऐसे स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर लेंगे।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलदारों का कोर्ट तीन दिन हो

कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व अधिकारियों के साथ कि राजस्व समीक्षा बैठक में राजस्व कार्यो की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए है कि इकेवायसी, नक्शा तरमीम के कार्य निरंतर प्रक्रिया है। यह कार्य रुके नहीं। साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए उन्होंने तहसीलदारों को प्रत्येक सप्ताह में 3-3 दिन राजस्व न्यायालय में प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्वामित्व योजना में ग्राउंड ट्रुथिंग और वनाधिकार अधिनियम में सामुदायिक अधिकार के संबंध में भी निर्देशित किया है।

## अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह ने अज्ञात फरार आरोपी पर ईनामी राशि की घोषणा की है। थाना तिरोड़ी अंतर्गत 2 जून 24 को करीब 12 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने पर धारा 137(2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। अपहृता की दस्तयाबी एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये जाने पर भी कोई पतासाजी नही हो पायी है। आरोपी की सूचना लिखित या मौखिक रूप से बताने वाले व्यक्ति को एसपी नागेंद्र सिंह द्वारा 3 हजार रुपये की घोषित इनामी राशि प्रदान की जाएगी। सूचना लिखित, मौखिक अथवा दूरभाष न. 07632-210021, 241800, 7587605598 पर बतायी जा सकती है।

## तिरोडी के खांदी टोला में वन विभाग ने की कार्रवाई

# बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन की चिरान और लट्ठे जब्त

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। वन विभाग की टीम ने तिरोड़ी के खांदी टोला में बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन की चिरान और लट्ठों को जब्त करने की कार्रवाई की है. 11 सितंबर की देर शाम वन विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया. वहीं 12 सितंबर को प्रेस नोट जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी है. पूरी कार्रवाई को मुख्य वन संरक्षक ए.पी.एस. सेंगर, संलग्न अधिकारी गणेश कुमार उइके के निर्देशन और उप वनमंडल अधिकारी धमेन्द्र बिसेन के दिशा-निर्देश पर वनवृत बालाघाट के उड़नदस्ता टीम और तिरोड़ी सर्किल की वन विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से अंजाम दिया है. परिक्षेत्र सहायक तिरोड़ी ओ.पी. जगने के मुताबिक तिरोड़ी के खांदीटोला में मुखबिर की सूचना पर जावेद पिता हफीस खान के निर्माणाधीन घर में दबिश दी गई. जहां से बेशकीमती इमारती लकड़ी सागौन प्रजाति की कुल 15 नग चिरान और 10 लट्ठे बरामद किए गए. घर से 12 नगर बढ़ईगिरी के औजार की भी जब्ती की गई. वन विभाग की टीम ने आरोपी के विरुद्ध वन अपराध पंजीबद्ध कर लिए है. इस पूरी कार्रवाई में बालाघाट उड़नदस्ता

प्रभारी वनक्षेत्रपाल शिशुपाल गनवीर, कार्यवाहक वनपाल राकेश कुमार सनोडिया, दिलीप पालेवार, नरेंद्र कुमार शेन्डे, तिलक सिंह राहंगडाले, सौरभ यादव वनरक्षक, शंभू यादव और तिरोड़ी सर्किल के उपवन क्षेत्रपाल ओ.पी.जगने, वनरक्षक सोहेल खान, अंकित बानेवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै उमेश कुमार दौना पिता श्री भागवत ग्राम कनारी, पोस्ट खुरसरा, थाना-उगली, तहसील केवलारी, जिला-सिवनी (म.प्र.) का निवासी हुँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरे नाम का उल्लेख उमेश दौना पिता श्री भागवत दर्ज हो गया है, जबकि मेरे समस्त शालेय, शासकीय, अशासकीय अभिलेखों मे मेरा नाम उमेश कुमार दौना पिता श्री भागवत ही उल्लेखित है लिहाजा सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा सही नाम उमेश कुमार दौना पिता श्री भागवत का उल्लेश किया जाये एवं इसी नाम से मुझे जाना-पहचाना जाये।

वास्ते सूचनार्थ-

**उमेश कुमार दौना**
**पिता श्री भागवत**
**ग्राम कनारी, पोस्ट खुरसरा,**
**थाना-उगली, तहसील केवलारी,**
**जिला-सिवनी (म.प्र.)**

### नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै वर्षा बिसेन पति श्री रजनीकांत बिसेन, वार्ड नं. 24 शक्ति नगर बालाघाट, तह + जिला बालाघाट (म.प्र.) की निवासी हुँ। यह कि विवाह पूर्व मेरा नाम कु. वर्षा राहंगडाले पिता श्री टेकचंद राहंगडाले था, और यही नाम मेरे समस्त शालेय एवं शैक्षणिक अभिलेखों मे दर्ज है, अब चूंकि विवाह के पश्चात् मेरा नाम परिवर्तित हो गया है लिहाजा सूचित किया जाता है कि अब से मुझे मेरे बदले हुये नाम से ही जाना-पहचाना जाये एवं मेरे समस्त शासकीय अशासकीय अभिलेखों मे मेरे इसी नये, परिवर्तत नाम का ही उल्लेख किया जाये।

वास्ते सूचनार्थ

**वर्षा बिसेन**
**पति श्री रजनीकांत बिसेन**
**वार्ड नं. 24, शक्ति नगर बालाघाट**
**तह + जिला बालाघाट (म.प्र.)**

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# न्यायालयीन आदेश पर जर्जर जायसवाल भवन को गिराने नपा ने की कार्यवाही

## शहर में और पांच जर्जर भवन को नगर पालिका ने किया चिन्हित, जल्द ही किया जायेगा उन्हें जमींदोज

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ ) हनुमान चौक स्थित जायसवाल भवन को तोड़ने की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू की गई जिसमें बीते दिनों 70 प्रतिशत जायसवाल भवन के जर्जर भाग को जमींदोज कर दिया गया था, तो वहीं कुछ न्यायालयीन आदेश के बाद बीते कुछ दिनों से बाकी भवन के भाग को गिराने की प्रक्रिया रुकी हुई थी जिसे नगर पालिका द्वारा पुनः न्यायालय के आदेश के बाद तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है और यदि कुछ भाग आज बच जाता है तो उसे दूसरे दिन पूरी तरह गिराने की प्रक्रिया नगर पालिका द्वारा पूर्ण की जाएगी, वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया है कि और शहर के पांच जर्जर भवन को चिन्हित किया गया है जिन्हें भी जल्द नगर पालिका द्वारा गिराने की कार्रवाई की जाएगी।**

आपको बता दे कि सागर की घटना के बाद जिला प्रशासन की टीम द्वारा शहर में जर्जर हुए भवन को चिन्हित कर उन्हें गिराने का कार्य किया जा रहा था जिसमें प्रशासन द्वारा शहर की सात बिल्डिंगों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया था कि वह या तो स्वतः ही अपने जर्जर भवनों को गिरा ले नहीं तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए जर्जर भवन को जमींदोज किया जाएगा और जब प्रशासन के नोटिस से भी काम नहीं बना तो स्वयं नगर पालिका और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सबसे पहले साईं मंदिर स्थित एक जर्जर भवन को गिराया गया था एवं 10 अगस्त से ही हनुमान चौक स्थित जायसवाल भवन को गिराने के लिए नोटिस जारी कर यहां संचालित होने वाली दुकान और रहने वाले लोगों को भवन खाली करने के निर्देश दे दिए गए थे, किंतु बहुत से दुकानदार अपनी दुकान खाली करना नहीं चाह रहे थे तो वही कुछ दुकानदार न्यायालय की शरण भी ले रहे थे, किंतु नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सतत जर्जर भवन को देखते हुए जमींदोज करने की कार्रवाई की जा रही थी और पहले 11 अगस्त को अंतिम समय दुकानदारों और यहां रहने वाले लोगों को दिया गया था कि वह अपना सामान खाली कर भवन को अपने हिसाब से गिरा ले, लेकिन जब उसके बाद भी बात नहीं बनी तो जिला प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा जेसीबी और पोकलेन मशीन लगाकर 12 अगस्त को जायसवाल भवन की जर्जर दीवारों को तोड़ने का कार्य शुरू किया गया और नगर पालिका द्वारा जर्जर हुए भवन के 70 प्रतिशत भाग को गिरा दिया गया था तभी जायसवाल भवन में संचालित होने वाले पवन होटल के संचालक द्वारा न्यायालय से स्टे आर्डर लाया गया इसके बाद नगर पालिका द्वारा कुछ दिनों तक जर्जर भवन को न्यायालय के आदेश को देखते हुए कार्रवाई रोक दी गई थी , किंतु पुनः 12 सितंबर को न्यायालय के आदेश के बाद जर्जर

भवन के भाग को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### कुछ घंटे रोका गया काम

जर्जर भवन को तोड़ने की कार्रवाई 1 बजे से शुरू कर दी गई थी जो लगभग 2 घंटे भवन को तोड़ने के बाद रोक दी गई जिसके पीछे कारण बताया जा रहा था कि जायसवाल भवन के टैक्स को लेकर नगर पालिका द्वारा टैक्स पटाने की बात कही गई किंतु टैक्स नहीं पटाने के कारण काम रोककर टैक्स पटाने को कहा जाने लगा पर जब हमने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से इस विषय को लेकर चर्चा की तो बताया गया कि सामने से काम रोककर पीछे की दीवार गिराने का कार्य शुरू किया गया है हालांकि उन्हें टैक्स पटाने को भी कहा गया था, किंतु जर्जर भवन को तोड़ा जाएगा किसी ने जरूर काम बंद करने की अफवाह फैलाई होगी।

### भवन तोड़ते समय यातायात हुआ बाधित

जैसे ही नगर पालिका का अमला जर्जर भवन के कुछ हिस्से को तोड़ने हनुमान चौक पहुंचा उस समय पोकलेन मशीन को ट्रक से उतारा जा रहा था जिस कारण तीनों ओर से यातायात को रोक दिया गया एवं अचानक यातायात को रोकने की वजह से जाने आने वाले लोगों को परेशानी हुई जिसमें कुछ लोग नगर पालिका के कर्मचारियों पर अपना गुस्सा उतारते हुए भी देखे गए उनका कहना था कि यदि मार्ग बंद करना है तो उन्हें दूर से मार्ग को स्टापर लगाकर रोकना चाहिए अचानक चौक के पास आकर मार्ग बंद कर देंगे तो वह कैसे वाहन पलटाएंगे इसकी व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा की जानी चाहिए थी।

### कोर्ट के आदेश के बाद भवन के हिस्से को गिराया जा रहा है - निशांत श्रीवास्तव

मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव द्वारा पद्येश न्यूज़ से चर्चा के दौरान बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद जर्जर हुए भवन को तोड़ने की कार्रवाई नगर पालिका के द्वारा की जा रही थी जिसमें बीते दिनों एक दुकान के संचालक द्वारा स्टे आर्डर ला लिया गया था जिसे देखते हुए नगर पालिका ने काम बंद कर दिया था अब पुनः कोर्ट के आदेश के बाद जर्जर हुए भवन के हिस्से को गिराया जा रहा है एवं शहर में और पांच जर्जर हुए भवन और मकान को चिन्हित किया गया है जिन्हें भी जल्द नगर पालिका की टीम द्वारा गिराने की कार्रवाई की जाएगी हालांकि जर्जर भवन पूरा आज नहीं गिराया गया तो कल भी यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

### जायसवाल भवन पर है नपा का 13 लाख रूपये का टैक्स

जर्जर भवन के कुछ हिस्से को तोड़ने पहुंची नगर पालिका की टीम लगभग 2 घंटे भवन को तोड़ने के बाद पोकलेन मशीन को बंद कर दी गई और जैसे ही काम बंद हुआ तो सभी लोग यह कहने लगे कि अभी तो पूरा भवन गिरा ही नहीं तो फिर नगर पालिका ने भवन को तोड़ने की कार्रवाई क्यों रोक दी इसके बाद सूत्रों से यह जानकारी मिल रही है कि जायसवाल भवन पर नगर पालिका का 13 लाख रूपये का टैक्स है जिसे नगर पालिका द्वारा टैक्स पटाया जाने की बात कही जा रही है और जब टैक्स नहीं पटाया गया तो नगर पालिका द्वारा भवन को तोड़ने की कार्रवाई को रोक दिया गया है, हालांकि इस विषय पर कोई भी नगर पालिका का अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहा है अब मामले में क्या सत्यता है यह तो आने वाला समय ही बयायेगा, हालांकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि जर्जर भवन को वह पूरा ही गिराएंगे पर इस समय नगर पालिका द्वारा जर्जर भवन को तोड़ने की कार्रवाई रोक दी गई है।

# जिला न्यायाधीश व सचिव ने किया बालाघाट जेल का निरीक्षण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के निर्देशन में गुरुवार को जिला न्यायाधीश व सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने जिला जेल बालाघाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल के समस्त वार्डों में निरूद्ध बंदियों से चर्चा की तथा जेल में पेयजल व्यवस्था, बंदियों की भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही बंदियों के लिए उपलब्ध चिकित्सीय सुविधा एवं जेल में उपलब्ध दवाईयों तथा वीडियों कान्फ्रेंसिंग सुविधा के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जेल में शौचालय एवं स्नानगृह में स्वच्छता आदि के संबंध में जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इसके अतिरिक्त जिन बंदियों के प्रकरण में निःशुल्क विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त नहीं है एवं जिन बंदियों की अपील नहीं हुई है। ऐसे प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए संबंधित जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

## शराब के नशे में युवक ने किया यूरिया का सेवन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम अमेड़ा में इसी ग्राम के एक युवक अभिषेक पिता श्यामलाल बिरनवार 22 वर्ष ने शराब की नशे में यूरिया खाद का सेवन कर लिया ।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक बिरनवार मजदूरी करता है। 11 सितंबर को अभिषेक बिरनवार शराब के नशे में किसी से बात कर रहा था ।इसके बाद उसने घर जाकर खेत में छिड़काव करने वाली यूरिया खाद का सेवन कर लिया। यूरिया खाद का सेवन करने के बाद अभिषेक बिरनवार उल्टी करने लगा जिसे उसके पड़ोसी रवि लिल्हारे ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

# विषयवार शिक्षक की मांग को लेकर नपा. स्कूल के बच्चों ने सी एम ओ से की मुलाकात

## मूलभूत सुविधा सहित विषयवार शिक्षकों की कमी से जूझ रहे नपा. स्कूल के बच्चे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के लगभग 15 से 20 छात्रों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा करते हुए बताया गया कि उनके स्कूल में मूलभूत सुविधा सहित विषयवार शिक्षक की कमी है एवं एक शिक्षक उन्हें भूगोल विषय पढ़ाते हैं जिन्हें वह स्कूल में रख ले क्योंकि उनके स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दे की महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के लगभग 15 से 20 छात्रों द्वारा 12 सितंबर को दोपहर 12 बजे नगर पालिका पहुंचकर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से स्कूल में मूलभूत समस्या सहित विषयवार शिक्षक नहीं होने की समस्या से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया गया और बताया गया कि उनके स्कूल में विषय के अनुसार शिक्षक नहीं है एवं स्कूल में शौचालय साफ सफाई सहित अनेक समस्याएं बनी हुई है जिसे काफी दिनों से वह परेशान है एवं एक विषयवार शिक्षक उनके स्कूल में भूगोल विषय पढ़ाते हैं जिन्हें नगर पालिका द्वारा अतिथि शिक्षक के रूप में रखा जाए अभी वह निशुल्क रूप से स्कूल में बच्चों को सेवाएं दे रहे हैं किंतु वह कभी भी आना बंद कर सकते हैं इसलिए वह चाहते हैं कि नगर पालिका महात्मा गांधी

नगर पालिका स्कूल को संचालित करता है इसलिए वह उक्त शिक्षक को अतिथि के रूप में स्कूल में रख ले।

### स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं है- तोसीफ खान

तोसीफ खान बताते हैं कि उनके स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं है इससे उन्हें अध्ययन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जबकि स्कूल में एक शिक्षक काफी दिनों से निशुल्क उन्हें पढ़ा रहे हैं किंतु वह भी अब अधिक दिन तक उन्हें नहीं पढ़ाएंगे और वह कभी भी बंद हो सकते हैं इसलिए वह यह चाहते हैं कि उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में नगर पालिका द्वारा स्कूल में रख लिया जाए।

### स्कूल में मूलभूत सुविधाओं की कमी है - सतीश पाल

सतीश पाल बताते हैं कि उनके स्कूल में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सफाई का भी अभाव है स्कूल के शौचालय एवं अन्य साफ-सफाई बिल्कुल भी नहीं होती वह चाहते हैं कि स्कूल में साफ सफाई बनी रहे एवं कक्षाओं की भी नगर पालिका स्कूल में कमी है इन सब व्यवस्थाओं पर संबंधित विभाग को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### स्कूल में विषयवार शिक्षक की कमी है - शैलेश राहंगडाले

महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के प्राचार्य शैलेश राहंगडाले द्वारा बताया गया कि उन्हें भी पता है कि स्कूल में विषयवार शिक्षक की कमी है और इसके लिए उन्होंने नगर पालिका को शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले ही डिमांड भेज दी थी और कहा था कि शासन के नियम अनुसार पोर्टल के माध्यम से विषयवार शिक्षक भर्ती किया जाए, किंतु नगर पालिका द्वारा पुराने ही अतिथि शिक्षकों को रख लिया गया, जिसमें अब विषयवार शिक्षकों की कमी छात्र-छात्राओं को खल रही है एवं एक क्लश्स्त का प्रशिक्षण लेने वाला शिक्षक बीते कुछ दिनों से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहा है पर वह अधिक समय तक निशुल्क शिक्षा नहीं देगा इसलिए बच्चे चाहते हैं कि उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में स्कूल में लिया जाए पर यह कार्य नगर पालिका परिषद का है वह ही इस करेगी एवं स्कूल में मूलभूत समस्याओं की कमी है पहले नगर पालिका द्वारा एक कर्मचारी साफ सफाई के लिए दिया गया था , किंतु अब तीन से चार दिनों या सप्ताह में एक बार स्कूल की साफ सफाई व शौचालय साफ किया जाता है इसलिए स्कूल में साफ सफाई को लेकर समस्या बनी हुई है एवं स्कूल में कक्षाओं की भी कमी है जहां एक हाल में दो-दो कक्षाओं का संचालन करना पड़ रहा है क्योंकि यह सभी व्यवस्था नगर पालिका को बनाना है इसलिए उन्होंने पत्राचार भी किया है।

# निजी कंपनी में कार्य करने गये युवक का मानसिक संतुलन बिगड़ा

## परिजनों ने संबंधित कंपनी से की मुआवजे की मांग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत डोंगरिया के एक व्यक्ति का 24 वर्षीय बेटा काम करने के लिए उत्तर प्रदेश मिर्जापुर गया था जहां 1 से 2 वर्ष कार्य करने के बाद युवक का मानसिक संतुलन बिगड़ गया जिसे मार्केटिंग कार्य करने वाली कंपनी ने एक सिवनी क्षेत्र के युवक के साथ बालाघाट भिजवा दिया, जहां युवक के परिजन की मांग है कि युवक को ठीक कर कंपनी के द्वारा उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। आपको बता दे कि जिले के बहुत से युवा अपनी योग्यता अनुसार बाहर निजी कंपनियों में कार्य करने जाते हैं इसी प्रकार जिला मुख्यालय से कुछ ही दुरी पर स्थित ग्राम पंचायत डोंगरिया का निवासी पंचम पिता मोदी लाल बरकडे उम्र 24 वर्ष जो कि आज से 2 वर्ष पहले मिर्जापुर उत्तर प्रदेश काम करने गया हुआ था वहां कुछ महीने काम करने के बाद वह वहां से कोरबा चले गया जहां वह एक निजी कंपनी में मार्केटिंग का कार्य करता था कार्य के दौरान पंचम का मानसिक संतुलन बिगड़ गया और ऐसी

स्थिति में निजी कंपनी द्वारा सिवनी के एक युवक आनंद उयके के साथ 10 और 11 सितंबर की रात्रि को पंचम को बालाघाट भिजवा दिया गया जबकि यहां माता-पिता पंचम को तलाश कर रहे थे, कि उनका बेटा आखिर कहां है क्योंकि जिस समय पंचम का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था उसे समय के बाद पंचम द्वारा अपने परिजनों से संपर्क नहीं किया गया था इसलिए उस समय घर के परिजन काफी चिंतित थे और जब 11 सितंबर की रात्रि उन्हें जानकारी लगी की पंचम अपने साथी के साथ बालाघाट आ रहा है तब वह बालाघाट पहुंचे तब उन्होंने देखा की पंचम और उनका साथी पैसे नहीं होने के कारण पैदल ही गांव आ रहे थे, जबकि मानसिक संतुलन बिगड़ने की स्थिति में पंचम द्वारा ट्रेन से कूदा भी गया था एवं परिजन कह रहे थे, कि पंचम को उसके साथी द्वारा ही धकेल दिया गया होगा हालांकि घटना क्या है यह तो हमें भी नहीं पता पर वही अब पंचम के परिजन संबंधित कंपनी से मुआवजे की मांग कर रहे हैं क्योंकि पंचम द्वारा बीते दो वर्षों से जो कार्य किया गया था उसका भी कोई हिसाब नहीं है और अभी पंचम का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है जिसके लिए भी पैसा परिजनों को लगेगा इसलिए वह चाहते हैं कि संबंधित कंपनी पंचम के इलाज का खर्चा उठाएं।

### कंपनी को मुआवजा दिया जाना चाहिए - शुभम उयके

शुभम उयके द्वारा बताया गया कि उन्हें भी पंचम के परिजनों द्वारा फोन कर बुलाया गया था और जब वह पहुंचे तो उन्होंने देखा की पंचम ट्रेन से गिरने की वजह से चोटिल हैं एवं उससे कंपनी के एक साथी के साथ मानसिक संतुलन बिगड़ने पर घर भेजा गया है किंतु उसके द्वारा किए गए काम का एक भी उसके पास पैसा नहीं है एवं वह भी चाहते हैं कि उसके इस हाल के उपचार के लिए संबंधित कंपनी को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# पहले खड़ी जेसीबी वाहन को किया सीज फिर निकाल लिए उसके महत्वपूर्ण पार्ट्स

## पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से फायनेंस कंपनी के एजेंट व मैनेजर की शिकायत की , कार्यवाही की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। निर्माण कार्य में पर्प खराब होने के चलते खड़ी जेसीबी वाहन को वाहन के मालिक को सूचना दिए बिना ही एक फायनेंस कंपनी के लोगों ने पहले तो जेसीबी को सीज कर लिया और फिर जब मालिक जेसीबी को छुड़ाने गया तो उसे पता चला कि सीज की गई जेसीबी के महत्वपूर्ण पार्टस निकाल कर उसके साथ धोखाधड़ी कर ली गई है। इस मामले में पीड़ित जेसीबी मालिक ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर फायनेंस कंपनी वारासिवनी ब्रांच के मैनेजर व एजेंटों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग कर निकाले गए पार्टस को वापस दिलाकर उसे न्याय दिलाने की मांग की हैं।

### 2021 में कराया था फायनेंस

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान जेसीबी वाहन के मालिक पवन कुमार पिता भागवंत चौड़े ग्राम बिरसोला लालबर्रा निवासी ने बताया कि उसके द्वारा एक फायनेंस कंपनी वारासिवनी से अगस्त 2021 में एक जेसीबी वाहन फायनेंस कराया गया था। जिसका क्रमांक एमपी 22 डीए 0264 है। जिसकी नियमित किस्त भी प्रतिमाह जमा कर रहा था लेकिन बीच में कुछ किस्तों को आर्थिक समस्या के चलते वह जमा नहीं कर पाया था। जिसके चलते किस्त जमा करने पर विलंब हुआ। इस बीच 10 अगस्त 2024 को जेसीबी को हट्टा के मानागढ़ में कार्य के लिए ले जाया गया था। यहां पर जेसीबी का पंप खराब होने पर पंप को खोलकर बालाघाट बनवाने लाया गया था। यहां 12 अगस्त को बिना सूचना दिए ही जेसीबी को सीज कर फायनेंस कंपनी की शाखा वारासिवनी के एजेंटों द्वारा टोचर कर सीजिंग यार्ड कनकी ले जाया गया। जिसके बाद वाहन को छुड़ाने व किस्त जमा करने के लिए जब वे यार्ड कनकी गए वाहन को देखा तो पता चला कि महत्वपूर्ण पार्टस गायब कर दिए गए है। जिनकी अनुमानित कीमत साढ़े पांच लाख के आसपास है। उन्होंने बताया कि पार्टस गायब होने पर जब वह फायनेंस शाखा के ब्रांच गया तो वहां के मैनेजर द्वारा कहा गया कि आपसे जो बनता है वो कर लो। उन्होंने बताया कि इस प्रकार से जेसीबी के महत्वपूर्ण पार्टस गायब कर मुझे आर्थिक नुकसान पहुंचाकर धोखाधड़ी की गई है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा हट्टा थाना लालबर्रा थाना पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक से की गई हैं। उन्होंने इस मामले में ज्ञापन सौंपते हुए फाइनेंस कंपनी के मैनेजर व कर्मचारियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें इंसाफ दिलाने और जेबीसी से निकाले गए महत्वपूर्ण पार्ट्स को वापस किए जाने की गुहार लगाई है।

## पल्सर मोटरसाइकिल की ठोकर से साइकिल सवार छात्रा घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। वारासिवनी रोड आईजी बंगले के सामने पल्सर मोटरसाइकिल साइकल सवार छात्रा को ठोस मार कर फरार हो गई। पल्सर मोटरसाइकिल की ठोकर से घायल छात्रा लारासिह पिता अशोक मड़ावी15 वर्ष रेंजर कालेज कॉलोनी निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लारा सिंह मड़ावी नगर के अपाला एकेडमी में पढ़ने के लिए आती है। 11 सितंबर की रात्रि 8 बजे लारा सिंह अपाला एकेडमी से साइकिल में अपने घर रेंजर कॉलेज कॉलोनी जा रही थी। तभी वारासिवनी रोड आईजी बंगले के सामने किसी पुलिस कर्मचारी ने अपनी पल्सर मोटरसाइकिल तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लारासिंह की साइकिल को पीछे से ठोस मार दी और फरार हो गया। पल्सर मोटरसाइकिल की ठोकर से छात्रा लारासिंह मड़ावी घायल हो गई। खबर मिलते ही उनके पिता अशोक मड़ावी तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपनी बेटी लारा सिंह मरावी को जिला अस्पताल लाकर इलाज करवाये। जिला अस्पताल पुलिस ने अशोक मड़ावी का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली बालाघाट भिजवा दी है।

## माइंस कर्मचारी की संदिग्ध स्थिति में मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। अचानक तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल लाते समय एक माइंस कर्मचारी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतक गोपीचंद पिता दागोजी फूलोके 54 वर्ष भरवेली निवासी है। जिसका शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपीचंद भरवेली में परिवार सहित रहता था और माइंस में काम करता था। 12 सितंबर को 4 बजे करीब गोपीचंद सामान खरीदने के लिए भरवेली चौक तरफ आया था तभी अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। खबर मिलते ही परिवार के लोग आए और माइंस की एंबुलेंस से गोपीचंद को जिला अस्पताल लाये। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिये। गोपीचंद की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक गोपीचंद का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया है। जिसका पोस्टमार्टम 13 सितंबर को किया जाएगा।

# निर्माण नहीं होने से तेज बारिश में टूटकर बहा क्षतिग्रस्त पुलिया

## आधा दर्जन ग्रामों का टूटा संपर्क, आवागमन में हो रही परेशानी, नवीन पुलिया का निर्माण करवाने की मांग, मामला - सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग के नाले पर बना पुलिया का

**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ६ किमी. दूर ग्राम पंचायत सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग के बीच नाले पर बना पुलिया पिछले वर्ष हुई तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो चुका था परन्तु प्रशासन के द्वारा पक्का निर्माण न करवाते हुए पंचायत के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कच्चा मरम्मत कार्य करवाया गया था। जिससे ग्रामीण व राहगीर आवागमन करते थे और प्रशासन से क्षतिग्रस्त पुलिया का पक्का निर्माण करवाने की मांग की गई थी परन्तु एक साल बीत जाने के बाद भी पक्का निर्माण नही करवाया गया और प्रशासन की उदासीनता के चलते गत दिवस हुई तेज बारिश एवं नाले में बाढ़ आने से पुलिया पुनः क्षतिग्रस्त (टूटकर) बह चुका है। पुलिया टुटकर बह जाने से इस मार्ग से आने-जाने वाले आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का रमपुरी एवं सिहोरा से संपर्क टूट चुका है। साथ ही आवागमन भी बाधित हो चुका है। साथ ही ग्रामीण, राहगीर एवं किसानों को अधिक दुरी तय कर लालबर्रा मुख्यालय आना पड़ रहा है और सबसे अधिक परेशानी किसानों को रही है क्योंकि रमपुरी की ओर सिहोरा एवं सिहोरा की ओर रमपुरी के किसानों की खेती है परन्तु पुलिया बह जाने से किसानों को खेतों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है।**

जिससे उनकी फसल भी प्रभावित हो रही है और नाले में पानी कम होने पर कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नाला पार करते है। जिससे बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण एवं राहगीरों ने जल्द सिहोरा एवं रमपुरी के बीच स्थित नाले पर नवीन पुलिया का निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### पुलिया बह जाने से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग के बीच से नाला गुजरा है परन्तु नाले के बीच में पुलिया नही होने के कारण पूर्व में आने-जाने वाले लोगों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या से निजात दिलवाने के लिए मंडी निधि से विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से सड़क निर्माण के साथ ही नाले के ऊपर पुलिया का निर्माण किया गया था। जिससे ग्रामीणजन व राहगीर आवागमन करते थे परन्तु पुलिया का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण पिछले वर्ष हुई तेज बारिश व नाले में बाढ़ आने से पुलिया, रिटैनिंग वॉल क्षतिग्रस्त हो चुकी थी यानि की एक साइड से पुल बह गया था। ऐसी स्थिति में एक-दुसरे ग्रामों के ग्रामीणजनों का संपर्क टूट गया था और आने-जाने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद पंचायत के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिस स्थान से पुलिया टुटकर बह गया था उस स्थान पर कच्चा मरम्मत कार्य करवाया गया था और प्रशासन से जल्द नवीन पुलिया का निर्माण किये जाने की मांग की गई थी परन्तु पुलिया क्षतिग्रस्त हुए एक साल बीत जाने के बाद भी नवीन पुलिया का निर्माण नही करवाया गया एवं कच्चा मरम्मत कार्य होने के कारण विगत दिवस हुई तेज बारिश एवं नाले में बाढ़ आने से पुलिया पुनः क्षतिग्रस्त होकर टूटकर बह चुका है। जिससे आधा दर्जन ग्रामों का सिहोरा व रमपुरी से संपर्क टूट चुका है और आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया टूटकर बह जाने से सबसे अधिक परेशानी किसानों एवं स्कूल के बच्चों को हो रही है। साथ ही पुलिया टूट जाने से हो रही परेशानियों से ग्रामीणजनों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को अवगत करवा चुके है परन्तु उक्त समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजन एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है और जल्द नवीन पुलिया का गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने की मांग की है।

### आवागमन में हो रही परेशानी - बिसनलाल

बिशनलाल मानेश्वर ने बताया कि एक वर्ष पूर्व तेज बारिश एवं नाले में बाढ़ आने से पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुका था उसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मिट्टी डालकर कच्चा मरम्मत कार्य करवाया गया था। जिसके बाद पुलिया से आवागमन शुरू हो गया था परन्तु गत दिवस हुई तेज बारिश एवं नाले में पुनः बाढ़ आने से पुलिया टुटकर बह गया है। जिससे आवागमन पुरी तरह से बाधित हो चुका है और अधिक दुरी तय कर आना-जाना करना पड़ रहा है। श्री मानेश्वर ने बताया कि पुलिया का मरम्मत कार्य करवाना संभव नही है, नवीन पुलिया का निर्माण होना चाहिए और पुलिया के साथ ही खेत का भी कटाव हुआ है जिससे किसानों का भी नुकसान हुआ है इसलिए दोनों साइड में रिटर्निंग वॉल भी बनना चाहिए।

### दुर्घटना की बनी हुई है संभावना - देवराम

देवराम हल्लोमारे ने बताया कि सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग स्थित नाले पर लाखों रूपयों की लागत से मंडी निधि से पुलिया का निर्माण किया गया था परन्तु गत दिवस हुई तेज बारिश में पुलिया क्षतिग्रस्त होने के साथ ही टूटकर बह गया है और एक वर्ष से क्षतिग्रस्त पुलिया का पक्का निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की जा रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि प्रशासन के द्वारा पुलिया क्षतिग्रस्त है, आवागमन बंद है उसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से बेरिगेट व कोई संकेतक बोर्ड नही लगाये गये है अगर कोई रात्रि के समय अंधेरे में आता है और उसे पुलिया टूट चुका है उसकी जानकारी नही है तो उसके साथ हादसे घटित हो सकते है। श्री हल्लोमारे ने बताया कि पुलिया टुट जाने से सबसे अधिक परेशानी किसानों एवं स्कूली बच्चों को रही है और अधिक दुरी तय कर आना-जाना करना पड़ रहा है।

### पुलिया का जल्द निर्माण करवाये प्रशासन - दयाराम

दयाराम हल्लोमारे ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने से दो ग्रामों का संपर्क टूट चुका है और इस मार्ग से दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणजन आना-जाना करते थे परन्तु अब उन्हे घुमकर लालबर्रा मुख्यालय जाना पड़ रहा है। जबकि यह लालबर्रा जाने का सीधा मार्ग था, अब पोंडी पुल की ओर से जाना पड़ रहा है परन्तु उक्त मार्ग से बड़े वाहनों के आवाजाही एवं सड़क खराब होने से दुर्घटना घटित होने का डर बना रहता है। साथ ही यह भी बताया कि पुलिया के टुट जाने से खेत जाने में भी परेशानी होती है, पहले पुलिया बना हुआ था जो रोज खेत घुमने जाते थे परन्तु अब सप्ताह में जाना होता है जिससे खेत की देख-रेख भी बराबर नही हो पा रही है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि सिहोरा से रमपुरी पहुंच मार्ग स्थित नाले में नवीन पुलिया का जल्द निर्माण करवाये।

## तेज बारिश से मकान का सराव हुआ धराशायी

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया निवासी सावनलाल गाते के मकान का सराव तेज बारिश में गत दिवस धराशायी हो चुका है जिससे हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया निवासी सावनलाल गाते के मकान के साथ ही सराव भी बना हुआ है जिसमें वे मवेशी बांधते थे परन्तु गत दिवस हुई झमाझम बारिश में मकान का सराव भर-भराकर क्षतिग्रस्त होने के साथ ही धराशायी हो चुका है परन्तु उस समय उक्त स्थान पर अगर कोई रहते तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था। मकान का सराव धराशायी होने से मकान मालिक को काफी नुकसान हुआ है जिन्होने प्रशासन से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

## थाने में डीजे संचालकों की हुई बैठक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थाना परिसर में गत दिवस डीजे संचालकों की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक थाना प्रभारी हेमंत नायक एवं डीजे संचालकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में डीजे संचालकों को शासन की गाईडलाईन के अनुसार डीजे का संचालन करने, डीजे बजाने के लिए परमिशन लेने, समय का विशेष ध्यान रखने, तेज ध्वनि में न बजाने, यातायात व्यवस्था बाधित न करे सहित अन्य जानकारी देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही शासन की गाईडलाईन का पालन नही करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिस पर डीजे संचालकों ने कहा कि शासन के गाइडलाईन का पालन करते हुए डीजे का संचालन करेगें। इस अवसर पर क्षेत्र के डीजे संचालक एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सेवा सहकारी समिति के प्रबंधकों ने वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी नहीं करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। खरीदी एजेंसी म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बालाघाट एवं परिवहनकर्ता द्वारा समय पर परिवहन न करने, परिवहनकर्ता द्वारा परिवहन के दौरान धान की चोरी करने, ग्रेडर द्वारा गोदाम में जानबुझ कर धान रिजेक्ट करने, कमी की राशि समिति कर्मचारियों से वसूली करने, एजेंसी द्वारा एग्रीमेंट समय पर न करने एवं एग्रीमेंट के आधार पर परिवहन न करने सहित अन्य परेशानियों के कारण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा के अन्तर्गत आने वाले ९ सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों द्वारा वर्ष २०२४-२५ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य नही करने का निर्णय लेते हुए गत दिवस कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा अंतर्गत आने वाली वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति लालबर्रा, सेवा सहकारी समिति घोटी, मिरेगांव, साल्हे ला., मोहगांव ध., नेवरगांव ला., जाम, सिहोरा और कंजई को वर्ष २०२४-२५ में पंजीयन केंद्र और खरीदी केंद्र नही बनाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष धान की खरीदी करते हैं जिसमे समिति कर्मचारियों को धान खरीदी प्रभारी बना कर शासन के मापदंड के अनुसार खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जाता है। चूंकि शासन के द्वारा या अधिकृत एजेन्सी के द्वारा समिति के साथ न तो खरीदी के पूर्व एग्रीमेन्ट किया जाता है एवं न तो एग्रीमेन्ट में दिये नियम शर्तों का पालन किया जाता है। शासन द्वारा या एजेन्सी द्वारा ७२ घंटो के अंदर खरीदी की गई धान का समिति से परिवहन नहीं किया जाता परन्तु समिति में १५ दिनों तक एवं एक माह तक खरीदी गई धान समिति के खरीदी प्रांगण में डम्प रखी रहती है। जिससे परिवहन के अभाव में धान में सुखद की स्थिति बनती हैं। असमय मौसम खराब होने से पानी गिरने से कुछ धान के बोरो में नीचे नमी आने से बारदाना एवं धान खराब हो जाती है। जिसका खामियाजा भी समिति कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। आगे यह भी उल्लेख किया गया है कि समितियों में धान खरीदी प्रारंभ तो हो जाती है किन्तु एजेंसी द्वारा परिवहनकर्ता नियुक्त ही नहीं हो पाता एवं समय पर परिवहन नहीं होता, बाद में परिवहन के दौरान ट्रक-ड्रायवर, हमाल द्वारा प्रथम धर्मकाटा पहुँचने के पूर्व ही रास्ते में धान के बोरे ट्रक से उतारकर बिक्री कर दिया जाता है जो समिति कर्मचारियों द्वारा बोरे बेचते रंगे हाथ पकडा गया है एवं पुलिस थाना लालबर्रा में एफआईआर दर्ज भी की गई है जिसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। एजेंसी के गोदाम में धान जाने पर ग्रेडर द्वारा जानबूझकर धान को रिजेक्ट कर दिया जाता है एवं धान पास करने के १० से २० हजार रूपये की मांग समिति के कर्मचारियों से की जाती है। जिसके संबंध में रूपयों का लेन देन का आडियो एवं विडियों भी ऐजेंसी को प्रस्तुत किया गया, पेपरबाजी हुई पर शासन प्रशासन द्वारा उक्त ग्रेडर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। सिर्फ समिति कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया कि उक्त कर्मचारियों को हटा देगें पर नहीं हटाया गया। जिससे उक्त कर्मचारियों द्वारा जानबूझकर दुर्भावनावश धान के ट्रक के ट्रक रिजेक्ट किये एवं धान अपग्रेशन करने के नाम पर रुपये लेकर धान पास किया गया। धान खरीदी के दौरान शासन प्रशासन पुरा दबाव संस्था खरीदी प्रभारी एवं कर्मचारियों पर रहता है लेकिन परिवहनकर्ता एवं गोदाम प्रभारी ग्रेडर पर कोई अंकुश नहीं रहता जिससे वो मनमानी करता है एवं समिति कर्मचारियों को परेशान करता हैं। साथ ही समितियों के पास कोई बड़ा गोदाम या टीनशेड का खरीदी प्रांगण नहीं है जो धान खरीदी जाती है वह खुले आसमान के नीचे होती है, कभी-कभी मौसम खराब होता है तो अचानक पानी गिरने लगता है, परिवहन के अभाव में संस्था खरीदी प्रागंण में २०, ५०, ७० हजार तक बोरे डम्प रहते है जो एक मात त्रिपाल के भरोसे रहता है जो हवा तुफान में भी उड़ जाती है उसके लिए भी संस्था कर्मचारी जिम्मेदार रहता है। संस्था के कर्मचारी समिति के लिए धान की खरीदी करता है जो खरीदी उपरांत कमीशन की राशि संस्था को मिलती है जब लाभ की राशि संस्था को प्राप्त होती है तो नुकसान या हानि की राशि भी संस्था को वहन करना चाहिए चुंकि विगत वर्षों से देखा जा रहा है। उपायुक्त सहकारिता बालाघाट एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट द्वारा पत्र निकाल कर कमी की राशि समिति कर्मचारियों से जबरन वसूली की जाती है जो गलत है। जबकि सारी परिस्थितियों से जिले के अधिकारी भी अवगत रहते है फिर भी समिति में दैनिक वेतन कलेक्टर दर पर कार्य कर रहे संस्थागत कर्मचारियों एवं प्रबंधकों को निशाना बना कर वसूली का दबाव बना कर जबरन राशि वसूली की कार्यवाही की जाती है एवं राशि वसूली जाती है। शासन द्वारा प्रतिवर्ष धान खरीदी की अवधि कम की जाती है जिससे कम समय में धान खरीदी करने का पूरा प्रेशर समिति कर्मचारियों पर रहता है एवं खरीदी केन्द्र में जगह का अभाव होने से अफरा तफरी का माहौल रहता है जिसमे किसानो के साथ वाद विवाद होते रहता है। विपणन संघ के द्वारा धान खरीदी हेतु पुराने सिंगल उपयोग के बारदाने मिलर्स से खरीदी केन्द्रों को प्रदाय करने आदेशित किया जाता है चूंकि मिलर्स के द्वारा खरीदी केन्द्रों को अनेको बार उपयोग किए हुए फटे पुराने थिगड़ा लगाये हुए बोरे प्रदाय किया जाता है जिससे भी खरीदी के दौरान एवं परिवहन के दौरान बोरो से धान गिरने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ९ सेवा सहकारी समिति के द्वारा वर्ष २०२४-२५ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी नही करने का निर्णय लिया गया है और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पंजीयन एवं खरीदी केन्द्र न बनाये जाने की मांग की है।

### वर्ष २०२४-२५ में नही करेगें धान खरीदी - लिल्हारे

चर्चा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित लालबर्रा पर्यवेक्षक, जाम प्रबंधक डीके लिल्हारे ने बताया शासन के निर्देशानुसार पूर्व से समितियों के द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य करते आ रहे है परन्तु परिवहनकर्ता द्वारा समय पर परिवहन न करने, परिवहनकर्ता द्वारा परिवहन के दौरान धान की चोरी करने, ग्रेडर द्वारा गोदाम में जानबुझकर धान रिजेक्ट करने, कमी की राशि समिति कर्मचारियों से वसूली करने, एजेंसी द्वारा एग्रीमेंट समय पर न करने एवं एग्रीमेंट के आधार पर परिवहन न करने के कारण धान खरीदी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त समस्या से परेशान होकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले ९ सेवा सहकारी समितियों के द्वारा वर्ष २०२४-२५ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य नही करने का निर्णय लिया गया है। श्री लिल्हारे ने बताया कि गत दिवस कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अंतर्गत आने वाले ९ सेवा सहकारी समितियों को वर्ष २०२४-२५ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने के लिए पंजीयन एवं

# अमोली में ब्लाक स्तरीय ग्रुप डांस प्रतियोगिता 15 को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली के माता मंदिर में नवयुवक गणेश उत्सव समिति के द्वारा गत दिवस भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित कर गणेशोत्सव पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही इस १० दिवसीय पर्व के दौरान विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है एवं १५ सितंबर को रात ९ बजे से जय बजरंग सेवा दल समिति अमोली के द्वारा ब्लाक स्तरीय ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चर्चा में नवयुवक गणेश उत्सव समिति अमोली के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता मंदिर में प्रथम पुज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित कर १० दिवसीय गणेशोत्सव पर्व भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही सुबह एवं रात ८ बजे आरती की जाती है जिसमें ग्रामीणजन शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है और प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आगे बताया कि १३ सितंबर को बोरा दौड़, हास्य व्यंग प्रतियोगिता, १४ सितंबर को कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ प्रतियोगिता, १५ सितंबर को रात ९ बजे से ब्लाक स्तरीय ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार ५५५५ रूपये, द्वितीय पुरस्कार ४४४४ रूपये, तृतीय पुरस्कार ३३३३ रूपये एवं प्रवेश शुल्क ३०१ रूपये निर्धारित किया गया है। १६ सितंबर को हवन-पूजन, महाभंडारा, ईनाम वितरण एवं १७ सितंबर को दोपहर २ बजे भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील नवयुवक गणेश उत्सव समिति अमोली अध्यक्ष सुभाष मानेश्वर, उपाध्यक्ष ब्रजेश यादव, कोषाध्यक्ष मनोज पंचेश्वर, सचिव सचिन कुर्वे, सहसचिव जितेन्द्र पंचेश्वर, सदस्यगण दिनेश यादव, बालकरण पंचेश्वर, यशवंत पंचेश्वर, खुमानसिंह ठाकरे, जितु वैद्य, श्यामू यादव, ओमकार खैरवार, अजय बांगरे, लक्ष्मण खैरवार, संतोष यादव, दिलीप पंचेश्वर, अमित पंचेश्वर, अनिल खरे, लकेश पंचेश्वर, बस्तराम माले, किशोर सराटे, अनिल मानेश्वर, दिनेश पंचेश्वर, राजा कावरे, प्रकाश यादव, सचिन यादव, रामकिशोर पंचेश्वर, आशुतोष मानेश्वर, हरिश पंचेश्वर, तरूण पंचेश्वर, विजय यादव, प्रवीण पशीने, दिनेश फाये, मुकेश अवधिया, विजय रजक, सुनील डोमड़े, योगेश यादव, श्यामू अवधिया, अमन अवधिया, जीतू फाये, महेन्द्र पंचेश्वर, राजेश सराटे, कंकर अवधिया, सुधांसु कुर्वे, राजा पंचेश्वर, सौर्य कुर्वे, संदीप पंचेश्वर, रोहित पंचेश्वर, अंकित पंचेश्वर, सुमित पंचेश्वर, नीरज पंचेश्वर, निलेश पंचेश्वर, राजकुमार मरठे, शुभम यादव, योगेश सोनी, दुर्गेश माले, धरम अवधिया, संजू अवधिया, सुजल घाटे, सुमित घाटे, चंदू बसेने, अमन बसेने, प्रिंस अवधिया, विकास पंचेश्वर सहित ग्रामीणजनों ने की है।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग जर्जर: राहगीर हो रहे परेशान

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर बारिश में जगह जगह से सड़क उखड़ गया है। जहां पर स्थाई मरम्मत की दरकार बनी हुई है। क्योंकि उक्त मार्ग से आवागमन कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभाग के द्वारा गड्ढो में मिट्टी और गिट्टी डाल दी गई है । ऐसे में गिट्टी रोड़ पर बिखरी पड़ी है जो आवागमन कर रहे लोगों के लिए समस्या बनी हुई है। जबकि बारिश के पूर्व ही जगह जगह मरम्मत कार्य किया गया था उसके बाद फिर स्थिति यथावत बनी हुई है। ऐसे में रहागीरो सहित नगरवासियों के द्वारा सड़क निर्माण एवं हर बार किये जाने वाले मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। क्योंकि मार्ग पर जो गिट्टी बिखरी पड़ी हुई है वहां दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।**

## डाली हुई गिट्टी दुर्घटना को दे रही आमंत्रण

बीते कुछ वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष बहुत ज्यादा बारिश हुई है जिसके कारण रोड़ कुछ जगह से उखड़ गई है। जिसमें बड़े गड्ढो को विभाग के द्वारा मिट्टी और गिट्टी से भर दिया गया है। उक्त स्थान पर जो सड़क उखड़ने से गिट्टी फैल गई है उसे एकत्रित नहीं किया गया है। जो रोड़ पर फैली पड़ी है जिस पर से बड़े वाहन तो नहीं मगर छोटे वाहन के आने जाने में पंचर या स्लिप होने का डर बना हुआ है। वह लोग मजबूरी में सचेत होकर आना जाना करना पड़ रहा है। तो वहीं छोटे वाहन चालक जैसे कार जिप्सी वेन भी वाहन को उक्त स्थान की थोड़ी दूरी से बिना साइड देखे ले जा रहे हैं। जहां पर मोटर साइकिल साइकिल या पैदल चल रहे लोगों को काफी समस्या हो रही है जहां पर दुर्घटना की प्रबल संभावना है।

## पानी जमा होने से उखड़ रही रोड़

सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा मार्ग का निर्माण किया गया है जिसमें कुछ स्थानों पर नाली का निर्माण कर दिया गया है। परंतु कुछ स्थानों पर रोड़ के दोनों तरफनाली नहीं बनाई गई है ऐसे में पानी मार्ग पर ही जमा हो रहा है। तो वहीं मार्ग के कुछ स्थानों पर ढलान नाली की ओर नही होकर बीच में बना हुआ है ऐसे में पानी जमा होने से और भारी वाहनों के आने जाने से भी रोड़ उखड़ रही है। ऐसे में दिन में तो सब दिख जाता है परंतु रात्रि के समय समस्या होती है । क्योंकि लोगों के द्वारा तेज रफ्तार में आना जाना किया जाता है रात्रि में स्पष्ट सड़क नहीं दिख पाती है। ऐसे में कई बार गढ़े में जाने से वाहन भी अनियंत्रित हो जाते हैं।

## व्यस्ततम मार्ग है लालबर्रा रोड़

वर्तमान में बालाघाट रोड़ ओवरब्रिज निर्माण के कारण बंद कर दिया गया है ऐसे में लालबर्रा रोड़ का अधिकतम उपयोग किया जा रहा है। क्योंकि ट्रैफिक डायवर्ट इसी मार्ग से गायत्री मंदिर के सामने से किया गया है । जिस कारण से बालाघाट और लालबर्रा दोनों मार्ग के वाहन इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में नगर के कुछ स्थानों पर रेलवे क्रॉसिंग के पास डिवाइडर के अंतिम छोर में और मध्य में इस प्रकार विभिन्न जगहों से रोड़ उखड़ गया है। जबकि यह मार्ग सीधा महानगरों से जोड़ता है जबलपुर और भोपाल के लिए लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं जो २४ घंटे चलता रहता है ऐसे में यातायात इस मार्ग पर बहुत बढ़ गया है।

## बारिश की वजह से हुई रोड़ खराब-वामेन्द्र पटले

ग्रामीण वामेंद्र पटले ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि वह पिपरिया लालबर्रा के रहने वाले हैं। इस मार्ग से वह

वारासिवनी मुख्यालय अपने कार्यों के लिए आना जाना करते हैं। जिसमें कुछ स्थानों पर रोड़ अच्छा है परंतु कुछ स्थानों पर रोड़ उखड़ गया है। जहां पर रोड़ की गिट्टी फैली पड़ी है सतर्क होकर मोटरसाइकिल हमें चलना पड़ता है वरना स्लिप होने का डर बना रहता है। रात्रि में यह समझ नहीं आता है कि उस समय वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर कई सड़क हादसे होते रहते हैं। कई बार गड्ढा कूदने से या मोटरसाइकिल स्लिप हो जाती है यह रेत, गिट्टी सड़क पर पड़ी होने से स्लिप हो जाती है। अभी नगर मुख्यालय की रोड़ पर भी तीन चार जगह बहुत ज्यादा रोड उखड़ गया है। ऐसे में वहां भी समस्या हो रही है। जिस पर विभाग को गंभीरता से ध्यान देते हुए मरम्मत कार्य करना चाहिए।

## सड़क पर पानी जमा होने पर रोड़ हो रही खराब-हरि क्षीरसागर

नगरवासी हरि क्षीरसागर ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि यह वारासिवनी से लालबर्रा मार्ग है जो नगर को महानगरों से जोड़ता है और अति व्यस्ततम मार्ग है। जिस पर से लोग भोपाल ,जबलपुर और इंदौर के लिए रोजाना आना जाना करते हैं छोटे बड़े सभी प्रकार के वहां इस मार्ग से चलते हैं। यह एक राज्य मार्ग है जिस पर यातायात बढ़ चुका है इस मार्ग का निर्माण जिस कंपनी के द्वारा किया गया था। उन्होंने मार्ग की गुणवत्ता पर कार्य नहीं किया और ना ही नाली पर विशेष ध्यान दिया है। जिसके कारण कई स्थानों पर नाली नहीं है ऐसे में सड़क पर पानी जमा होता है और रोड़ उखड़ रही है। अभी कुछ दिनों पहले ही

हमारा साथी सड़क हादसे से बचा है इस मार्ग पर समस्या बनी हुई है जिसका निराकरण विभाग को करना चाहिये।

# ऑक्सीजन गणेश स्थापित कर पर्यावरण के प्रति फैलाई जा रही जागरूक

## वारा के वार्ड नंबर ९ में आराधना जारी

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर सहित क्षेत्र में गणेश उत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें गणेश उत्सव के माध्यम से कुछ नया करने और विभिन्न संदेश देने का कार्य समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नंबर ९ साई मंदिर के पास में ऑक्सीजन गणेश की स्थापना कर लोगों को

पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जहां पर आकर्षक रूप से पंडाल तैयार किया गया है जिसमें भगवान गणेश की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जहां पर लोग भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर में लकड़ी से निर्मित ऑक्सीजन गणेश की स्थापना कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया था। इसी तर्ज पर ग्राम वारा की गणेश उत्सव समिति वार्ड नंबर ९ के द्वारा ऑक्सीजन गणेश की प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है। जिसका निर्माण वारासिवनी के कलाकारों के द्वारा मिट्टी से किया गया है जिसे नागपुर के ऑक्सीजन गणेश का रूप दिया गया है। जिसे समिति वालों के द्वारा पंडाल के अंदर पहाड़ नदिया झरने पक्षी पेड़ पौधे बनाकर आकर्षक पंडाल निर्मित किया गया है। जिसके मध्य में भगवान गणेश की स्थापना की गई है जो आसपास के क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहां लोग ऑक्सीजन गणेश के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे है। पद्मेश से चर्चा में समिति सदस्य लोकेश हिवारे ने बताया कि वारा के वार्ड नंबर ९ साई मंदिर के पास में ७ सितंबर को भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की गई है। हमारे द्वारा ऑक्सीजन गणेश की स्थापना करने का उद्देश्य यह है कि लोग प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक हो अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें । ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी समस्या है जिसे केवल पौधारोपण वृक्षारोपण से ही हराया जा सकता है। जिसके लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। श्री हिवारे ने बताया कि स्थापना के बाद से लगातार आराधना की जा रही है । इस दौरान भजन कीर्तन जैसे विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं अंत में हवन पूजन एवं भंडारे के साथ गणेश उत्सव का समापन किया जाएगा।

# खैरी नाले में पलटा ट्रक, बड़ा हादसा टला

## पानी के तेज बहाव को पार करते समय हुई घटना

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। जिले में बीते दो दिन पहले हुए बारिश तो थम गई हैं लेकिन नदी नाले आज भी उफान पर हैं जो अब शांत होते नजर आ रहे है। इसी कड़ी में खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खैरी से तिरोडा मार्ग पर स्थित खैरी नाले के उफान में १२ सितंबर को नाला क्रॉस कर रहा एक ट्रक पानी के तेज बहाव में पलट गया। यह ट्रक खाली था जो तिरोड़ा महाराष्ट्र की तरफ जा रहा था। जिसने पुलिस की समझाईस को अनसुना कर पानी में ट्रक उतार दिया जिससे यह हादसा घटित हो गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया वहीं किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

## यह है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में हुई बारिश से सभी नदी नाले उफान पर थे ऐसे में खैरी का नाला भी उफान पर था। तभी रोड़ के दोनों तरफ पुलिस के द्वारा आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था जहां पर लंबी लाइन छोटे बड़े वाहनों की लगी हुई थी। वहीं कुछ वाहनों ने दूसरे रास्ते का उपयोग कर रहे थे तो कुछ लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ऐसे में १२ सितंबर की सुबह खैरी नाले का उफान कम होने लगा जिस पर लोगों ने आवागमन करना प्रारंभ कर दिया। जिस पर पुलिस के द्वारा वाहनों को समझाइए दी गई और रोकने का प्रयास किया गया । परंतु उक्त वाहन चालको ने अनसुना करते हुए रोड़ पार करना प्रारंभ कर दिया। जहाँ सड़क पर करीब २ से ३ फिट पानी का तेज बहाव हैं । उसी तेज बहाव पानी को पार करते वक्त एक खाली ट्रक बहते हुए नाले में पलट गया। देखने वालों ने ट्रक की लाईव विडियो बनाया ट्रक पलटते ही चिक पुकार मच गई और ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े। जिन्होंने ट्रक चालक जो ट्रक में फस गया था उसे बड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला जो ट्रक खाली था वह महाराष्ट्र की ओर जाना बताया जा रहा है। इस प्रकार की लापरवाही से एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता था किंतु अच्छा रहा कि यह ट्रक नाले में पलट गया।

## दूसरी बार बाढ़ के बने हालात

बता दें कि भींमगढ़ बांध के गेट खोलने से अत्यधिक बारिश से वैनगंगा नदी का जल स्तर बड़ गया है । जिससे नदी किनारे बसे गांव में इस बार की बारिश में दूसरी बार बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। जिला प्रशासन के द्वारा बाढ़ इलाको में अलर्ट जारी रखा है। बावजूद इसके वाहन चालक जान जोखिम में डाल कर नदी नाले पार कर रहें हैं। वह खुद के साथ दुसरो की जिंदगी से समझौता करने में किसी प्रकार का कुरेज नही कर रहे है। जिन पर पुलिस प्रशासन को कार्यवाही करने की जागरूक नागरिक मांग कर रहे है।

## खैरलांजी पुलिस ने ट्रक चालक पर किया अपराध कायम

खैरी नाले पर पानी के तेज बहाव में ट्रक को पुलिस की समझाइस को अनसुनी कर ले जाते हुए सुबह १० बजे पलटा दिया गया था। जिसमें खैरलांजी पुलिस के द्वारा ट्रक क्रमांक सीजी ०४ एलएक्स ९२८७ के चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा २८१ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा १८४ के तहत खैरी नाले पर बाढ़ का पानी होने के बाद भी पुलिस की बातों को अनसुना कर उफन रहे नाले में खैरी से अर्जुनी की तरफ जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी ०४ एलएक्स ९२८७ के अज्ञात चालक के द्वारा नाले में ट्रक को पलटा दिया गया। इसी के साथ लोगों की जान को खतरे में डालने का अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है फिलहाल मामले में ट्रक चालक अज्ञात है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

# कमला नेहरू स्कूल में सभी विद्यार्थियों के एक साथ बैठने बनेगा हाल - जायसवाल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। शासकीय कमला नेहरू उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, प्राचार्य कुंजीलाल चौहान, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती पटले, सोनू जायसवाल, संतोष आडे, गीता टेंभरे,प्रवीण भालाधरे,ललिता बोपचे, अन्नपूर्णा मेश्राम, ममता बिरनवार,शंकुतला सैयाम,सुरेश सेन्द्रे की मौजूदगी में कार्यक्रम का प्रांरभ किया गया। इस दौरान खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली छात्राओं के सम्मान के साथ पौधारोपण का भी किया गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि मानव जीवन में कभी कभी क्रोध का आना भी उचित होता है। जनहित में या जनमानस के कल्याण के लिये सही समय में कभी कभी क्रोधित होना मेरी नजर में कही से भी गलत नही है। जैसे धर्म की रक्षा के लिये श्रीकृष्ण को क्रोध आया था। पिछली बार इसी विद्यालय में आगमन पर हमने ७० लाख की राशि से विधालय में पांच बडे बडे कमरे का निर्माण कराया है। कार्य पूर्ण होने पर जिसे हम अब आज विद्यालय परिवार और विधार्थीयो को समर्पित कर रहे है। अब हम पूरे ५१७ छात्राओं के एक साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिये विशाल हाल बनाने का वादा करते है। श्री जायसवाल ने कहा की कार्यक्रम में आज भले ही सांकेतिक रूप से स्वच्छता अभियान के महत्व को बताया जा रहा है किंतू हम सभी को इसे बेहद गंभीरता से लेना है। शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक, खेलकूद सहित अन्य गतिविधियो में भी हम अपनी प्रतिभा को बढाकर जीवन में सफलता को हासिल कर सकते है। विद्यालय के द्वारा की गयी मांग को हमे यह भी सदैव याद रखना चाहिये की जनहित व परहित में किया गया कार्य स्वार्थ से परे ही नजर आता है। सन १९६६ में निर्मित इस विद्यालय में हमने सन २०१८ में केबिनेट मंत्री रहते हुये ७० लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात दी थी। अब हम विधालय की मांग पर एक बहूत बडे हाल व शिक्षा अध्धयन के लिये अन्य कमरो के लिये राशि की व्यवस्था कराने जा रहे है। कार्यक्रम के पश्चात प्रदीप जायसवाल ने विद्यालय का भ्रमण कर व्यावसायिक शिक्षा जैसे अनेको विषयो की जानकारी हासिल कर विद्यालयीन बच्चो से लंबे समय तक चर्चा कर विधालय में अन्य सुविधा के संदर्भ में भी नितिगत निर्णय लिया है।

# विश्व साक्षरता दिवस का हुआ आयोजन

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। जनपद शिक्षा केन्द्र वारासिवनी अन्तर्गत ग्राम पुनी में शासकीय प्राथमिक शाला में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विश्व सावरता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम म.प्र शासन के निर्देशानुसार बीआरसी सतेन्द्र शरणागत के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। जिसमें १५ वर्ष से ऊपर के नागरिक जिन्हे समझ के साथ अक्षर ज्ञान तथा संख्या ज्ञान का बोध नहीं है। उन्हें शासकीय शालाओं के शिक्षकों के द्वारा चिन्हित कर एनआई एलपी पर पंजीकृत किया गया । साक्षर साथियों के माध्यम से असाक्षरों को सामाजिक चेतना केन्द्र पर पढ़ाने का कार्य किया जाता है। पूर्व में विकासखंड के चार हजार असाक्षरों को साक्षर किया जा चुका है। इस अवसर पर उपस्थित

जनो के द्वारा आगामी २२ सितम्बर २०२४ को आयोजित होने वाली साक्षर भारत मूल्यांकन परीक्षा में अधिक से अधिक असाक्षरों को शामिल कराने की अपील की है।

# नवगठित लोक लेखा समिति

बीते एक दशक से सामान्य बहुमत से ज्यादा सीटों के साथ संसद पर काबिज केंद्र सरकार ने संसदीय जिम्मेदारी की सार्थकता से लगातार कन्नी काटती रही। हालांकि, अब गठबंधन के साथ बीजेपी केंद्र की सत्ता में है और काफी हद तक उसकी निर्भरता अपने सहयोगी दलों के ऊपर है। साथ ही, विपक्ष भी पहले के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। बदले हुए हालात ने कार्यपालिका के काम-काज पर संसदीय निगहबानी का एक अवसर तैयार किया है। ताजा-ताजा गठित हुई लोक लेखा समिति (पीएसी) की सक्रिय शुरुआत इसकी बानगी है। इसने 2 सितंबर को अपने कार्यकाल के दौरान विचार-विमर्श के लिए चुने गए 161 विषयों की सूची जारी की, जिसमें से ज्यादातर विषय सीएजी की रिपोर्ट पर आधारित हैं। पैनल ने पांच विषयों को स्वतः संज्ञान लेते हुए चुना है- बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में सुधार, केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा, ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव के लिए चल रहे नीतिगत उपाय, संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामक निकायों के प्रदर्शन की समीक्षा और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और अन्य सार्वजनिक उपयोगिताओं पर शुल्क, टैरिफ, उपयोगकर्ता शुल्क की वसूली और विनियमन। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली पीएसी ने उस नियम का इस्तेमाल किया है जिसमें यह साफ तौर पर बताया गया है कि इसके काम-काज का दायरा 'खर्च की औपचारिकता से परे, इसकी बुद्धिमत्ता, निष्ठा और मितव्ययिता' तक जा सकता है। इस नियम का इस्तेमाल कभी-कभार ही हुआ है और हुआ भी है तो अक्सर राजनीतिक मुद्दा बनाने के लिए। हालांकि, पीएसी ने जो विषय चुने हैं उनके भी राजनीतिक निहितार्थ हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि इन विषयों से जनहित का बड़ा मुद्दा जुड़ा हुआ है।

इस संवैधानिक समिति की मूल कल्पना यही है कि देश के वित्त को भारतीय संसद नियंत्रित करती है। कोई भी कर कानून पारित करके ही लगाया जा सकता है। सरकार को अपने सभी खर्चों के लिए विनियोग विधेयक पेश करके संसद से पहले ही मंजूरी लेनी होती है। सीएजी एक संवैधानिक निकाय है, जो सरकार के सभी विभागों के वित्तीय कामकाज की जांच और उसकी ऑडिट करता है। इसकी सभी रिपोर्ट पीएसी को भेजी जाती है, जो सबसे पुराने और सबसे महत्वपूर्ण संसदीय पैनलों में से एक है। अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर डालने वाले लोगों और योजनाओं को चुनने के सरकारी तौर-तरीकों पर हाल के वर्षों में 'क्रोनी कैपटलिज्म' के कई गंभीर आरोप लगे हैं। सरकार ने किसी की अध्यक्ष माधवी पी. बुच और सात भारतीय हवाई अड्डों को नियंत्रित करने वाले अदाणी समूह के खिलाफ लगे गंभीर आरोपों की जांच करने से इनकार कर दिया। सरकारी बैंकों और नियामक संस्थाओं को कई सवालों के जवाब देने हैं। भाजपा पहले ही इन मुद्दों पर किसी भी तरह की पीएसी जांच का विरोध कर चुकी है। कुल 22-सदस्यीय पीएसी में बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए के 13 और कांग्रेस के चार समेत विपक्ष के कुल नौ सांसद शामिल हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के बहुमत की वजह से इस समिति की मुखर मुद्रा कमजोर पड़ सकती है। पीएसी और विभागों से जुड़ी स्थायी समितियों को खुद को संसदीय प्राधिकरण के तौर देखना चाहिए और जनता के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही को लागू करने के लिए अपनी भूमिका पर जोर देना चाहिए। फिलहाल तो विभाग संबंधित कई स्थायी समितियों का बनना भी बाकी है।

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है।

पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है। हरियाणा में पहलवानों की सबसे अधिक संख्या और कुश्ती में एक मजबूत परंपरा होने के बावजूद, समर्थन की कथित कमी पर चिंता है। खेलो इंडिया पहल में, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है, गुजरात को सबसे अधिक बजट आवंटित किया गया, जिससे हरियाणा के खेल समुदाय में असंतोष पैदा हुआ। यह मुद्दा राज्य में एथलीटों के लिए संसाधनों और समर्थन के वितरण में कथित असंतुलन को उजागर करता है। इन स्थितियों में विनेश और बजरंग पहलवान के कांग्रेस में शामिल होने का पार्टी को लाभ मिलेगा। हरियाणा चुनाव में उठाये जा रहे मुद्दों पर गौर करे तो ये संकेत भाजपा के लिये संकट का कारण बन रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार हरियाणा के चुनावों में लड़ाई कई दलों के लिये आरपार की है। 'अभी नही तो कभी नहीं'- हरियाणा का सिंहासन छूने के लिये सबके हाथों में खुजली आ रही है। इसमें हरियाणा के मतदाता की जागरूकता, संकल्प एवं विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगा।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)**

**-ललित गर्ग**

# कालचक्र का बदलता स्वरूप- अमेरिका में लगातार बिगड़ती आर्थिक और सामाजिक स्थिति

विश्व में कई गतिविधियां एक चक्र के रूप में चलती रहती है। एक कालखंड के पश्चात चक्र कभी नीचे की ओर जाता है एवं एक अन्य कालखंड के पश्चात यह चक्र कभी ऊपर की ओर जाता हुए दिखाई देता है। विदेशी व्यापार के मामले में वर्ष 1750 तक पूरे विश्व में भारत की तूती बोलती रही है, परंतु इसके पश्चात यूरोपीयन देशों ने विस्तारवादी नीतियों के चलते अपने आर्थिक हित साधते हुए विभिन्न देशों पर अपना कब्जा जमा लिया। ब्रिटेन, फ्रांस, डच जैसे देशों ने एशियाई देशों एवं कुछ अफ्रीकी भू भाग पर पर अपना कब्जा जमाया तो स्पेन आदि देशों ने अमेरिकी महाद्वीप पर अपना कब्जा जमाया। समय के साथ चक्र कुछ इस प्रकार चला कि वर्ष 1950 आते आते अमेरिका पूरे विश्व में सबसे अमीर देशों की श्रेणी में शामिल हो गया और ब्रिटेन, जिसके बारे में कभी कहा जाता था कि ब्रिटेन की महारानी के राज्यों में सूरज कभी डूबता नहीं है, का आर्थिक दृष्टि से ढलान शुरू हो गया और आज ब्रिटेन के आर्थिक एवं सामाजिक ढांचे की स्थिति हम सभी के सामने है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था हाल ही में पूरे विश्व में छठे स्थान पर पहुंच गई है तथा अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी के पश्चात भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जबकि वर्ष 1750 के पश्चात जब ब्रिटेन ने भारत पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया था उसके बाद भारत की स्थिति यहां तक बिगड़ी थी कि पूरी विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत के विदेश व्यापार की हिस्सेदारी वर्ष 1750 के 32 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1947 में 3 प्रतिशत के नीचे आ गई थी। परंतु, एक बार फिर कालचक्र अपना रंग दिखाता हुआ नजर आ रहा है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ ही वहां का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न होता हुआ दिखाई दे रहा है।

दरअसल, अमेरिका ने पूंजीवादी नीतियों को अपनाकर अपने नागरिकों में केवल आर्थिक उन्नति को ही विकास के एकमात्र मार्ग के रूप में चुना था, इससे वहां के नागरिकों में किसी भी प्रकार से धन अर्जन करने की प्रवृत्ति विकसित हुई एवं सामाजिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ताना बाना छिन्न भिन्न हो गया। परिवार व्यवस्था समाप्त हो गई जिसका परिणाम आज हमारे सामने हैं कि आज अमेरिका में नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना, मेडीकेयर योजना, मेडीकैड योजना, प्रौढ़ नागरिकों को सुविधाएं एवं केंद्र (फेडरल) सरकार के कर्मचारियों को अदा की जा रही पेंशन, आदि योजनाएं सरकार द्वारा नागरिकों के हितार्थ अमेरिका में चलानी पड़ रही हैं। इन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि का लाभ करोड़ों अमेरिकी नागरिक प्रतिवर्ष उठा रहे हैं। यह राशि अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है। सुरक्षा की मद पर भी अमेरिका द्वारा 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च प्रतिवर्ष किया जाता है। बेरोजगारी बीमा लाभ योजना पर भी भारी भरकम राशि अमेरिकी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष खर्च की जाती है। अमेरिका में सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसके कारण इस मद पर व्यय की जाने वाली राशि में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है, साथ ही लगातार बढ़ रहा सुरक्षा खर्च, स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय की लगातार बढ़ रही राशि के बीच वर्तमान में कर की दरों में वृद्धि नहीं करने के कारण बजटीय घाटे पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इकोनोमिक रिपोर्ट आफ द प्रेजीडेंट के अनुसार अमेरिका में वर्ष 2000 में 23,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट आधिक्य था जो वर्ष 2001 में घटकर 12,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया। परंतु, वर्ष 2002 में एक बार जो 15,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बजट घाटा प्रारम्भ हुआ तो इसके बाद से वह बढ़ता ही गया है। वर्ष 2009 में तो बजट घाटा बढ़कर 141,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, वर्ष 2010 में 129,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2011 में 130,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2012 में 108,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं वर्ष 2020 में 313,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2021 में 277,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं वर्ष 2022 में 188,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है।

अमेरिका में प्रति परिवार वास्तविक औसत आय वर्ष 1973 में (वर्ष 2015 में डॉलर की कीमत पर) 50,000 अमेरिकी डॉलर थी। अमेरिका के लगभग आधे परिवारों की वास्तविक औसत आय 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक थी एवं शेष आधे परिवारों की 50,000 अमेरिकी डॉलर से कम थी, जिससे आय की असमानता आज की तुलना में कम दिखाई देती थी। वर्ष 1973 से वर्ष 2015 तक अमेरिका में उत्पादकता में 115 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि परिवारों की औसत आय (मुद्रा स्फीति के समायोजन के बाद) केवल 11 प्रतिशत ही बढ़ी है। यह भी, इस बीच, अमेरिकी महिलाओं को भारी मात्रा में प्रदान किए गए रोजगार के अवसरों के चलते सम्भव हो पाया है। इस प्रकार, मुद्रा स्फीति के समायोजन के पश्चात, अमेरिका में वर्ष 1973 के पश्चात औसत आय में वृद्धि नगण्य ही रही है। वर्ष 1973 से वर्ष 2007 के बीच अमेरिकी मध्यवर्गीय परिवारों ने उपभोग पर औसत खर्च को दुगने से भी अधिक कर दिया है। जिसके कारण इन परिवारों की बचत दर 10 प्रतिशत से घट कर 2 प्रतिशत हो गई है। बल्कि कई परिवारों को तो अपने मकानों पर ऋण लेकर एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेकर भी काम चलाना पड़ रहा हैं।

जोसेफ शूम्पटर के अनुसार अमेरिका में कार ने घोड़ा गाड़ी को खत्म कर दिया एवं कम्प्यूटर ने टाइपराइटर को खत्म कर दिया। इसे 卐रचनात्मक विनाश卐 (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन) का नाम दिया गया, क्योंकि इससे उत्पादकता का स्तर बढ़ा था, परंतु रोजगार के लाखों अवसर समाप्त हो गए थे। अमेरिका में आज 5 में से 4 रोजगार के अवसर, सेवा क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं, जहां तुलनात्मक रूप से आय कम है। कृषि एवं उद्योग (विनिर्माण सहित) क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बहुत कम मात्रा में उपलब्ध हो पा रहे हैं।

60 वर्ष पूर्व तक अमेरिका विदेशी व्यापार के मामले में आत्मनिर्भर था। अमेरिका में विभिन्न उत्पादों का जितना उपभोग होता था उन लगभग समस्त उत्पादों का उत्पादन भी अमेरिका में ही होता था। बल्कि, विदेशी व्यापार के मामले में तो उस समय अमेरिका के पास विदेश व्यापार आधिक्य शेष रहता था। आज अमेरिका में विभिन्न उत्पादों का जितना उत्पादन होता है उससे कहीं अधिक उपभोग होता है। अमेरिकी नागरिक आज अपनी आय से अधिक व्यय करता हुआ दिखाई देता है। अमेरिका में कई नए शहरों की बसावट के पहिले, समस्त बड़े नगरों में 75 प्रतिशत श्रमिक रेल्वे एवं बसों से यात्रा करते थे। परंतु आज केवल 5 प्रतिशत नागरिक ही पब्लिक वाहनों का उपयोग, एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने जाने के लिए, करते हैं। समस्त नागरिकों के पास अपनी अपनी कार है एवं केवल स्वयं ही उस कार में वे यात्रा करते हुए पाए जाते हैं। इससे पेट्रोल, डीजल एवं गैस की खपत में बेतहाशा बृद्धि दर्ज हुई है। द्वितीय विश्व युद्ध तक अमेरिका कच्चे तेल का एक निर्यातक देश हुआ करता था परंतु आज अमेरिका अपनी कच्चे तेल की कुल आवश्यकता का एक तिहाई भाग आयात करता है।

अमेरिका में वर्ष 2000 में विदेशी व्यापार घाटा 38,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो 2021 में बढ़कर 86,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। 1970 के दशक तक, लगभग प्रत्येक वर्ष, अमेरिका के पास विदेशी व्यापार आधिक्य हुआ करता था। परंतु, इसके पश्चात अमेरिका की स्थिति विदेशी व्यापार के मामले में लगातार बिगड़ती चली गई है।

अमेरिका में उच्च आय वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं। अमेरिका में प्रति घंटा औसत मजदूरी की दर वर्ष 1973 से (मुद्रा स्फीति की दर के समायोजन के पश्चात) लगभग नहीं के बराबर बढ़ी है। अमेरिका में आय की असमानता लगातार बढ़ती जा रही है। फेडरल बजट घाटा अब अरक्षणीय (अनसस्टेनेबल) स्तर पर पहुंच गया है। विदेशी व्यापार घाटा के लगातार बढ़ते जाने से आज अमेरिका 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का ऋण प्रतिदिन ले रहा है। देश में लगातार बढ़ रही गरीबी अब एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर स्थानांतरित हो रही है। कुल मिलाकर उक्त वर्णित अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वर्तमान हालत को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि पश्चिमी आर्थिक दर्शन पर टिका पूंजीवादी मॉडल पूर्णतः असफल हो रहा है। इसी कारण से अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा भी अब यह कहा जाने लगा है कि पूंजीवादी मॉडल समाप्ति की ओर अग्रसर हो रहा है अतः साम्यवाद एवं पूंजीवाद के बाद एक तीसरे आर्थिक रास्ते की अब सख्त आवश्यकता है, जो संभवतः केवल भारत ही उपलब्ध कर सकता है।

**- प्रहलाद सबनानी**

## (सामरिक) भारत का पहला सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है 'तरंग शक्ति'

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया। 'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। 'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लुफ्तवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्सादलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी। भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। 'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था। उस दस दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास में केवल भारतीय वायुसेना के ही सभी वायुसेना स्टेशन शामिल हुए थे जबकि 'तरंग शक्ति' में दुनिया के कुछ प्रमुख देश भारतीय वायुसेना के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बहरहाल, 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास की मेजबानी करके भारत का लक्ष्य रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाना और अंतर्राष्ट्रीय रक्षा में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तरंग शक्ति वायु अभ्यास के साथ भारत की रक्षा कूटनीति में उल्लेखनीय प्रगति होगी। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास के आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यही है कि यह अभ्यास इसमें शामिल रहे देशों की वायु सेनाओं के बीच न केवल व्यावसायिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा बल्कि आधुनिक हवाई युद्ध तकनीकों में सीखने और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। 'तरंग शक्ति' के आयोजन से भाग लेने वाले देशों के बीच लाभकारी संपर्क और सहयोग को बढ़ावा मिलने से भविष्य के रक्षा गठबंधनों का भी निर्माण होगा। 'तरंग शक्ति' अभ्यास के आयोजन का उद्देश्य उन मित्र देशों को एक साथ लाना है, जिनके साथ भारतीय वायुसेना नियमित रूप से बातचीत करती है और जिनके बीच एक निश्चित सीमा तक अंतर-संचालन क्षमता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)**

**- योगेश कुमार गोयल**

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ को 3.2 लाख करोड़ की बोलियां मिली

नई दिल्ली । बजाज हाउसिंग फाइनेंस की शेयर बिक्री ने निवेशकों की रिकॉर्ड तोड़ मांग का सामना किया और 6,560 करोड़ रुपए के आईपीओ की पेशकश के लिए संचयी बोली 3.2 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गई। आरॉबिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में करीब 90 लाख आवेदन मिले, जिसने टाटा टेक्नोलॉजिज के पिछले रिकॉर्ड 73.5 लाख आवेदनों को पीछे छोड़ दिया। बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि यह कामयाबी 5.5 लाख करोड़ डॉलर वाले देसी इक्विटी बाजार की मजबूती व गहराई को रेखांकित करती है और बड़े पैमाने पर होने वाली शेयर बिक्री को सहारा देने की उसकी क्षमता भी बताती है। यह मील का पत्थर वैश्विक वाहन दिग्गज ह्युंडै इंडिया के 25,000 करोड़ रुपए के अनुमानित आईपीओ और सॉफ्टबैंक समर्थित स्विगी के 10,000 करोड़ रुपए के अनुमानित आईपीओ से पहले देखने को मिला है। बजाज हाउसिंग के आईपीओ को निवेशकों की विभिन्न श्रेणियों से भारी मांग देखने को मिली और कुल मांग बिक्री पेशकश के 67 गुने के पार चली गई। संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 222 गुना आवेदन मिले जबकि एचएनआई श्रेणी में 10 लाख रुपए तक और 10 लाख रुपए से ज्यादा निवेश करने वाले निवेशकों के मामले में आवेदन क्रमश: 51 गुना व 31 गुना मिले। वैयक्तिक निवेशकों के मामले में बोली 60,000 करोड़ रुपए के पार चली गई।

# सरकार 15 साल पुराने वाहन को कबाड़ करने के प्रावधान में करेगी संशोधन

नई दिल्ली । सरकार स्क्रैप पॉलिसी में बदलाव की तैयारी कर रही है। सरकार 15 साल पुराने कारों को कबाड़ करने के अनिवार्य प्रावधान में संसोधन करने पर सरकार विचार कर रही है। जिससे अब पुरानी कार को कबाड़ में बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हाल ही में सरकार ने जानकारी दी थी कि सिर्फ उम्र के आधार पर वाहनों को हटाने के बजाय, कठोर प्रदूषण परीक्षण मानकों और विश्वसनीय फिटनेस जांच पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी उम्र के आधार पर गाड़ी को रोड से हटाया जा रहा है। इसका काफी विरोध हो रहा है। इसको देखते हुए अब नीति में बदलाव की योजना है। गौरतलब है कि 15 साल पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने की पॉलिसी इस वक्त केवल दिल्ली-एनसीआर में लागू है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को कम करने और किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के उद्देश्य से यह फैसला सुनाया था। कोर्ट के फैसले के मुताबिक 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहन और 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहन दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर नहीं चल सकते हैं।

# कोष प्रबंधन मंच सेंट्रिसिटी ने दो करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली । डिजिटल कोष प्रबंधन मंच सेंट्रिसिटी ने शुरुआती वित्तपोषण चरण में दो करोड़ डॉलर यानी कि लगभग 168 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे कंपनी का मूल्यांकन 12.5 करोड़ डॉलर हो गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा ?कि सेंट्रिसिटी अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए ताजा पूंजी का उपयोग करने की योजना बना रही है। कंपनी अपनी प्रौद्योगिकी विकास टीम को 75 से बढ़ाकर 150 से अधिक विशेषज्ञों तक दोगुना करने की योजना बना रही है, जो जनरेटिव एआई-लेड मॉड्यूल, इंश्योर-टेक और ब्रोकिंग-टेक मंच जैसे नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करेगी। जनवरी, 2022 में स्थापित गुरुग्राम स्थित सेंट्रिसिटी ने सितंबर, 2022 में दो करोड़ डालर के मूल्यांकन पर 40 लाख डॉलर जुटाए।

# सेमी और आईईएसए ने भारत में पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने किया समझौता

नई दिल्ली । वैश्विक सेमीकंडक्टर निकाय सेमी और उसके समकक्ष आईईएसए ने भारत में इस उद्योग के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक समझौते की घोषणा की है। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि समझौते के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) सेमी का हिस्सा बन जाएगा। सेमी सेमीकॉन इंडिया सहित सेमीकॉन कार्यक्रमों का आयोजक है। सेमी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी सेमी को इस महत्वपूर्ण उभरते बाजार में एक मजबूत उपस्थिति बनाने में मदद करेगी और दोनों संगठनों को ठोस रणनीतियों की पहचान करने में सक्षम बनाएगी जो आपूर्ति श्रृंखला मजबूती बढ़ाने के लिए हमारी संयुक्त शक्तियों का लाभ उठाती हैं। हाल ही में जारी बयान में कहा गया कि सेमीकॉन इंडिया 2024 के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से संयुक्त नीति वकालत प्रयासों का मार्ग भी प्रशस्त होगा, जिसमें आईईएसए और सेमी उत्पाद विकास और विनिर्माण के लिए प्रोत्साहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेंगे, तथा उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) और डिजाइन से जुड़े प्रोत्साहन (डीएलआई) मॉडल जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत, सेमी और आईईएसए के लिए एक बड़ी जीत है। यह भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर का ऊर्जा केंद्र बनने की स्थिति में ले जाएगा, आर्थिक वृद्धि को गति देगा और नवाचार को बढ़ावा देगा।

# जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चा इस्पात उत्पादन अगस्त में बढ़कर 23.16 लाख टन

नई दिल्ली । सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील का अगस्त में एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन एक प्रतिशत बढ़कर 23.16 लाख टन हो गया है। पिछले साल इसी महीने में कंपनी का एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन 22.86 लाख टन रहा था। जेएसडब्ल्यू ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा ?कि एकीकृत कच्चे इस्पात उत्पादन में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंपनी ने अपने भारतीय परिचालन से अगस्त में 22.49 लाख टन इस्पात का उत्पादन किया। यह पिछले वर्ष इसी महीने के 22.15 लाख टन से दो प्रतिशत अधिक है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि भारतीय परिचालन में मासिक कच्चे इस्पात का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में दो प्रतिशत अधिक रहा तथा क्षमता उपयोग 91 प्रतिशत रहाजेएसडब्ल्यू स्टील अमेरिका- ओहियो ने समीक्षाधीन माह में 0.67 लाख टन इस्पात का उत्पादन किया, जो अगस्त, 2023 में उत्पादित 0.71 लाख टन की तुलना में कम है।

# आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में आपको सावधान रहना होगा। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं। यदि आपने किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था आदि से धन उधार लेने का सोचा है, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। आप अपने पिताजी से कुछ बिजनेस की बारीकियों को लेकर टिप्स ले सकते हैं। राजनीति में हाथ बढ़ाना अच्छा रहेगा।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको कार्यों में यदि कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था, तो वह भी दूर होगी। आप किसी काम को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। संपत्ति को लेकर आपका भाइयों में कुछ खटपट रहेगी। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें अपने कीमती सामानों की सुरक्षा आवश्यक करें।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आपका कोई संपति संबंधित मामला यदि कानून में चल रहा था, तो उसमें जीत मिलेगी। आपके भाई-बहन आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे, लेकिन आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। बिजनेस से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण मामला आपको ध्यान रखना होगा।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप कामों को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। कार्यक्षेत्र में कुछ सदस्य आपके कामों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। आप किसी नए घर, मकान और दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सामाजिक क्षेत्रों में आप नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। आपको परिवार में किसी सरप्राइज गिफ्ट के मिलने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी माताजी यदि आपसे कोई फरमाइश करें, तो आप उसे सबसे पहले पूरा करें। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए लाभ के अवसर लेकर आने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपको आय की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपके घर परिवार में लोग आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको अपने घर की साज सज्जा पर अच्छा धन खर्च करेंगे। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है। आपके आज कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। यदि किसी काम को लेकर आप लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप किसी से यदि धन संबंधित कोई मदद लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। आपको बिजनेस को लेकर कोई जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको वरिष्ठ सदस्यों की बातों पर ध्यान देना होगा। जीवनसाथी से यदि आपकी कुछ खटपट चल रही है, तो आपको उसे दूर करने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपने सगे संबंधियों से कोई भी बात सोच विचारकर करनी होगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रखने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी की किसी बात को लेकर वाद-विवाद में पड़ सकते हैं। शेयर मार्केट में धन लगाना आपके लिए बेहतर रहेगा, लेकिन आपको कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मकर** - मकर राशि के जातकों को शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको वाहन सावधानी से चलना होगा, नहीं तो दुर्घटना होने की संभावना है। संतान के व्यवहार में कुछ बदलाव आ सकता है, जो आपको समस्या देगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं, जिनसे आप मिलने जा सकते हैं। आपको अपने सहयोगियों की बातों का विरोध करने से बचना होगा।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपका कुछ धन डूबा हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए सोच विचारकर सकते हैं। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपका धन से संबंधित मामले में आपसे कोई गड़बड़ी होने की संभावना है। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को कल पर टालने से बचना होगा।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर रखने के लिए रहेगा। आप किसी के बहकावे में आकर कोई निर्णय न लें और आपको किसी पारिवारिक समस्या को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी। विद्यार्थियों को अपने कामों में यदि समस्या आ रही थी, तब वह भी दूर होगी। माताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या होने की संभावना

## शब्दजाल - 7659

शब्दजाल में भारत के प्रमुख 10 दुनाम आएगांवों के नाम हृदिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं चाहे तिरछे हो सकते हैं

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | म | मा | डॉ. | न | गे | द्र | सिं | ह | क |
| हा | न | सू | ह | म | ल | जी | स | ल | न |
| सु | वी | गो | द | अं | नो | त | र | थ | ल |
| कु | र | दा | पा | ल | क | ह | ना | ह | व |
| मा | जे. | न | ष | ल | म | म | र | म्म | सी |
| र | मी | प | स | जि | स्वा | क | प | सिं | गु |
| से | ह | बु | म. | वी | म | मी | टे | वी. | ह |
| न | पू | सु | पा | लिं | पं. | सौ | ल | वी. | ना |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | टं | न |
| आ | र. | के. | त्रि | वे | दी | दो | ह | ड | क |
| टी. | ए | न | शे | ष | न | इ | ह | न | ह |

सुकुमार सेन, डॉ. गजेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन.शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन.गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर.के. त्रिवेदी

## शब्दजाल - 7658 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | ए | ड | स | प | ला | नी |
| न | हि | क | ज | इं | धे | न | ह | वि | म |
| अ | ज | आ | ह | य | ष | ड | ड | प | वि |
| हु | ग | ल | मा | ज | ल | स | रा | कु | मी |
| ब | ज | पो | लि | सो | वी | क | र | क | से |
| द | जे | क्रि | र | क | पे | क्स | म | ले | रि |
| सी | मा | दे | अ | व | ध | व | त | म | क |
| की | दे | श | न्य | प | य | पे | रु | व | ला |
| ह | दि | ल | मा | ले | दा | र | जो | वी | दे |
| बि | ज | ल | ला | हि | द | ह | मा | द | ल |
| त | र | सु | ध | मा | स्व | रा | ज | त | र |

## फिल्म वर्ग पहेली- 6603

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शादी' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मीनीलाल, साधना की 'जो सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिशमा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तुमहें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पहुं गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'बमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6602

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | तु | म | बं | दि | श | | जं |
| स्ती | | म | ह | र | जा | श | जा | जी |
| | दी | न | | र | बी | र | | दु |
| दी | वा | ना | जी | न | त | | क | |
| | र | | अं | त | ल | बा | रि | स |
| आ | द | दा | | जो | श | | ष्मा | |
| क्रो | ध | | ज | मी | र | अ | | धं |
| ज | अ | आ | र | ज | मा | न | त | |
| | म | ह | ल | | जीं | | न | का |
| दी | स्त | | श्य | | स | पृ | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8127

**बाएँ से दाएँ**

1. जी,इच्छा,चित्त-2
2. तन,बदन,देह-3
4. अग्निदग्ध-2
6. रनिवास (उर्दू-3)
7. स्नान करना-3
8. विश्राम-3
9. राजा,सम्राट-3
10. वचन,प्रतिज्ञा-3
11. तरंग,हिलोर-3
13. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14. सही का विलोम-3
15. सदपुरुष-2
16. पाठ,शिक्षा-3
17. कर्ता, कार्य करने वाला-3
18. इज्जत,मान,सम्मान-3
19. सब कुछ छीन लेना-2
20. भवन,प्रासाद-3
21. वजह-3
23. खेल दिखाने वाला-2
24. पेन,लेखनी-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. राय,वोट,अभिप्राय-2
2. लाज,लज्जा-2
3. 500 कागजों की गड्डी -2
4. दुनिया,जगत-3
5. लेकर आना-2
6. अवैध,नाजायज-3
7. निगाह, दृष्टि-3
8. बैठने की जगह-3
9. आराम,मदद-3
10. कर्म,भाग्य-3
11. लगन,जिद,उत्साह-3
12. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14. जवान, तरुण-3
15. रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16. दुर्बल का विलोम-3
17. वजह-3
18. पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19. रनिवास (उर्दू-3)
20. जी,इच्छा,चित्त-2
21. समयगति-2
22. देह,बदन-2

**शब्द पहेली -8126 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ध | | प | ना | ह | शा | न |
| त | र | ह | | क | व | ध | शा |
| | ती | र | ध | | स | प | ना |
| प | | म | का | न | | ल | ध | क |
| रा | ख | | न | ज | र | | ना | म |
| ना | र | द | | ला | क | र | | र |
| | ल | ह | र | | म | वा | ली | |
| रा | | न | क | ल | | ना | प | ना |
| ज | रा | | म | त | ली | | ना | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**13 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.05 बजे से |
| चंद्र | धनु में | तुला | 08.16 बजे से |
| मंगल | सिंह में | वृश्चिक | 10.30 बजे से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.46 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.51 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.11 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.41 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.21 बजे से |
| | | मिथुन | 23.19 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 01.33 बजे से |
| 10.30 से 12.00 बजे तक | | सिंह | 03.49 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 257 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 22.31 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 21.36 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 20.48 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.08 बजे तदनन्तर गर 22.31 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 41'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872101
**जूलियन दिन** 2460566.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**चौत्रनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 09
**विशेष** स्वामी ब्रह्मानंद लोधी निर्वाण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया मुहूर्तार्थ- शुभलाभ श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः असली गरीब

एक भिक्षुक को दिन भर में जो कुछ मिलता था, उसे वह खा-पीकर समाप्त कर देता था। प्रायः उसे आवश्यकता के अनुसार भिक्षा मिल जाया करती थी। एक दिन उसे उसकी जरूरत से ज्यादा एक पैसा मिल गया। वह सोचने लगा-इसका क्या उपयोग करूं? उसने उस एक पैसे को अपने वीथड़े के कोने में बांध लिया और एक पंडित के पास गया। उसने उससे पूछा, 'महाराज, मैं अपनी संपत्ति का क्या सदुपयोग करूं?' पंडित जी ने पूछा, 'तुम्हारे पास कितनी संपत्ति है?' उसने कहा, 'एक पैसा।' इस पर पंडित जी चिढ़ गए। उन्होंने कहा, 'जा-जा, दू एक पैसे के लिए मुझे परेशान करने आया है।' वह भिक्षुक निराश नहीं हुआ। वह कई पंडितों के पास गया। कहीं हंसी मिली तो कहीं दुत्कार। किसी सज्जन ने सलाह दी कि पैसा किसी गरीब को दे दो। अब भिक्षुक गरीब की तलाश में चल पड़ा। उसने अनेक भिखारियों से प्रश्न किया कि तुम गरीब हो? परंतु एक पैसे के लिए किसी ने गरीब बनना स्वीकार नहीं किया। तभी भिक्षुक को पता चला कि किसी देश काराजा अपने पड़ोसी राज्य पर चढ़ाई करने जा रहा है। उसने लोगों से पूछा, 'राजा चढ़ाई क्यों कर रहे हैं?' लोगों ने बताया 'धन-संपत्ति प्राप्त करने के लिए।' भिक्षुक को लगा कि राजा बहुत गरीब होगा। तभी तो धन-संपत्ति के लिए मारकाट करने पर आमादा है। क्यों न उसे ही पैसा दे दिया जाए। जब राजा की सवारी उसके पास से गुजरने लगी, तो वह खड़ा हो गया और झटपट अपने वीथड़े में से पैसा निकालकर उसने राजा के हाथ पर डाल दिया। उसने कहा, 'मुझे बहुत दिनों से एक गरीब की तलाश थी। आज आपको पाकर मेरा मनोरथ पूरा हो गया, आप मेरी पूंजी संभालिए।' राजा रुका रहा। भिक्षुक ने उसे अपनी कहानी सुनाई तो उसने धावा बोलने का इरादा बदल दिया और सारी फौज के साथ वह वहां से वापस लौट गया। असली गरीब वह है, जिसके लालच का कोई अंत नहीं।

## सूडोकु नवताल- 6912

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | | 3 | | 6 | 1 |
| 6 | 7 | | 9 | | | 4 | | 2 |
| 2 | | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | | 7 | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | | 4 | 7 |
| | | | 6 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6911 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स पहली बार 83,000 , निफ्टी 25,000 के ऊपर निकला

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की संभावना मजबूत होने से भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा। इससे घरेलू इक्विटी में विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीदों से भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान एक समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 83,000 अंक से ऊपर पहुंच गया था पर बाद में फिसल गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स अंत में 1439.55 अंक करीब 1.77 फीसदी तेजी के साथ 82,962.71 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर निकल गया पर अंत में 470.45 अंक तकरीबन 1.89 फीसदी बढ़कर 25,388.90 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी से बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर 6.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 467.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के जिन शेयरों में तेजी रही उनमें भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस रहे। इसके साथ ही लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के शेयरों में भी बढ़त रही। वहीं बैंक निफ्टी, ऑटो, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा और तेल एवं गैस से जुड़े शेयरों में भी एक फीसदी तेजी आई। भारती एयरटेल का शेयर चार फीसदी तेजी के साथ आज सबसे ऊपर पहुंचा। पर पहुंच गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक के शेयरों में एक फीसदी से ज्यादा तेजी आई है जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब दो फीसदी ऊपर आया। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में मामूली वृद्धि हुई लेकिन महंगाई में कुछ स्थिरता दिखी। वहीं सीएमई फेडवॉच के अनुसार फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की संभावना बढ़ी है। इससे इस घरेलू इक्विटी में विदेश निवेश बढ़ने की संभावनाएं तेज हुई है। इसी कारण बाजार उछला है।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मजबूत संकेतों के बीच ही सेंसेक्स और निफ्टी की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 81,840 पर आ गया, जो 317 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 50 ने 141 अंक की वृद्धि के साथ 25,059 पर कारोबार किया। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई 225 शुरुआती ट्रेडिंग में 3 फीसदी उछला और ब्रॉड-बेस्ड टॉपिक्स में 2.48 फीसदी की बढ़त देखी गई। दक्षिण कोरिया में कोस्पी 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ खुला, जबकि छोटे कैप वाला कोस्डाक 2.5 फीसदी ऊपर कारोबार करता दिखा। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी, एएसएक्स 200 में 0.6 फीसदी की बढ़त देखी गई, वहीं हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 17,194 पर ट्रेड करता दिखा।

# पेटीएम के सीईओ शर्मा का प्लान... जल्द ही मुनाफे की दिशा में आगे बढ़ना

मुंबई । फिनटेक कंपनी पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने गुरुवार को घोषणा की कि कंपनी अब अपने मुख्य व्यवसाय, यानी पेमेंट्स और वित्तीय सेवाओं की क्रॉस-सेलिंग पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसका उद्देश्य जल्द ही मुनाफे की दिशा में आगे बढ़ना है। पेटीएम की सालाना आम बैठक में शर्मा ने कहा, पिछले छह माह ने हमें कई अहम सबक सिखाए हैं। अब मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि हमने एक 'ग्राहक पहले' दृष्टिकोण अपनाया है, जिससे हमारा कारोबार हर नियम का पालन पूरी तरह से करता है, न केवल कागज पर बल्कि असलियत में भी। शर्मा ने कहा, कोर पेमेंट्स बिजनेस के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ, हम जल्द ही पीटीए (टैक्स के बाद मुनाफा) प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। शर्मा

# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## कहा क्षतिग्रस्त मकानों व फसलों का सर्वे कर प्रदान किया जाएगा मुआवजा

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा लांजी विधानसभा क्षेत्र के अनेको बाढ़ प्रभावित ग्रामों भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रशासनिक अमले एवं पत्रकारों के साथ निरीक्षण किया। विधायक कर्राहे के साथ भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, सोहन उपराड़े, ग्राम के सरपंच, जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक गण तथा नायब तहसीलदार, आरआई पटवारी, पंचायत समन्वयक, एसडीओ, सबइंजीनियर, ग्राम के सचिव रोजगार सहायक सहित ग्राम की जनता उपस्थित रही। बतादे कि लांजी क्षेत्र में 9 एवं 10 सितंबर को मुसलाधार बारिश एवं जलाशयों के गेट खोले जाने के चलते आई बाढ़ से अनेको ग्राम प्रभावित हुये है वहीं अतिवृष्टि के चलते मकान भी क्षतिग्रस्त हुये है साथ ही सैकड़ो एकड़ में लगी फसलें भी नष्ट हुई है। जिसका निरीक्षण 12 सितंबर को विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा किया गया जिसमें आप सर्वप्रथम बहेला पंहुचे जहां अतिवृष्टि के चलते क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया तथा नष्ट हुई फसलों के संबध मे भी जानकारी प्राप्त कर जो मकान क्षतिग्रस्त या प्रभावित है उन ग्रामीणों से मुलाकात कर अतिशिघ्र सर्वे कार्य पूर्ण कर लाभ दिये जाने की बात कही है। इसी क्रम में आप ग्राम परसोड़ी, बापड़ी, लाड़सा, उमरी तथा संध्या काल में चिखलामाली पंहुचे जहां पर बाढ के चलते अत्यधिक नुकसान ग्रामीणों को उठाना पड़ा है। आपके द्वारा उन लोगो से भी मुलाकात की गई है जिनका प्रशासन के द्वारा रेसक्यू किया गया था क्योंकि इनके घरों में बाढ़ से पानी भर चुका था जिसका प्रशासन एवं ग्राम की जनता ने मिलकर सभी पीड़ितों कों सकुशल ग्राम के सामुदायिक भवन या शासकीय स्कूलों में सुरक्षित पंहुचाया गया था। साथ ही विधायक कर्राहे ने किसानों से भी मुलाकात की जिनकी फसलें बाढ़ के चलते नष्ट हो चुकी है आपने देखा की निश्चित रूप से फसलों को खुब हानि पंहुची है 2 से 3 दिन फसलें पानी में डूबी रहने के चलते फसलों में काप लग गया है अनेको फसलें जमीन पर लिपटी नजर आ रही है, नदी नालों के आस मे लगी फसलें पुर्णतः नष्ट हो चुकी है ऐसे में किसाना सर्वाधिक परेशानी मे है इस बाढ़ के चलते इन सभी किसानों विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा चर्चा की गई तथा सभी को आश्वास्त किया कि हमारे साथ प्रशासनिक अमला है यह जल्द ही सर्वे कार्य पूर्ण कर आप सभी को शासन योजनाओं के अनुसार आरबीसी 6/4 के तहत लाभ प्राप्त होगा। विधायक कर्राहे ऐसे अनेको मकानों का निरीक्षण करने पंहुचे जो कि अतिवृष्टि के चलते क्षतिग्रस्त हुये है या प्रभावित हुये है कई मकान तो पानी में आधे से अधिक डूबे हुये थे जिनके निशान पानी का स्तर नीचे होने के बाद भी नजर आ रहा था। मकान में रखी अनेको सामग्री पानी के चलते खराब हुई है इलेक्ट्रिक सामग्री, पंखे, कुलर, टीवी, फ्रिज तक पानी भरे रहने के चलते खराब हुआ है ऐसी जानकारी भी ग्रामीणो के द्वारा दी गई है। इन लोगो को समय रहते प्रशासन के द्वारा सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया था नही तो कोई भी अनहोनी घटनायें घटित हो सकती थी यह लोग अपने आप को तो बचा पाये लेकिन घर में रखी सामग्रीयों को खराब होने से नही बचा पाये इन सभी बिन्दुओं से विधायक कर्राहे अवगत हुये और उन्हे आश्वास्त किया कि उक्त सभी बिन्दुओ को ध्यान में रख सर्वे किया जायेगा। विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा बहेला, परसोड़ी, बापड़ी, लाड़सा उमरी, चिखलामाली का निरीक्षण 12 सितंबर को किया गया जिनके साथ ही राजस्व प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। आपके द्वारा प्रशासनिक अमले, नायब तहसीलदार आरआई पटवारी से कहा गया कि जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूर्ण करे तथा सर्वे में नम्रता दिखाते हुये कार्य कर प्रत्येक पीड़ित को लाभ मिले इस बात का विशेष ध्यान रखे। वहीं आपने कहा कि इस बार आवास प्लस में काफी कम नाम आये है ग्रामिण अंचलो में जिसके लिये मै स्वयं हमारे मुख्य मंत्री मा. मोहन यादव जी से चर्चा करूंगा की आवास प्लस में और नाम शामिल किया जाये ताकि क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित मकान जो क्षतिग्रस्त हुये है उन्हे भी आवास प्लस का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त जिन परिवारो के पास खाद्यान्न समाप्त हो गया है उन परिवारों के लिये कलेक्टर महोदय से चर्चा कर उन्हे खाद्यान्न उपलब्ध कराने की भी बात आपके द्वारा कही गई है। आपने क्षेत्र की जनता से कहा कि भाजपा सरकार आप सभी के साथ खड़ी है क्षेत्र में प्राकृतिक विपदा आई है हमारे किसान भाई, ग्रामीण जन इस विपदा से प्रभावित हुये हैं सरकार के द्वारा अतिशिघ्र सर्वे कार्य करवाया जाकर सभी पीड़ितो को शासन की योजनाओं के अनुरूप लाभ दिया जायेगा।

# खंडवा घाट में डूबे युवक का नहीं चला पता

## दिन भर खोजबीन करती रही एनडीआरएफ की टीम

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्रा के ग्राम खंडवा में 12 सितम्बर के सुबह लगभग 10 बजे सोन नदी में एक युवक डूबकर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद से एनडीआरएफ की टीम लगातार खोजबीन करते रही किन्तु देर शाम तक पता नहीं चल पाया। आज 13 सितम्बर को पुनः एनडी आरएफ की टीम द्वारा खोजबीन की जावेगी। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व आई बाढ़ के कारण सोन नदी के उपर से ग्राम खंडवा में गया 11 केवी का तार टूट गया था, जिसके चलते गांव में विद्युत सप्लाई बंद है। गांव के कुछ लोग नदी में टूटे तार को देखने गए थे, जिसमें ग्राम का महारूलाल पिता बिसनलाल दांदरे उम्र 28 वर्ष शामिल था। टूटे तार को देखते वक्त महारूलाल नदी के किनारे गया जहां नदी का किनारा खिसक गया जिससे वह नदी में गिर गया व डूब गया तथा नजर नहीं आया। साथ चल रहे लोगों ने घटना की जानकारी गांव में दी, ग्रामीणों को जानकारी लगने पर नदी में देखने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। ग्राम के सरपंच द्वारा पुलिस चौकी को सूचना दी गई। लांजी पुलिस को सूचना मिलने पर लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी अपने बल के साथ पहुंचे एवं होमगार्ड एसडीईआरएफ टीम को सूचना दी। होमगार्ड एसडीईआरएफ टीम अपनी बोट के साथ पहुंचकर नदी में तलाश किया किन्तु सफलता नहीं मिली। दोपहर 1 बजे करीब एनडीआरएफ ने मौके पर पहुंचकर दो बोट की सहायता से खोजबीन की गई। एसडीएम प्रदीप कौरव की मौजूदगी में दिन भर चले रेस्क्यू अभियान में सफलता नहीं मिली, आज 13 सितम्बर को पुनः एनडीआरएफ की टीम द्वारा खोजबीन की जावेगी।

### नदी का किनारा फिसलने से डूबा युवक - चुन्नेलाल हरदे पूर्व सरपंच

घटना के संबंध में साथ चल रहे ग्राम के पूर्व सरपंच चुन्नेलाल हरदे ने जानकारी में बताया कि ग्राम में 4-5 दिन से लाइट गुल है, बाढ़ आने से नदी में तार टूट गया है, हम कृष्ण कुमार, श्रीचंद बाहे, महारूलाल एवं मै चार - पांच लोग कहां तार टूटा है कहकर उसे देखने नदी के किनारे से जा रहें थे, कि अचानक महारूलाल नदी के किनारे से कैसे घिसरा पता नहीं, गिरा वैसे ही नदी में डूब गया, वह पुनः नहीं दिखा। घटना की सूचना टीआई साहब को फोन पर दी गई, जिनके द्वारा एसडीईआरएफ टीम भेजी गई।

# पूर्व सरपंच देवेन्द्र पटले का निधन

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उमरी निवासी पूर्व सरपंच एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेन्द्र पटले का 62 वर्ष की उम्र में 11 सितंबर की रात्रि 11 बजे ह्रदय गति रूक जाने के चलते निधन हो गया। आपका अंतिम संस्कार आज 13 सितंबर को स्थानीय मोक्षधाम में किया जायेगा। आपके निधन पर नाते रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रों, सामाजिक बंधुओ ग्रामीण जनों के द्वारा तथा कांग्रेस एवं भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुये भावपूर्ण श्रृद्धांजलि अर्पित की गई है। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे तथा इस दुख की घड़ी में परिजनों कों संबल प्रदान करे।

# स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी में 31 अगस्त 2024 दिन शनिवार को टाटा बिल्डिंग इंडिया ग्रुप रूप द्वारा पूरे भारत देश में ''स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका'' नामक विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर कैंटेगरी में आयोजित की गयी। इस

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य देश के स्मार्ट निर्माण में युवाओं की सोच एवं नवीन आइडिया को प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार प्रस्तुत करनें का अवसर प्रदान करना। जिसमें साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल से 100 प्रतिभागियों ने इस निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किये। जिसमें जुनियर कैंटेगरी से प्रथम स्थान जान्हवी चौधरी कक्षा आठवी, द्वितीय स्थान अक्षांशी जांभुरकर कक्षा - सातवी, एवं तृतीय स्थान ट्वींकल मस्करे कक्षा आठवी ने प्राप्त किया। सीनियर कैंटेगरी में कक्षा नवमी की वैष्णवी दशरिया प्रथम, कु.आंचल बरगैया द्वितीय एवं कु. प्रज्ञा नारनीरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं को टाटा बिल्डिंग इंडिया ग्रुप रूप की ओर से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। छात्राओं की इस सफलता पर संस्था के संचालक संतोष मोरघड़े, प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरुगकर, प्रधान पाठक नेत्रेश्वरी किशोर सोनवाने एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# नहरटोला कटंगी में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेशोत्सव

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। क्षेत्र में गणेशोत्सव पर्व की खासी धुम नजर आ रही है। घर सहित सार्वजनिक स्थलों पर विराजे विघ्नहर्ता की विशेष पूजा आराधना की जा रही है। सुबह से ही गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के बीच मंदिर व पंडालों में विशेष पूजा अर्चना के साथ आरती कर विशेष मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। क्षेत्र के ग्राम कटंगी में हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया जा रहा है। बताया गया कि नवयुवकों द्वारा भगवान गणेश के पंडालों में आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत साज सज्जा भी गई है एवं सर्वजनिक नवयुवक गणेश उत्सव सेवा समिती नहर टोला कटंगी में 12 सितंबर को गणेश भजन संध्या का आयोजन किया गया था। जिसमे भजन संध्या गायक युगल नाकतोडे एवं श्रद्धा नाकतोड़े एवं अन्य कलाकारों द्वारा यहां भजन गायकी की गई। इस भजन संध्या में क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे ने भी शिरकत की एवं भजन संध्या को श्रवण किया। इसी तारतम्य में महेंद्र बोरकर सरपंच कटंगी,पंडित अभिषेक तिवारी, अध्यक्ष राजाराम कुशले, उपाध्यक्ष डीलेश्वर कुचलाहे, सचिव आशाराम कुचलाहे, कुणाल कुचलाहे ,समर्थ सिंह कुशले ,दिव्यांस कुशले, दुर्गेश अस्तने, काव्यांश बढ़घैया, करण बढ़घैया, राजा देवगड़े, देवेंद्र कुचलाहे ,मनीष देवगड़े, प्रकाश घोर्रे ,अमित ब्रम्हपुरे, आकाश ब्रम्हपुरे ,अकलेश देवगड़े,अजय कुचलाहे ,लोकेश ब्रम्हपुरे, राम लाखे, विजय कुचलाहे ,सीताराम कुशले, युवराज कर्राहे आदि द्वारा प्रातः एवं संध्या बेला मे विशेष आरती पूजन आयोजित करते है। जिसमें ग्राम के ग्रामीण जन, महिला ,बच्चे भी अपनी-अपनी उपस्थिती प्रदान करते है इसके पश्चात समिति के द्वारा बच्चों के लिये मनोरंजक खेलों का भी आयोजन करते है जिसका ग्रामीण जन भरपूर आनंद प्राप्त करते है।

# बिसोनी निवासी श्रीराम का बाघ नदी स्थित पुल के नीचे मिला शव

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम बिसोनी निवासी श्रीराम पिता श्यामलाल कुचलाहे उम्र 73 वर्ष का शव कुल्पा कारंजा बाघ नदी स्थित पुल के नीचे 12 सितंबर को लगभग 1 बजे दिखाई दिया जिसकी पहचान मृतक श्रीराम कुचलाहे के पोते के द्वारा की गई। इस संबध में मृतक के पुत्र आशाराम कुचलाहे ने कि पुलिस को जानकारी में बताया कि मेरे पिताजी का लकवा बिमारी से ग्रस्त थे जिनका उपचार कारंजा में चल रहा था पिताजी 10 सितंबर को दवाई लेने के लिये कारंजा गये हुये थे जो कि 11 सितंबर तक घर वापस नही आये जिसकी सूचना मेरे द्वारा पुलिस थाना लांजी में दी गई। मै अपने पिताजी की तलाश लगातार कर रहा था 12 सितंबर को मै घर पर था तभी करीब 1:30 बजे मुझे मेरे बेटे गणेश कुचलाहे ने मोबाईल पर सूचना कर बताया कि मै दादाजी को ढूढने कारंजा आया था जो नदी पुल के किनारे बहुत लोगो की भीड़ जमा थी तो मै तुरंत पुल के किनारे भीड़ के पास जाकर देखा तो दादाजी श्रीराम कुचलाहे मृत अवस्था में पड़े हुये थे। उक्त संबंध में मृतक के पुत्र आशाराम कुचलाहे ने पुलिस को सूचना प्रदान की जिस पर लांजी पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर पंहुचकर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया है। संभवतः श्रीराम कुचलाहे की मृत्यू बाघ नदी में डूबने से हुई है। वह बाघ नदी पुल के पास क्यों गये थे यह जांच का विषय है बहरहाल लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### धान उपार्जन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए अनुभाग स्तरीय समिति गठित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसान पंजीयन एवं समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए अनुभाग स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में गठित इस समिति की अध्यक्षता संबंधित क्षेत्र के एसडीएम द्वारा की सुनिश्चित जाएगी। वहीं समस्याओं के निराकरण एवं पर्यवेक्षण के दौरान अनुभागों के एसडीएम के साथ ही अन्य सदस्यों में तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, एमपीएससीएससी के शाखा प्रबंधक, शाखा प्रबंधक एमपीडब्लूएलसी एवं सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

# देवलगांव में गणेशोत्सव पर्व की धूम

लांजी (पद्मेश न्यूज़)। क्षेत्र भर में गणेशोत्सव की धूम है। घर-घर में विराजे विघ्नहर्ता की विशेष आराधना की जा रही है। सुबह से ही गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के बीच मंदिर व पंडालों में विशेष पूजा अर्चना के साथ आरती का कार्यक्रम किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम देवलगांव में हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया जा रहा है। बताया गया कि नवयुवकों द्वारा भगवान गणेश के पंडालों में आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत साज सज्जा की गई है। भगवान गणेश की स्थापना होते ही ग्राम में चारों ओर भगवान की भक्ति से संबंधित मधुर गीत सुनाई दे रहे हैं। पंडालों में समितियों द्वारा सुबह व शाम के समय आरती की जा रही है। विकासखंड के देवलगांव में नवयुवक श्री गणेश उत्सव मंडल के शिवकुमार बरई, जितू ठाकरे, धर्मेंद्र मेश्राम, किसन सोनवाने, सचिन रहांगडाले, दिपक मेश्राम, हेमनिधी चौधरी, राजेश्वर चौधरी, अक्षय कोहरे, आशिष चौधरी, विजय ठाकरे, विकास गजबे, ओमप्रकाश गौतम, राजकुमार बरई, शुभम भालाधरे, गुलशन सोनवाने, जितेन्द्र गजबे के अलावा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से भगवान गजानन की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना कर आराधना की जा रही है।

प्लाट बेचना है
16×28 = 448 वर्गफिट
2500 रूपये वर्गफिट
पता-दुर्गा चौक, गर्रा
सावजी भोजनालय के बाजु में
संपर्क- 9111682097

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# तेंदूपत्ता क्लेम मामले में सीबीआई में 14 पर एफआईआर

## सतना की 7 फर्मों को फायदा पहुंचाने आग लगना बताया, तब वेयर हाउस में नहीं था बिजली कनेक्शन

भोपाल । सीबीआई जबलपुर ने सतना के एक वेयर हाउस में रखे गए तेंदूपत्ते का इंश्योरेंस क्लेम लेने में गड़बड़ी मामले में बीमा कंपनी के अफसरों समेत 14 के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने बीमा कंपनी के अफसरों 5 के साथ साठगांठ कर, 7 फर्म की 14 पॉलिसी के मार्फत 4 करोड़ रुपए का पेमेंट लिया था। इसके लिए सतना के अहिरगांव में स्थित एक वेयर हाउस में 13-14 जून 2022 को शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि संबंधित वेयर हाउस में बिजली का कनेक्शन ही नहीं था। इस कारण शार्ट सर्किट से आग लगाने की बात झूठी है।

सीबीआई अफसरों ने बताया कि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के इंदौर स्थित दफ्तर में पदस्थ रीजनल मैनेजर लाल सिंह कन्नोज ने 4 मई 2024 को बीमा

कंपनी और सतना की 7 फर्म के द्वारा गलत तरीके से 4 करोड़ रुपए का क्लेम लिए जाने की शिकायत की थी। इसमें बताया गया था कि सतना के अहिरगांव में प्रदीप कुमार पांडे के वेयर हाउस में तेंदुपत्ता रखा गया था। यहां रखे तेदुपत्ते को वन विभाग के मार्फत सतना की ही पीसी ट्रेडिंग कंपनी को बेचा गया था। लेकिन, इंश्योरेंस कंपनी को वेयर हाउस में रखे गए तेंदूपत्ते को जलना बताया गया।

तेंदूपत्ते के स्टॉक का बीमा कंपनी से क्लेम लेकर सतना में संचालित 7 फर्म के नाम पर 4 करोड़ रुपए का मुआवजा लिया गया। इस गड़बड़ी में फर्म संचालकों के साथ ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के सतना डिवीजन के डेवलपमेंट ऑफिसर विजय मोंगिया और डिवीजनल मैनेजर आरसी परतेती से साठगांठ कर, क्लेम दिया था। संबंधित कंपनियों को मुआवजा दिलाने में बीमा कंपनी के इंश्योरेंस एजेंट, कंपनी सर्वेयर और इनवेस्टीगेशन ऑफिसर दस्तावेजों में गड़बड़ी की थी। सीबीआई ने बीमा कंपनी के रीजनल मैनेजर लाल सिंह कन्नौज की शिकायत पर शुरुआती जांच के बाद ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के 5 अफसरों सहित 14 के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### इनके खिलाफ केस दर्ज किया गया

जिन पर केस दर्ज किया गया है उनमें विजय कुमार मोंगिया डेवलपमेंट ऑफिसर, ओरिएंटल इंडिया इंश्योरेंस, डिवीजनल ऑफिस सतना, आरसी परतेती, डिवीजनल मैनेजर, ओरियंटल इंडिया इंश्योरेंस, डिवीजनल ऑफिस सतना, निवासी छिंदवाड़ा, श्रीचंद अग्रवाल, इंश्योरेंस एजेंट, निवासी सतना, सुनील गर्ग इंश्योरेंस कंपनी सर्वेयर, निवासी इंदौर, ब्रजेश कुमार यादव, इंन्वेस्टिगेटर, निवासी सतना, चंद्रबली दाहिया, प्रोपराइटर शान ट्रेडिंग कंपनी, सतना, सुनील कुमार पांडेय, प्रोपराइटर, एसके तेंदू लीव्स, सतना, अनिल कुमार पांडेय, प्रोपराइटर, मेसर्स अनिल कुमार पांडेय, निवासी सतना, साजन वर्मा, प्रोपराइटर, मेसर्स एसवी ट्रेडिंग कंपनी, सतना, प्रशांत पांडेय, प्रोपराइटर, मेसर्स विंध्याचल इंटरप्राइजेस, सतना, दीपक कुमार पांडेय, प्रोपराइटर,मेसर्स डीके ट्रेडिंग कंपनी, सतना, रामानंद द्विवेदी, प्रोपराइटर, मेसर्स आरएन ट्रेडिंग कंपनी, सतना, फक्कड़ चमरकार, प्रोपराइटर और मेसर्स पीसी ट्रेडिंग कंपनी सतना शामिल हैं।

# पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्राचार्यों की भर्ती

### - मप्र में 55 पद के लिए 213 आवेदन; सबसे ज्यादा फॉर्म जबलपुर के प्रोफेसर्स ने भरे

भोपाल। मप्र के 55 पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्राचार्य और प्रभारी प्राचार्यों के पदों पर भर्ती शुरू हो गई है। ये कॉलेज अलग-अलग जिलों के मुख्यालयों में चल रहे हैं। पीएमश्री कॉलेज में प्राचार्य और प्रभारी प्राचार्य के पद पर तैनाती के लिए राज्य के अलग - अलग कॉलेजों में कार्यरत 213 प्रोफेसरों ने आवेदन किए हैं। सबसे ज्यादा 26 फॉर्म जबलपुर के अलग - अलग कॉलेजों में पदस्थ प्रोफेसर्स ने भरे हैं। उच्च शिक्षा संचालनालय की पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्राचार्य पद के लिए आए आवेदनों की स्क्रूटनी रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

स्क्रूटनी रिपोर्ट के मुताबिक, इंदौर के होल्कर कॉलेज ऑफ साइंस के 9 प्रोफेसर्स ने आवेदन किया है। इनमें 4 प्रोफेसर केमेस्ट्री और 3 फिजिक्स के हैं। उच्च शिक्षा संचालनालय के अफसरों ने बताया कि प्रिंसिपल और इंचार्ज प्रिंसिपल के पद पर पोस्टिंग के लिए सबसे ज्यादा 33 आवेदन कॉमर्स के प्रोफेसर्स ने किए हैं। आवेदन करने वालों में फिजिक्स, बॉटनी, हिंदी, इंग्लिश, मैथ्स और दूसरे सब्जेक्ट के 213 प्रोफेसर शामिल हैं। इन सभी प्रोफेसरों के इंटरव्यू उच्च शिक्षा संचालनालय के अफसर 20 से 25 सितंबर के बीच लेंगे। इसके लिए आवेदन करने वाले सभी प्रोफेसरों को इंटरव्यू की डेट का अलॉटमेंट कर दिया गया है, ताकि इसी महीने के आखिरी तक सभी पीएमश्री कॉलेजों में प्राचार्यों की पोस्टिंग के आदेश जारी किए जा सकें। उच्च शिक्षा संचालनालय के अफसरों ने बताया कि पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्राचार्य और प्रभारी प्राचार्य के पद के लिए सबसे कम 35 उम्मीदवारों के इंटरव्यू 23 सितंबर होंगे। अफसरों ने बताया कि पहले दिन 20 सितंबर को 71 प्रोफेसरों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है।

# मप्र पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा को हम होंगे कामयाब के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

भोपाल। प्रदेश की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, व्यापक जागरूकता और पीड़िताओं के पुनर्वास के लिए चलाया गए अभियान हम होंगे कामयाब को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। 29 अगस्त को हैदराबाद में तेलंगाना पुलिस महिला सुरक्षा विंग द्वारा आयोजित नेशनल टेक्निकल कंसल्टेशन समारोह में इस नवाचार को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान की गई।

मप्र पुलिस की ओर से एसएसपी किरणलता केरकट्टा ने अवार्ड प्राप्त किया। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने मंगलवार को महिला सुरक्षा शाखा की स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, आइजी हिमानी खन्ना, यूएन वूमन के स्टेट प्रतिनिधि व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें ट्रॉफी सौंपी। डीजीपी ने इस नवाचार की सराहना करते हुए

### नेशनल टेक्निकल कंसल्टेशन समारोह में मप्र के इस नवाचार को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान

प्रदेश में महिला सुरक्षा को और भी सुदृढ़ करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

### यह है हम होंगे कामयाब अवधारणा

मध्यप्रदेश पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा ने प्रदेश में महिला अपराधों को रोकने, जिसमें मानव तस्करी भी शामिल है, के लिए महिला जागरूकता, महिला विकास तथा पीड़िता के पुनर्वास के लिए एक समन्वित प्रयास जिसमें शासन के अन्य विभाग जैसे महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण आजीविका मिशन, पर्यटन, श्रम एवं पंचायत विभाग तथा एनजीओ शामिल हैं के माध्यम से 3पी थ्योरी जिसमें प्रिवेंशन, प्रोटेक्शन एवं प्रोसीक्यूशन पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया गया। इस उद्देश्य से पुलिस के साथ अन्य कई विभाग इन अपराधों की रोकथाम, नियंत्रण, अभियोजन एवं पुनर्वास के लिए हम होंगे कामयाब मंच के अंतर्गत एक दिशा में कार्य कर रहे हैं।

### सात थानों से शुरुआत

हम होंगे कामयाब के तहत इंदौर एवं उज्जैन रेंज के सात थानों में महिला उर्जा डेस्क के साथ सभी स्टेक होल्डर इस दिशा में समन्वत प्रयास कर रहे हैं। अभी तक 150 पीड़िताओं को चिन्हित कर उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग की गई है। आवश्यकता होने पर पीड़िता का आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जोडने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उनका पुनर्वास हो सके। इसी कड़ी को धीरे-धीरे अन्य विभागों से जोडने की योजना है।

# दो साल से खाली पड़े हैं एल्डरमैन के 12 पद

भोपाल। प्रदेश भाजपा की बैठक के बाद दो साल से खाली पड़े एल्डरमैन के 12 पदों पर नियुक्ति की आस जागी है। पहले भोपाल जैसे नगर निगम में मात्र 6 पद एल्डरमैन के लिए होते थे, लेकिन इन्हें बढ़ाकर 12 कर दिया गया था। एल्डरमैन के लिए कई ऐसे नेता कतार में हैं, जो निगम चुनाव में टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया। वहीं कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी एल्डरमैन के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

पूरे प्रदेश में 16 नगर निगम, 99 नगरपालिका और 298 नगरपालिका परिषद हैं। इन सभी में एल्डरमैन मनोनीत किए जाएंगे। नगर निगमों में 12-12 एल्डरमैन का मनोनयन होना है। पहले इनकी संख्या 6 रहती थी, लेकिन इसे दोगुना कर दिया गया है, जबकि नगर पालिका में 4 की जगह 6 और नगर परिषद में 2 के स्थान पर 4 एल्डरमैन नियुक्त किए जाएंगे। सत्तापक्ष द्वारा ये नियुक्तियां की जाती हैं। इसके पहले भी भोपाल नगर निगम में एल्डरमैन रहे हैं, लेकिन 2022 में नगर निगम में भाजपा की परिषद बनने के बाद इसे टाला जा रहा था।

### एल्डरमैन की नियुक्ति की प्रक्रिया होगी शुरू

भाजपा की बैठक में इसको लेकर हरी झंडी मिल गई है और जल्द ही एल्डरमैन की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होना है। इसको लेकर दावेदारों में हलचल बढ़ गई है। हालांकि ये नाम संगठन की ओर से ही दिए जाएंगे, इसलिए अपने-अपने समर्थकों को एल्डरमैन बनाने के लिए नेता दम भी लगाएंगे। वहीं पिछले निगम चुनाव में किसी न किसी कारण से टिकट से वंचित रहे भाजपा नेता और वरिष्ठ नेताओं में से एल्डरमैन मनोनीत किए जा सकते हैं। प्रक्रिया कब से शुरू होगी, इसको लेकर अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अब जब ऊपर से ही हरी झंडी मिल गई है तो जल्द ही सबकुछ तय हो जाएगा। प्रदेश में अधिकांश निगम, मंडल और बोर्ड खाली पड़े हैं। एक समय था, जब नेताओं का बड़े निगम-मंडलों में बोलबाला हुआ करता था।

# भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का अड्डा बनता जा रहा एम्स भोपाल-रवि परमार

### एनएसयूआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर की एम्स भोपाल के डायरेक्टर की शिकायत

भोपाल। एम्स भोपाल में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े जैसी गंभीर आरोप लगाते हुए एनएसयूआई नेता रवि परमार ने कुलपति को हटाने के बाद भी गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में शामिल करने के मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर एम्स भोपाल के डायरेक्टर की शिकायत की है। इसके साथ ही उन्होंने एम्स भोपाल की 14वीं गवर्निंग बॉडी के सभी निर्णयों पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की है। रवि परमार ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक मात्र एम्स भोपाल में लगातार गड़बड़ी बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर गुरुवार को एनएसयूआई ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखा गया है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है की अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( एम्स ) भोपाल के डायरेक्टर की लगातार लापरवाही बढ़ती जा रही है। डायरेक्टर द्वारा मई 2024 में भी भोपाल एम्स की 14 वीं गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में 24 मई 2024 को राजीव गांधी विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचारी पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुनिल कुमार को शामिल किया गया जो कि राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपए के घोटाले में फरार थे। वहीं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार

कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजपत्र जारी कर 14 मई 2024 को ही राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो सुनिल कुमार को हटाकर मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक खंडेलवाल को गवर्निंग बॉडी का सदस्य बना दिया गया था। लेकिन उसके बावजूद एम्स डायरेक्टर द्वारा करोड़ों रुपए के घोटाले के फरार आरोपी प्रोफेसर सुनिल कुमार को गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में शामिल किया गया। रवि परमार ने बताया कि एम्स की गवर्निंग बॉडी एक महत्वपूर्ण बॉडी होती हैं, जोकि एम्स से संबंधित फाइनेंशियल और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेती हैं। परमार ने पत्र में भोपाल एम्स की 14 वीं गवर्निंग बॉडी के समस्त निर्णयों पर तत्काल रोक लगाकर गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष और एम्स भोपाल के डायरेक्टर अजय सिंह पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश देने की मांग करते हुए कहा कि एम्स भोपाल भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का अड्डा बनता जा रहा है।

# महिला कांग्रेस भी महिलाओं के बीच जाकर सदस्य बनाएगी

भोपाल। एक तरफ भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है और अब दूसरी ओर कांग्रेस भी अपना सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इसकी शुरुआत महिला कांग्रेस से की जाएगी। महिला कांग्रेस हर शहर में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोडने के लिए इसी माह अभियान शुरू करने जा रही है।

कांग्रेस को ताकत देने के लिए प्रदेश के नेता कई प्रकार के जतन कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब सदस्यता अभियान चलाने की बात कही जा रही है। ये सदस्यता अभियान फिलहाल महिलाओं के लिए चलाया जाएगा। जिस तरह से भाजपा ने लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के एक बड़े वर्ग को अपने पक्ष में किया है, अब कांग्रेस उसमें घुसपैठ करना चाह रही है। हालांकि राहुल गांधी और जीतू पटवारी जैसे नेता पहले ही कह चुके हैं कि कांग्रेस में अब महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। इसी को लेकर सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक का कहना है कि इसी महीने इसकी शुरुआत की जाएगी। सदस्यता अभियान का स्वरूप कैसा होगा, इसको लेकर अभी योजना बनाई जा रही है। कांग्रेस का प्रयास है कि अधिक से अधिक महिलाओं को महिला कांग्रेस से जोड़ा जाए और प्रदेश सरकार की महिला विरोधी हकीकत उनको बताई जाए।

# 10 साल बाद भी सरकार के निर्देशों का पालन नहीं

भोपाल । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भृत्य, चपरासी का नाम परिवर्तित कर कार्यालय सहायक किए जाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 साल पहले की थी। लेकिन विडंबना यह है कि अधिकारी अभी तक चपरासी का पद नाम कार्यालय सहायक नहीं कर पाए। जानकारों का कहना है कि बिना वित्तीय भार वाले काम करने में अधिकारियों की रूचि कम होती है। इस कारण यह मामला पिछले एक दशक से लटका हुआ है। मप्र कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक वीरेन्द्र खोंगल का कहना है कि दिवंगत कर्मचारी नेता स्वर्गीय देवीप्रसाद शर्मा की मांग पर सभी संघों की मौजूदगी में यह घोषणा हुई थी कि चपरासी शब्द का विलोपन कर चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को कार्यालय सहायक का दर्जा मिलेगा, फिर भी उपेक्षा हो रही है।

वर्ष 2014 में पूर्व सीएम ने शिवराज ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान अपने ही आवास पर यह घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि चपरासी शब्द का विलोपन करते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कार्यालय सहायक का दर्जा दिया जाएगा। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी बाकायदा सम्मान मिलना चाहिए। क्योंकि अन्य कर्मचारियों की तरह वह भी सरकार के खजाने से वेतन पाते हैं। मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा का कहना है कि कर्मचारी संगठनों से चर्चा के दौरान ही पूर्व सीएम ने अपने आवास पर यह घोषणा की थी। इस पर शासन का कोई वित्तीय भार भी नहीं आ रहा है। फिर भी अफसरों ने इस घोषणा से संबंधित कोई आदेश जारी नहीं किए हैं।

### फाइलों में दब गया मामला

जानकारी के अनुसार विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर होने वाले चपरासी शब्द का विलोपन फाइलों में दब गया है। जबकि दस साल पहले पूर्व सीएम ने ही यह घोषणा की थी। कहा था कि इन्हें कार्यालय सहायक नाम का दर्जा दिया जाएगा। यह ऐसी मांग है जिस पर सरकार का कोई वित्तीय भार भी नहीं आ रहा है। उसके बाद भी अधिकारियों की इसमें कोई रुचि नहीं दिख रही है। जबकि इस मामले में सामान्य प्रशासन विभाग को सिर्फ एक आदेश जारी करना है। कर्मचारी संगठन भी इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव और मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। मौखिक रूप से मुलाकात हुई है। उसके बाद भी आज तक आदेश जारी नहीं किया गया है।

# कांग्रेस नेता ने जिन परिवहन आरक्षकों की भर्ती पर सवाल उठाए थे, उनकी नौकरी पर संकट

### -11 साल पहले व्यापमं के जरिए हुई थीं भर्तियां

भोपाल । 11 साल पहले व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षा के जरिए भर्ती हुए 45 परिवहन आरक्षकों की नौकरी पर संकट गहरा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने महिला पदों के विरुद्ध भर्ती किए गए पुरुषों की नियुक्ति समाप्त करने का फैसला दिया है। खास बात यह है कि 2013 में परिवहन आरक्षकों की भर्ती परीक्षा को लेकर कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने सवाल उठाए थे। इस मामले में मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज भी किया गया था। परिवहन विभाग ने महिला आरक्षकों के 52 पदों के विरुद्ध पुरूषों की भर्ती कर दी थी। तब कांग्रेस नेता ने प्रदेश के बाहर के लोगों को मप्र का निवासी बताकर परिवहन आरक्षक के पद पर भर्ती करने का मामला उठाया था। इसके बाद 7 लोग नौकरी छोडकृर चले गए थे। जबकि 45 नौकरी कर रहे हैं। जिनकी नियुक्ति को ग्वालियर निवासी हिमादी राजे ने कोर्ट में चुनौती दी। पहले मप्र हाईकोर्ट ने भी नियुक्ति रद्द करने का फैसला दिया था। इसके खिलाफ परिवहन विभाग सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। वहां से भी परिवहन विभाग को निराशा हाथ ली है। सुप्रीम कोर्ट में फिर इसकी सुनवाई 13 सितंबर को होना है। सुप्रीम कोर्ट में परिवहन आयुक्त से लेकर विभाग के प्रमुख सचिव एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को पार्टी बनाया गया है।

# धार्मिक जुलूस में अब नहीं बजेंगे भडक़ाऊ गाने

भोपाल। मध्यप्रदेश में धार्मिक जुलूस में अब भडक़ाऊ गाने नहीं बजेंगे। इसके लिए डीजे संचालकों को पुलिस विभाग ने निर्देश दिए है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि- डीजे पर आपत्तिजनक गाने नहीं बजाए जाएं। यदि ऐसा किया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एमपी के डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है। सोशल मीडिया पर 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाएगी। इसी तरह आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए है। किसी भी अफवाह का तत्काल खंडन कर जनता को मैसेज तुरंत दिया जाए। इसी तरह अवैध शराब कारोबारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना होगा कि पुलिस विभाग इसका कड़ाई से पालन करवा पाता है या नहीं।

# अतिथि शिक्षकों की राह पकड़ सकते हैं अतिथि विद्वान

भोपाल । प्रदेश के 4800 अतिथि विद्वान जल्द ही अतिथि शिक्षकों की तर्ज पर मोहन सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल सकते हैं। अतिथि विद्वानों के आंदोलन की वजह एक साल से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणाओं पर अमल नहीं हो पाना है। अतिथि विद्वान संघ ने कहा है क महाविद्यालयों में 25 साल से पढ़ाने के बाद भी वे कांग्रेस और बीजेपी की सत्ता में फुटबाल की तरह बनकर रह गए हैं। अब एक साल बाद फिर वे सरकार को याद दिला रहे हैं कि उनके लिए की गई गोषणाओं पर सरकार अमल करे।

राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अतिथि विद्वान नियमितिकरण संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत भदौरिया और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि कई अतिथि विद्वान पचास साल की उम्र पार कर चुके हैं। इसलिए अब उन्हें निकाला नहीं जाएगा, ऐसा ऐलान खुद पूर्व सीएम शिवराज ने अपने निवास पर बुलाई गई अतिथि विद्वानों की महापंचायत में किया था। इस संघ के द्वारा कहा गया कि विभाग द्वारा ट्रांसफर के नाम पर हर साल अतिथि विद्वानों को यह कहकर हटा दिया जाता है कि महाविद्यालय अतिथि विद्वान कार्यरत नहीं है जबकि नियुक्ति और वेतन हर माह विभाग द्वारा दिया जाता है।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भदौरिया ने बताया कि 11 सितम्बर को जो घोषणा की गई थी, उसमें से एक पर भी अमल नहीं किया गया। पहले 1500 एक कार्यदिवस पर मिलते थे जिसे पूर्व सीएम शिवराज ने 50 हजार रुपए तक महीने फिक्स वेतन के रूप में देने को कहा था। इसके विपरीत सिर्फ दो हजार रुपए कार्यदिवस के हिसाब से वेतन दिया जाता है। ऐसे में किसी महीने 22 दिन तो किसी महीने 25 दिन का वेतन मिलता है। राष्ट्रीय और धार्मिक अवकाश के दिन अगर बुला लिया तो उसका वेतन नहीं मिलता है। इसके अलावा अन्य कोई सुविधा भी नहीं दी जा रही है।

# अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारी-कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाए - मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक वर्षा की संभावना है। अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी पर नहीं जाएं। अतिवर्षा के बावजूद भी जनजीवन सामान्य रहे, इसके लिए समय रहते आवश्यक सावधानियां बरतते हुए बचाव के कार्य किए जाएं। लोगों के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जनहानि के लिए संबंधित अधिकारी को जिम्मेदार माना जाएगा। अतिवर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षा व सुविधा प्रदान करने के लिए राहत शिविर लगाएं और इसमें सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी सहयोग लिया जाएं। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का आँकलन और पशु हानि की जानकारी भी यथाशीघ्र लेना आरंभ किया जाए। राहत राशि के वितरण में विलंब न हो, बाढ़ और अतिवृष्टि से पीड़ितों को राहत के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है। राहत शिविरों में स्वच्छ पेयजल, दवाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में अति वर्षा से निर्मित स्थिति और बचाव के लिए

समत्व भवन में ली गई आपात बैठक में उक्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों की स्थिति की समीक्षा की। वी.सी. में समस्त संभागीय आयुक्त, आईजी, कमिश्नर आफ पुलिस, जिला कलेक्टर, एसपी जुडें।

### निचली बस्तियों में रहने वालों को समय रहते सतर्क किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वर्षा का चक्र बदलने के कारण सितंबर माह में जितनी वर्षा होनी चाहिए उससे अधिक हो रही है। निचली बस्तियों में रहने वालों को समय रहते सतर्क किया जाए और आवश्यकता अनुसार उन्हें राहत शिविरों में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन रपटों और पुलों पर पानी है, वहाँ तत्काल आवश्यक सावधानी व सतर्कता बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अति वर्षा के प्रभाव से हुई जनहानि और पशु हानि की स्थिति में राहत उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टरों को जनहानि की स्थिति में चार-चार लाख रुपए की सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा कर कलेक्टरों को तत्काल राशि परिजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### बाढ़ में फंसे लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था की जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां पर भी बाढ़ के पानी में लोग फंसे हैं उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था की जाए। पुराने जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर सुरक्षात्मक व्यस्था की जाए और आवश्यकता होने पर निवासियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना सहित, प्रमुख सचिव, जल संसाधन, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, राजस्व, लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा उपस्थित थे।

# बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित की टीम, शंटो करेंगे कप्तानी

## शोरिफुल की जगह खालिद शामिल

ढ़ाका। बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ 19 सितंबर से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी नजमुल हुसैन शंटो के पास ही रहेगी। उनकी कप्तानी में टीम ने पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। वहीं टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह पर गेंदबाज खालिद अहमद को शामिल किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी ) के अनुसार 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी शंटो के पास ही रहेगी।

वहीं पाक के खिलाफ सीरीज में बाहर रहे सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय को इस सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। हसन कमर में चोट के कारण पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं थे। वहीं शोरिफुल भी कमर दर्द के कारण ही भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर रहेंगे। पाक के खिलाफ इस गेंदबाज ने रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की थी।

शोरिफुल शोरिफुल की जगह खालिद अहमद को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मौका मिला है। खालिद पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पाए थे। वहीं विकेटकीपर जाकिर अली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम इस प्रकार है- नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, ताइजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन,खालिद अहमद।

## प्रतिभाओं की कमी के कारण पीछे जा रहा पाक क्रिकेट – गांगुली

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके खराब होते प्रदर्शन का कारण मैच विजेता खिलाड़ियों का टीम में नहीं होना है। गांगुली ने कहा कि पाक में अच्छी प्रतिभाएं नहीं उभर रही हैं, इसी कारण उसे मैच विजेता खिलाड़ी नहीं मिले रहे। उन्होंने कहा कि मैच विजेताओं को तैयार करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को हालात का सही तरीके से आंकलन करना होगा। गांगुली का ताजा बयान हाल में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर सामने आया है। पाक को अपने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा आईसीसी टूर्नामेंटों में भी उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। एकदिवसीय विश्वकप में पाक टीम लीग चरण से ही बाहर हो गयी थी। इसके अलावा टी20 विश्व कप के दौरान भी वह शुरु में ही बाहर हो गयी। यहां तक कि उसे अमेरिका जैसे नई टीम ने तक हरा दिया। इसी को लेकर गांगुली ने कहा कि पाक में प्रतिभाएं नजर नहीं आ रही हैं जबकि एक समय पा पाक से जावेद मियांदाद, वसीम, वकार, सईद अनवर, मोहम्मद यूसुफ और यूनिस खान जैसे क्रिकेटर निकले हैं पर वर्तमान में टीम मैच नहीं जीत रही जबकि हर पीढ़ी को जीतने के लिए शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करना होता है। साथ ही कहा कि टीम को फिर से बेहतर बनाने के प्रयास पाक बोर्ड पीसीबी को ही करने होंगे।

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : भारतीय हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 3–1 से हराया

हुलुनबुइर। भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए दक्षिण कोरियाई टीम को 3–1 से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने अपना चौथा मुकाबला जीतकर ग्रुप में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा है। भारतीय टीम ने पहले मैच में मेजबान टीम को चीन को 3–0 से जबकि दूसरे में जापान को 5–0 और इसके बाद गत उप विजेता मलेशियाई टीम को 8–1 से हराया है।

कोरिया के खिलाफ मैच में भारतीय टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो जबकि अराईजीत सिंह हुंडल ने एक गोल किया। मैच शुरुअ होने के साथ ही भारतीय टीम की ओर से पहला गोल आठवें मिनट में अराईजीत ने किया। वहीं इसके एक मिनट बाद ही कप्तान हरमनप्रीत ने नौवें मिनट में गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को 2–0 कर दिया। इसके बाद 43वें मिनट हरमनप्रीत ने गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को और बढ़ा दिया। वहीं कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर किया। भारतीय टीम अब शनिवार को अपने अंतिम लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपने सभी मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है।

## बांग्लादेश के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी कर रहे शुभमन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल आजकल बांग्लादेश के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। शुभमन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप किसी भी अंतरराष्ट्रीय टीम को कम आंक सकते हैं। इसलिए हम बांग्लादेश के खिलाफ पूरी ताकत से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश ने जिस तरह की क्रिकेट खेली है, खासकर पाकिस्तान में उससे पता चलता है कि अब वह एक अच्छी टीम बन गयी है। इसलिए ये मुकाबला अच्छा होगा।

इस बल्लेबाज ने कहा है कि उन्होंने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी जिसके अनुभवों से उनकी बल्लेबाजी बेहतर हुई। इंग्लैंड की उसी सीरीज से उन्हें लाभ हुआ और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। शुभमन ने कहा कि तब इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हारने के बाद हम पर दबाव था। उस समय कई अनुभवी खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में उन्हें बेहतर खेलकर अपने को साबित करने का अवसर मिला।

शुभमन ने कहा कि मैंने पहले कभी 5 टेस्ट मैच नहीं खेले थे, इसलिए उस सीरीज का अनुभव एक अच्छा अनुभव और रोमांचक था। शुभमन ने 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 91 रन की साहसिक पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा था।

वहीं इंग्लैंड दौरे, आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और 2022 और 2024 की शुरुआत के बीच दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान खराब प्रदर्शन के बाद उनपर सवाल उठने लगे थे। वहीं शुभमन ने इस साल 6 टेस्ट की 11 पारियों में 49.80 की औसत से 498 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 2 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है। गिल ने 25 टेस्ट मैचों की 46 पारियों में 35.52 की औसत से 1,492 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और 6 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी पैरालंपिक पदक विजेताओं से मिले, जीत की बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर पेरिस पैरालंपियन खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात में सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें जीत के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय ने इस मुलाकात का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें प्रधानमंत्री पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते दिख रहे हैं।

इस दौरान महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया। परमार ने प्रधानमंत्री से पदक पर आटोग्राफ देने का अनुरोध किया जिसके बाद प्रधानमंत्री उनके पदक पर हस्ताक्षर करते दिखे। इस कार्यक्रम में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझड़िया भी उपस्थित थे।

भारत ने पैरालंपिक खेलों में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 29 पदक जीते हैं। पेरिस खेलों में भारत नले 84 सदस्यीय दल भेजा था। वहीं इससे पहले टोक्यो खेलों में भारतीय दल को 19 पदक मिले थे। इन खेलों के दौरान भारत ने पहली बार एथलेटिक्स की ट्रैक स्पर्धाओं में पदक जीता। इसके अलावा तीरंदाजी में पहली बार हरविंदर सिंह ने भारती के लिए स्वर्ण जीता। इससे पहले खेल मंत्री ने एक समारोह में पैरालंपियन खिलाड़ियों का सम्मान भी किया था। उसमें खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये का पुरस्कार जबकि वहीं मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए दिये थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी खिलाड़ी को एक साल के लिए निलंबित किया

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई हॉकी संघ ने पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने के प्रयास करनेवाले अपने खिलाड़ी को एक साल के लिये निलंबित कर दिया है। क्रेग को पेरिस ओलंपिक में सात अगस्त की रात को कोकीन खरीदने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया पर बाद में छोड़ दिया गया। इस मामले में इस ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी और एक रात हिरासत में रखने के बाद रिहा कर दिया गया था। वहीं इसको लेकर हॉकी आस्ट्रेलिया ने कहा, 'राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी क्रेग की पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी की जांच के बाद नैतिकता ईकाई ने एक साल के लिए उन्हें निलंबित कर दिया। साथ ही कहा कि छह महीने के लिए उनका पूरी तरह से निलंबन होगा और बाकी छह महीने उनके व्यवहार पर नजर रखी जाएगी। निलंबन पूरा करने के बाद साल 2025 के लिये टीम में चयन के लिए वह भी टीम की योजनाओं में शामिल रहेंगे।

## बाबा फरीद गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट 19 सितंबर से शुरु होगा

जैतो। 32वां ऑल इंडिया बाबा फरीद गोल्ड कप घरेलू हॉकी टूर्नामेंट 19 सितंबर से शुरु होगा। इसके लिए तैयारियों जोरों पर हैं। इसमें 12 टीमें खेलेंगी। ये टूर्नामेंट हॉकी क्लब फरीदकोट में 19 से 23 सितंबर तक खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट बाबा फरीद आगमन पर्व पर आयोजित किया जा रहा है। बाबा फरीद हॉकी क्लब फरीदकोट के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह के अनुसार इस राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट में देश की 12 टीमें भाग लेंगी जिनमें जरखड़ अकादमी, ईएमई. जालंधर, एएमसी जालंधर, डीएसएफ जालंधर, सीआरपीएफ नवी दिल्ली, भारतीय नौसेना मुंबई, पीएसपीसी पटियाला, रेलवे कोच फैक्ट्री कपूरथला, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, लवली यूनिवर्सिटी, मेलबर्न क्लब फरीदकोट क्लब इलेवन आदि टीमें भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट से खेल की युवा प्रतिभाएं सामने आयेंगी। जिन्हें अपने कौशल को दिखाने का एक मंच मिलेगा।

## भारतीय टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन पर हैं नाहिद ही नजरें

ढाका। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की टेस्ट सीरीज में 2–0 की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं अब नाहिद का लक्ष्य भारत के खिलाफ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना है। इस तेज गेंदबाज से भारतीय बल्लेबाजों को सतर्क रहना होगा क्योंकि ये 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के साथ ही अपनी लाइन व लैंथ भी बेहतर बनाये रखता है। पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में दूसरे टेस्ट मैच में नाहिद ने 44 रन देकर चार विकेट लिए थे। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिय में अपना एक वीडियो साझा कर कहा है कि वह भारतीय टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। इसमें उसने कहा, 'निश्चित रूप से हम भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। हमने अभ्यास शुरू कर दिया है। हम जितना अधिक अभ्यास करेंगे उतना अधिक हम मैच के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा, 'भारत की टीम अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। पाक के खिलाफ भी उसका प्रदर्शन प्रभावी रहा था। नाहिद ने कहा, 'पाकिस्तान दौरे पर जाने से पहले मैंने कहा था कि मैं अपने देश के लिए कुछ हासिल करना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि मुझसे जो उम्मीद की गई थी उसे मैंने पूरा किया। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा, यहां की पिच पर उछाल मिलने की उम्मीद है। ऐसे में जब राणा ने कहा कि वह फिर से 152 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हैं। साथ ही कहा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। साथ ही कहा कि तेजी को लेकर आप हमेशा कुछ नहीं कह सकत हैं। यह लय पर निर्भर होता है।

हालांकि बहुत अच्छी है पर से भी सही है कि मैच के दिन जो टीम अच्छा खेलेगी जीत उसे ही मिलेगी। इस तेज गेंदबाज ने इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ही 150 किमी प्रति घंटे से

## दिलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड की शुरुआत में ही रुतुराज चोटिल होकर बाहर हुए

अनंतपुर। यहां दिलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड की शुरुआत में ही इंडिया सी के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को चोटिल होने के बाद रिटायर होकर बाहर होना पड़ा है। रुतुराज का टखना रन लेने के दौरान मुड़ गया था। इससे पहले उन्होंने चौका भर लगाया था। वह इंडिया बी के खिलाफ मैच की दूसरी गेंद पर ही चोटिल हो गये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गायकवाड़ ने मैच की पहली ही गेंद पर एक चौका लगाया था पर इसके बाद वाली गेंद वह खेल नहीं पाये। इसके बाद उनकी जगह पर रजत पाटीदार बल्लेबाजी के लिए उतरे। अनंतपुर में इससे पहले के राउंड में रुतुराज की कप्तानी में ही इंडिया सी टीम ने इंडिया डी को कराया था। तब 236 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रुतुराज ने इंडिया सी की ओर से 48 गेंदों में ही 46 रन की तेज पारी खेली थी। गायकवाड़ को पिछले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया था पर उंगली में चोट के कारण वह खेल नहीं रक पाये थे।

## भारत के लिए लकी रहा है चेपक मैदान

मुम्बई। भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से यहां के एम ए चिदंबरम (चेपक) स्टेडियम में सीरीज का पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। वहीं मेहमान टीम बांग्लादेश भी पाकिस्तान में जीत से उत्साहित होकर बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं इस मैदान पर हुए मैचों पर नजर डालें तो भारतीय टीम के लिए लिए ये लकी रहा है। यहां भारतीय टीम अधिकतर मैच जीती है और उसे केवल सात मैचों में ही हार का सामना करना पड़ा है जबकि बांग्लादेश यहां अपना पहला मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने चेन्नई में 34 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से 15 में उसे जीत मिली है। टीम इंडिया यहां केवल 7 मैच हारी है जबकि 11 मैच बराबरी पर रहे। भारत और ऑस्ट्रेलिया का एक टेस्ट मैच चेन्नई में टाई भी रहा है। चेन्नई में भारत का टेस्ट मैचों में जीत का औसत 44 फीसदी से ज्यादा है और ये अन्य मैदानों से कहीं ज्यादा है। ऐसे में स्पिनरों की सहायक इस पिच पर भारतीय टीम एक बार फिर बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले मैच के लिए 3 स्पिन ऑलराउंडर, एक स्पेशलिस्ट स्पिनर, और तीन तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। चेन्नई की पिच पर हमेशा ही स्पिनरों का दबदबा रहा है। यहां के मैदान पर 12 गेंदबाजों ने 15 या इससे अधिक विकेट लिए हैं, जिनमें से 11 स्पिनर रहे हैं। सबसे अधिक 48 विकेट यहां अनिल कुंबले के नाम हैं। वहीं बल्लेबाजों की बात करें तो वर्तमान क्रिकेटरों में विराट कोहली चेन्नई में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं/। उन्होंने यहां 4 मैच में 267 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल है। आर अश्विन के नाम यहां 229, रोहित शर्मा के 205 और केएल राहुल के नाम 199 रन हैं।

## चौथे दिन भी शुरु नहीं हो पाया अफगानिस्तान–न्यूजीलैंड टेस्ट

### अंतिम दिन भी खेल होने की संभावना नहीं

ग्रेटर नोएडा । अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच यहां होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन भी टॉस नहीं हो पाया। वहीं इससे पहले बारिश के कारण तीन दिन का खेल नहीं हो पाया था। अंपायरों ने गुरुवार की सुबह करीब सवा 9 बजे के आसपास ये फैसला लिया गया कि आज भी मैच शुरू नहीं होगा, क्योंकि बारिश का पानी स्टेडियम से निकल नहीं पाया है। अब एक ही दिन का खेल बचा है वह भी होना संभव नजर नहीं आ रहा है। मैच नहीं होने से अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) को करारा झटका लगा है। एसीबी न्यूजीलैंड के साथ होने वाले इस टेस्ट मैच को लेकर उत्साहित था पर बारिश ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एसीबी ने इसी कारण भारतीयय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से नाराजगी भी जतायी थी। आधिकारिक प्रसारक एंड्रयू लियोनार्ड का कहना है कि कल भी यही स्थिति रहेगी।

बीसीसीआई ने इस स्टेडियम को 2017 में ही प्रतिबंधित कर दिया था। बावजूद इसके अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसपर मैच रखने का फैसला किया। ऐसे में बीसीसीआई ने इसमें होने वाली गलती के लिए उसे ही जिम्मेदार माना है।

## वॉन के बेटे आर्ची ने आउंटी के दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन किया

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची वॉन का काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी है। सोमरसेट की ओर से अपने पहले ही मैच से डेब्यू से ही सभी का ध्यान खींचने वाले आर्ची ने दूसरे मुकाबले में भी ऑलरराउंड प्रदर्शन किया। आर्ची ने सरे के खिलाफ पहली पारी में 44 रन बनाने के बाद 6 विकेट भी लिए। आर्ची ने काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन 1 में अपने इस प्रदर्शन से इंग्लैंड के क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीत लिया। उन्होंने 37 ओवर में ही 102 रन देकर 6 विकेट ले लिए। इससे सरे की टीम 321 रन ही बना पायी। इसके अलावा अनुभवी स्पिनर जैक लीच ने भी बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेकर सरे की पारी को समेट दिया।

## आर्चर और साकिब ने मिलकर लगायी हैट्रिक

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों जोफा आर्चर और साकिब महमूद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में शानदार गेंदबाजी करते हुए साथ मिलकर हैट्रिक लगायी है। इसी के साथ ही आर्चर और साकिब ने एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इन गेंदबाजों ने मिलकर लगातार तीन गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट लिए। इस दौरान तीनों ही बल्लेबाज बोल्ड हुए। आर्चर और महमूद की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पायी। .

ऑस्ट्रेलियाई पारी का 18वां ओवर आर्चर ने किया। आर्चर ने इस ओवर की पांचवीं गेंद पर शॉन एबट को 4 रनों पर ही बोल्ड कर दिया। अगली गेंद पर उन्होंने बार्टलेट को आउट कर लगातार दो गेंदों पर दो विकेट ले लिए। इसके बाद साकिब महमूद ने ने अगले ओवर में पहली ही गेंद पर कैमरन ग्रीन को क्लीन बोल्ड कर हैट्रिक पूरी की। ग्रीन 13 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इस मैच मे हालांकि ट्रेविस हेड के तेज अर्धशतक से आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन गेंद बाकी रहते 179 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने इस मैच में अपने चार विकेट 52 रन पर ही खो दिये। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन 37 और सैम कुरेन 18 ने वापसी की कोशिश करते हुए पांचवें विकेट के लिये 54 रन जोड़कर पारी संभालने का प्रयास किया।

## चहल का काउंटी में शानदार प्रदर्शन, 9 विकेट लिए

लंदन। पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल आजकल काउंटी क्रिकेट में छाये हुए हैं। चहल को आज तक एक भी टेस्ट मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे में वह अपने को इस प्रारुप में साबित करने के लिए काउंटी में प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत ही वह नॉर्थम्पटनशर की ओर से 9 विकेट लेने में सफल रहे।



चहल के इस प्रदर्शन से नॉर्थम्पटनशर ने विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में डबीशर को 133 रनों से हरा दिया।डबीशर पहली पारी में 165 और दूसरी पारी में 132 रन पर सिमट गयी। नॉर्थम्पटनशर ने पहली पारी में 219 और दूसरी पारी में 211 रन बनाए थे। अब देखना है कि चहल के इस प्रदर्शन से वह चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने में सफल होते हैं कि नहीं। चहल को अबतक दलीप ट्रॉफी में भी जगह नहीं मिली है हालांकि वह टी20 के एक बेहतरीन स्पिनर हैं। चहल ने भारत के लिए 152 मैच खेले हैं पर इसमें एक भी टेस्ट मैच शामिल नहीं है।

### मप्र के 6 जिलों में बाढ़, लगातार बारिश और जलभराव से खरीफ की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान...

# मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक, कहा- जहां जरूरत हो, वहां हेलिकॉप्टर से करें एयरलिफ्ट

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बने स्ट्रॉन्ग सिस्टम के चलते मप्र के 28 जिलों में बुधवार को तेज बरसात हुई। ग्वालियर में 24 घंटे में 8 इंच और भोपाल में ढाई इंच बरसात हुई। दतिया में 400 साल पुराने किले की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। प्रदेश में लगातार बारिश और बाढ़ ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में खरीफ की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। किसान संगठनों का दावा है कि फसलों को करीब 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है, लेकिन अभी तक सरकार फसलों को हुए नुकसान के बारे में कोई नतीजा नहीं निकाल पाई है।

किसानों के मुताबिक सोयाबीन, कपास, मूंग, सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। सब्जियों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे बाजार में कीमतें बढ़ गई हैं, किसानों ने कहा कि जितनी भी सब्जियां बाजार में जा रही हैं, उनकी कीमतों में भारी उछाल है। इसी तरह सोयाबीन, कपास और मूंग जैसी खरीफ की कई फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### सोयाबीन को सर्वाधिक नुकसान

प्रदेश में पहले अल्पवृष्टि के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ था। अब अतिवृष्टि के कारण फसलें चौपट हो गई है। प्रदेशभर में पिछले 5-6 दिन से लगातार

बारिश हो रही है। बारिश के कहर से किसानों के हाल बेहाल हैं। बाढ़, बारिश के कारण उड़द और सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई। सर्वाधिक नुकसान सोयाबीन की फसल को हुआ है। बारिश के कारण प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान हुआ। मालवा-निमाड़ और इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में खेतों में पानी भर गए हैं। नर्मदा और चंबल नदी में आई बाढ़ के कारण हजारों हेक्टेयर भूभाग में खड़ी फसलें डूब गई। किसानों का कहना है खेतों में जल भराव होने से अब फसलों को नया जीवन मिलना मुश्किल है। मध्य प्रदेश में पहले सूखे की वजह से किसान परेशान था क्योंकि सोयाबीन की फसल मुरझा गई थी। कम दिनों में पकने वाली सोयाबीन को सूखे के समय सबसे अधिक नुकसान हुआ और अधिक दिनों में पकने वाली सोयाबीन बच गई थी। अब भीषण बारिश ने अधिक दिनों में पकने वाली सोयाबीन को भी बर्बाद कर दिया है। खेतों में पानी भरा हुआ है और किसान परेशान हैं।

### सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग

प्रदेश में तेज बारिश व नदी नालों की बाढ़ से सोयाबीन व मिर्च फसल तबाह हो गई। बारिश व नदी नालों का खेतों में घुस गया। किसानों ने बताया बारिश इतनी तेज थी कि खेत की मिट्टी तक बह गई। किसानों ने शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है। खरगोन जिले के बमनाला, सेल्दा, कोयड़ा, सुरवा, लखापुर, शकरखेड़ी सहित आसपास के गांव में तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई। वेदा नदी में उफान व सहायक नदी नालों में बाढ़ से कपास, मिर्च व सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई। आड़ी पड़ी फसल अब दोबारा खड़ी होने की उम्मीद खत्म हो गई है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने एक सप्ताह पहले अतिवृष्टि से नुकसान का सर्वे करने के आदेश दिए हैं। नुकसानी का आरबीसी 6-4 के प्रकरण बनाने को कहा है। फसल, मकान पशुधन के हानि में पीड़ितों को राहत मिलेगी। एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार क्षति का सर्वेकर प्रकरण तैयार करेंगे। हालांकि अभी तक सर्वे शुरू भी नहीं हुआ है।

### बाढ़ से घिरा डबरा, 60 गांवों से संपर्क टूटा

डबरा कस्बा और सेंकरा गांव बाढ़ से घिर गया है। स्थानीय प्रशासन बाढ़ में फंसे 400 लोगों को निकाल चुका है। लोगों को रेस्क्यू करने हैदराबाद से 60 लोगों की टीम एयरफोर्स के विशेष विमान पहुंची है। एनडीआरएफ की टीम लोगों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट करेगी। डबरा की पूर्व विधायक इमरती देवी ने बताया सेकरा, सरबा, सिरसा, मितगन, नंदू का डेरा, कैथोदा सहित करीब 10 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। ड़बरा शहर में ही कई इलाकों में लोग प्रभावित हैं। वहीं भितरवार विधायक मोहन सिंह राठौर ने बताया कि क्षेत्र में पार्वती नदी उफान पर है। 30 से ज्यादा गांव प्रभावित हैं।

### भिंड में तीन नदियां खतरे के निशान पर

इधर, भिंड में क्वांरी, सांक और सिंध नदी खतरे के निशान पर बह रही हैं। 50 गांवों में अलर्ट है। नर्मदापुरम में नर्मदा नदी खतरे के निशान से 7 फीट नीचे बह रही है। इंदिरा सागर बांध के 12, ओंकारेश्वर बांध के 11 गेट और मड़ीखेड़ा डैम के 4 गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। भोपाल में केरवा के 3, कलियासोत के 2 और भदभदा का 1 गेट खुला है। लहार में तेज बारिश से कच्चे मकान की दीवार गिर गई। दबने से गणेशराम तिवारी (38) की मौत हो गई। 10 साल की भूमि तिवारी घायल है। टीकमगढ़ में तेज बारिश से बरेठी गांव में लोगों के घरों में पानी भर गया।

### अफसरों की छुट्टी पर रोक

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अत्यधिक बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्थिति सामान्य होने तक अधिकारियों-कर्मचारियों को छुट्टी पर रोक लगा दी है। जहां पर भी बाढ़ के पानी में लोग फंसे हैं, उन्हें हेलिकॉप्टर की सहायता से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्षा का चक्र बदलने के कारण सितंबर महीने में जितनी बारिश होनी चाहिए, उससे अधिक हो रही है। अत्यधिक बारिश के बावजूद भी जनजीवन सामान्य रहे, इसलिए समय रहते आवश्यक सावधानियां बरतते हुए बचाव के कार्य किए जाएं।

### जनहानि और पशु हानि पर राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि अत्यधिक बारिश के कारण हुई जनहानि और पशु हानि की स्थिति में राहत उपलब्ध कराई जाएगी। यादव ने सभी कलेक्टरों को जनहानि की स्थिति में चार-चार लाख रुपए की सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा कर कलेक्टरों को तत्काल राशि परिजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## सिख समुदाय को लेकर राहुल की बातों में कोई भी तथ्य मौजूद नहीं - भलिंदर सिंह

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे में सिख समुदाय को लेकर दिए गए एक बयान पर विवाद हो गया। जिस सिख व्यक्ति का जिक्र करते हुए राहुल ने जवाब दिया, उसने एक इंटरव्यू में कहा है कि राहुल की बातों में कोई भी तथ्य मौजूद नहीं है। इस शख्स का नाम भलिंदर सिंह वीरमानी है और वे अमेरिका में एक मीडिया हाउस के सीईओ हैं। दरअसल, कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने वीरमानी से कहा था, मेरे पगड़ीधारी भाई, आपका क्या नाम है? लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। क्या सिख के रूप में वे गुरुद्वारे जा सकते हैं या नहीं। यह सिर्फ एक धर्म में नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

भलिंदर सिंह वीरमानी ने कहा है कि मैं पगड़ी और कड़ा पहनकर आराम से भारत आ सकता हूं। इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या आप पगड़ी और कड़ा इसलिए पहन पा रहे हैं कि आप अमेरिका में हैं? हिन्दुस्तान में क्या इसे नहीं पहन पाएंगे? इस पर भलिंदर ने जवाब दिया, मैं इसे पहनकर बेझिझक भारत आ सकता हूं। मुझे जो पहचान मिली है, वह इस पगड़ी की वजह से ही मिली है। बिना किसी वजह के राहुल गांधी ने इस मुद्दे को छेड़ा है। इस मुद्दे में कोई भी तथ्य मौजूद नहीं है। जब भी कोई सिख स्कूल, कॉलेज या किसी और जगह जाता है, तो वहां आज तक ऐसा नहीं हुआ कि उसे पगड़ी और कड़ा पहनने का हक नहीं मिला हो। सभी को यह हक हमेशा मिला है। जो हमारे धार्मिक चिह्न हैं, उसे पहनकर हम लोग गुरुद्वारे, मेट्रो स्टेशन पर जा सकते हैं।

भलिंदर सिंह ने आगे कहा, राहुल गांधी अपने 15-20 मिनट के संबोधन के बाद तुरंत हॉल से बाहर चले गए और हमें सवाल पूछने का मौका ही नहीं मिला। उन्होंने हमें सवाल पूछने का समय ही नहीं दिया। मैं उनसे पूछना चाहता था कि आखिर आपसे किसने कहा है कि ऐसे पगड़ी पहनने की आजादी नहीं है और न ही कड़ा पहन सकता है कोई सिख। मैं जानना चाहता था कि आखिर राहुल से किसने ऐसा कहा, क्या वजह कोई खास एजेंसी है या कोई खास लोग हैं, जिन्होंने ये बातें बताई हैं। राहुल ने कोई भी मीडियाकर्मी के सवाल नहीं लिए।

बातचीत के दौरान भलिंदर सिंह ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह संगठन लंबे समय से अपनी मांगों पर प्रदर्शन करता रहा है। फिर चाहे पीएम मोदी का विदेश दौरा हो, तब भी सिख फॉर जस्टिस विरोध करता है, लेकिन राहुल ने अब जब सिखों को लेकर जो बयान दिया है, उस पर संगठन ने समर्थन किया है। यह काफी आश्चर्य करने वाली बात है। राहुल गांधी को बहुत सोच-समझकर स्टेज का इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि वहां मीडिया मौजूद होता है। इस बार स्टेज का जो राहुल गांधी ने इस्तेमाल किया, वह गलत था।

## 10 मर्दों से शादी, सभी पर रेप आरोप, हाईकोर्ट ने कहा, इस केस ने तो हनी ट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया

बेंगलुरु । कर्नाटक में एक महिला ने 10 मर्दों से शादी की। उनके साथ संबंध बनाए। अब जाकर उसने सभी पर बलात्कार का आरोप लगाया है। इस केस की सुनवाई कर रहे कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा कि इस केस ने तो हनी ट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया है। हाईकोर्ट ने पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक को निर्देश दिया कि वे संदिग्ध महिला दीपिका की जानकारी राज्य भर के पुलिस थानों में डिजिटल रूप से प्रसारित करें और उन्हें उसकी शिकायतों से सावधान रहने के लिए कहें।

सुनवाई के दौर जज ने कहा कि यह तो इस केस ने तो हनी ट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया है। कोर्ट ने कहा, इरादा स्पष्ट है। यह केवल उन लोगों को परेशान करने के लिए है जिनके शिकायतकर्ता से कोई लेना-देना नहीं था। शिकायतकर्ता की हरकतों और चालों का शिकार 10 से ज्यादा लोग हुए हैं, जो हनी-ट्रैप की हद तक हैं। मैं शिकायतकर्ता के कृत्यों को एक दशक पुरानी धोखाधड़ी की गाथा मानता हूं। यह सिर्फ एक के खिलाफ नहीं, बल्कि कई लोगों के खिलाफ है।

कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता लगातार झूठ बोल रही है और बिना किसी ठोस सबूत के केस दर्ज करवा रही है। वह हर सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रही है। जज ने कहा कि इस अदालत के समक्ष भी शिकायतकर्ता एक बार पेश हुई है और कई मौकों पर पेश नहीं हुई है। जज ने कहा, जिस पुलिस थाने के समक्ष शिकायतकर्ता केस दर्ज करवाना चाहेगी उसे उचित प्रारंभिक जांच किए बिना केस दर्ज नहीं करना चाहिए। इस ट्रेंड को रोकना जरूरी है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर अवैध रूप से भेजे गए 45 भारतीयों को सुरक्षित बचाया गया

नई दिल्ली (ईएमएस) विदेश मंत्रालय ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर अवैध रूप से भेजे गए 45 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है और उन्हें रूसी सेना से मुक्त कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि युद्ध क्षेत्र में अभी भी 50 भारतीय नागरिक मौजूद हैं और उन्हें भी सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय इन भारतीय नागरिकों की रिहाई और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में मास्को यात्रा के दौरान, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आश्वासन दिया था कि रूस में रहते तरीके से भर्ती किए गए सभी भारतीय नागरिकों को युद्ध के मोर्चे से हटाकर मुक्त कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के बाद अब रूसी सेना में अवैध रूप से शामिल किए गए भारतीयों की रिहाई शुरू हो चुकी है। रूस ने माना है कि कुछ भारतीय नागरिकों को गुमराह करके सेना में भर्ती कर युद्ध क्षेत्र में भेजा गया था। भारत सरकार की इस दिशा में लगातार कोशिशों के बाद अब उन्हें छुड़ाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जो भी भारतीय नागरिक अभी युद्ध क्षेत्र में हैं, उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष में कम से कम चार भारतीय मारे भी गए हैं।

## बुदबुदा में राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा के धानीटोला आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी परियोजना अधिकारी के निर्देश पर पर्यवेक्षक नीमा बोरकर की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा मक्का मूंगदाल सहित अन्य अनाज से बनने वाले व्यंजनों की जानकारी देते हुए प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात उक्त अनाज से मिलने वाले पोषक तत्वों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी स्टाफ सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को फांसी पर लटकाया

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने दोनों ग्रामीणों को जनअदालत में फांसी पर लटकाकर मौत के घाट उतार दिया है। जबकि एक छात्र को रिहा कर दिया। खबरों के अनुसार नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीणों को मार डाला। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत है। इस घटना के संबंध में पुलिस को फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। घटना कब हुई है और मारे ग्रामीणों का नाम सहित अन्य जानकारी को पता लगाने में पुलिस कोशिशें जारी है।

## बच्चों को न्यूट्रीशियन किट का किया वितरण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नं ११ के गणेश उत्सव में पोषण माह के अंतर्गत न्यूट्रीशियन किट का वितरण किया गया। जिसमें भगवान गणेश की आरती की गई जिसके बाद प्रसाद वितरण के समय महिला बाल विकास के द्वारा ० से ५ वर्ष के बच्चों को न्यूट्रीशियन किट का वितरण कर उसके लाभ बताये गये। इस अवसर पर पार्षद मोनू लिमजे ,खेमचंद लिमजे ,अशोक सोनकुसरे ,दिनेश गोखले ,महेश गोखले ,लक्ष्मी लिमजे ,मधु गोखले, रामेश्वरी मोहबे ,उषा लिमजे ,पार्वती सोनकुसरे ,महावती एरके सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## माओवादियों की सेंट्रल कमेटी ने जारी किए देशभर के आंकड़े, लिखा-अब संगठन कमजोर हुआ

## 20 साल में 5249 नक्सली मरे, 3090 जवानों की हत्या

जगदलपुर। देशभर में साल 2004 से 2024 तक 5249 नक्सलियों की मौत हुई है। इनमें 1000 महिला माओवादी भी शामिल हैं। पुलिस के आक्रामक होने से नक्सली संगठन कमजोर हो गया है। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने 25 पेज का बुकलेट जारी कर अपने 20 साल के नफा-नुकसान का जिक्र किया है।

नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने कहा कि, बस्तर के बुरकापाल, टहकवाड़ा, झीरमघाटी, मीनपा समेत महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड समेत कई राज्यों में छोटे बड़े कुल 4073 घटनाएं हुई। जिसमें कुल 3090 जवानों की हत्या और 4077 जवानों को घायल किया। जवानों के पास से 2365 आधुनिक हथियार और 1 लाख 19 हजार 682 कारतूस लूटा गया।

20 सालों में उनके 22 बड़े नक्सलियों की जान गई है। इनमें 8 पोलित ब्यूरो मेंबर हैं। इसके अलावा 48 एसजेडसी, एससी सदस्य, 14 आरसी मेंबर, 167 डीवीसी सदस्य, 26 सब जोनल कमेटी सदस्य, 505 एसीएम और पीपीसी सदस्य, 887 पीएलजीए मेंबर और 3596 लड़ाके शामिल हैं। साल 2021 से 2024 के बीच 261 जवानों की हत्या की गई। 516 जवानों को जख्मी किया। 25 आधुनिक हथियार लूटे गए।

### जवान घेराबंदी कर रहे, संगठन की बढ़ी परेशानी

नक्सलियों की इस बुकलेट के 14वें पेज में लिखा है कि, हमारे इलाके में 1500 से लेकर 3000 और कभी इससे भी ज्यादा जवानों को भेजा जाता है। जवान 20 से 25 गांवों को घेरते हैं। 12 से 15 किमी के दायरे को कैप्चर करते हैं। उन्होंने बताया कि, जवान कार्डन, सर्च और किल का नियम अपना कर काम कर रहे हैं। जिससे नक्सल संगठन को भारी नुकसान हो रहा है। पार्टी के काम में अड़चनें आ रही हैं। खतरा बढ़ गया है।

### नक्सलियों ने माना मजबूती से नहीं कर पाए मुकाबला

नक्सलियों ने संगठन को हुए नुकसान की समीक्षा भी की है। साल 2004 से 2011 तक नक्सल संगठन ने जितने हमले किए सभी में सफलता मिली। तब तक वे काफी हद तक मजबूत थे। नक्सलियों की समीक्षा में पुलिस आक्रामक हुई है। जिससे उनके लाल लड़ाकों ने सरेंडर किया है। पुलिस के आक्रामक होने का मजबूती से मुकाबला न करने का जिक्र किया है। वहीं, 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक संगठन का 20वां स्थापना दिवस मनाने की बात कही है।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के पंजीयन 19 से होंगे प्रारम्भ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने गत दिवस बुधवार देर शाम को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के सम्बंध में जिला उपार्जन समिति की बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से किसानों के पंजीयन केंद्रों को बढ़ाने के निर्देश दिए है। 19 सितम्बर से प्रारम्भ हो रहें पंजीयन के लिए खासकर ऐसे स्थल जहां कियोस्क सेंटर व कॉमन सर्विस सेंटर्स की कमी है। वहां पंजीयन केंद्र बढ़ाने के निर्देश दिए है। साथ ही उपार्जन से जुड़े अमले के प्रशिक्षण के संबंध में निर्देशित किया गया। उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं का सत्यापन का कार्य राजस्व अधिकारियों द्वारा की जाएगी। बैठक में सीसीबी के सीईओ आरसी पटले, कृषि उपसंचालक राजेश खोब्रागड़े, खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल,नागरिक आपूर्ति, मार्केटिंग व एनआरएलएम की पीओ भी मौजूद रही।



## मप्र से छग में पंजीयन कराने वाले छात्रों की डिटेल में जानकारी, डीपीसी जांच कर प्रस्तुत करें

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना ने गुरुवार को शिक्षा विभाग और सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत चल रही प्रक्रिया और योजना की समीक्षा की। बैठक में कक्षा 1 से 8 तक के नामांकन के सम्बन्ध में बीआरसी से जानकारी प्राप्त की गई। एक बीआरसी द्वारा बताया गया कि कुछ विद्यार्थी ऐसे है जो छत्तीसगढ़ में प्रवेश ले लेते हैं। जो अपने रिस्तेदारों में साथ कुछ समय मप्र में रहते है और छत्तीसगढ़ में प्रवेश ले रहे है। कलेक्टर श्री मीना ने बीआरसी के जवाब में स्पष्टता न पाते हुए डीपीसी डॉ. महेश शर्मा को पूरे मामले की पूर्ण जानकारी निकाल कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। वहीं उन्होंने ने 95 प्रतिशत से कम तथा जीरो प्रवेश वाली स्कूलों की समीक्षा एक सप्ताह बाद पुनः करने को कहा है। तब तक सभी बीईओ और बीआरसी को प्रवेश में प्रगति लाएंगे। अभी भी पंजीयन की स्थिति ठीक नही होने पर नाराजगी भी व्यक्त की। बैठक में जटाशंकर महाविद्यालय के प्राचार्य पीआर चन्देलकर, शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय व समस्त बीईओ व बीआरसी उपस्थित रहे।

### अनुकंपा प्रकरणों के सम्बंध में पृथक से शिविर लगाएगा शिक्षा विभाग

कलेक्टर श्री मीना ने शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओँ के सम्बंध में जानकारी ली।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने सीएम राइज स्कूल की प्रगति रिपोर्ट, मॉडल स्कूल और कक्षा 8 से 9 वी तथा 9 वी के बाद कि छात्रवृत्ति की जानकारी प्रस्तुत की। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के बारे में कलेक्टर श्री मीना ने अलग से शिविर लगाने के निर्देश दिए है। इस शिविर केवल अनुकंपा नियुक्ति के आवेदकों से चर्चा कर नियम और उससे सम्बधित कार्यवाही के बारे में बताए। अगर पात्र है और अपात्र है तो उसकी भी सूचना दे। बार बार जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों को संतुष्टिपूर्वक जवाब देना आवश्यक है। डीईओ श्री उपाध्याय ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति के 117 आवेदन प्राप्त हुए है। जिनमें 25 प्रयोगशाला सहायक के है। जिसमें 5 पात्र व 20 लंबित है। दिसम्बर 2022 से इसकी पात्रता बदल दी गई है।

### जर्जर भवनों में स्कूल संचालन नही करें

कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को निर्देशित किया है कि ऐसे स्कूल एक बार पुनः जांचे। जो जर्जर भवन में संचालित हो रहें है। जर्जर भवनों में संचालन स्कूल के लिए जनपद सीईओ से समन्वय कर अन्य भवन में संचालित कराएंगे। ये अभी सर्वोच्च प्राथिमकता का कार्य है।

## दत्ता मे वन्य प्राणी शेर ने किया गाय पर हमला

किरनापुर(पद्मेश न्यूज़)। दक्षिण सामान्य वन मंडल वन परिक्षेत्र किरनापुर अंतर्गत ग्राम दत्ता में वन्य प्राणी शेर ने गाय पर हमला कर उसे घायल कर दिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के गायकी गाजिया सहारे 12 सितम्बर को प्रतिदिन की तरह गांव किनारे मवेशी चराने गया हुआ था कि दत्ता से पिपरटोला की तरफ शाम लगभग 4 बजे वन्य प्राणी शेर ने एक गाय पर हमला कर उसे घायल कर दिया है इस घटना को देखते हुए गायकी गायों के झुंड के बीच में खड़ा हो गया तथा देखा कि सभी गायों ने एकजूट होकर उल्टा वन्य प्राणी पर ही हमला कर उसे भागने पर मजबूर कर दिया। वन्य प्राणी के भागने के उपरांत गाय की गाजीया सहारे ने मवेशियों को वापस गांव लाया तथा लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी दी , जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। जानकारी लगने पर गांव के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए ।वही वन परिक्षेत्र अधिकारी जगत दास खरे को इसकी जानकारी लगने पर भी ग्राम दत्ता पहुंचे तथा गायकी से बातचीत की तथा गांव के लोगों को आश्वस्त कराया कि अभी शाम हो चुकी है कल सुबह 10 से 11 बजे वह अपने अमले के साथ घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में निरीक्षण कर वन्य प्राणी के पगमार्क एवं उसकी लंबाई सहित अन्य आवश्यक चीजों का निरीक्षण करेंगे। घायल मवेशी गाय ग्राम दत्ता निवासी रमेश मातरे की बताई गई है।

### इनका कहना है...

इस घटना की पुष्टि करते हुए दूरभाष पर जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी जगत दास खरे ने बताया कि आज शाम 5:00 के आसपास हमें ग्राम दत्ता में शेर के द्वारा गाय पर हमला करने की जानकारी प्राप्त हुई जिस पर हम लोग ग्राम दत्ता पहुंचे एवं घायल मवेशी को देखा उस पर खरौंच के निशान बने हुए है,गायकी से चर्चा की तो उसने किसी धारीदार पट्टेधारी जंगली जानवर द्वारा गायों पर हमला करने की बात बताई गई ।लेकिन शाम अधिक हो जाने के कारण हम लोग घटनास्थल पर आज नहीं पहुंच सके।कल 13 तारीख को सुबह 10 से 11 बजे हमारे द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर वन्य प्राणी के पगमार्क, वन्यप्राणी की लंबाई एवं अन्य चीजों का निरीक्षण कर जांच कर विधिवत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**जगत दास खरे,वन परिक्षेत्र अधिकारी**
**दक्षिण सामान्य वन मंडल किरनापुर**

## उपद्रवियों ने स्वास्थ्य केंद्र में आग लगाई

इंफाल । मणिपुर के जिरीबाम जिला स्थित बोरोबेक्रा में उपद्रवियों ने बुधवार रात करीब 12.50 बजे एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगा दी। घटना पुलिस चौकी से महज 150 मीटर दूरी हुई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के पीछे कुकी समुदाय के लोगों के शामिल होने की आशंका है। दूसरी तरफ, राजधानी इंफाल में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। इंफाल ईस्ट और वेस्ट में कर्फ्यू जारी है। मैतेई बहुल 5 जिलों में इंटरनेट बंद है। राज्यपाल एल. आचार्य असम चले गए। उनके पास मणिपुर गवर्नर का अतिरिक्त प्रभार है। इंफाल में 10 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें करीब 100 स्टूडेंट्स घायल हुए थे। इसे प्रदर्शन में इंफाल घाटी के 100 से ज्यादा स्कूल-कॉलेजों के बच्चे शामिल थे।

# केन्द्र सरकार करा रही पशुओं की गणना

## गाय भैंस कुत्ता( श्वान), बिल्ली सहित अन्य पशुओं की होगी गिनती, 15 सितंबर से शुरू होगा कार्य

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ ) । एक तरफ मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में सांख्यिकी व जातिगत जनगणना की मांग उठ रही है,तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार द्वारा इंसानों की जनगणना की जगह पशुओं की गणना पर जोर दिया जा रहा है। जहां बालाघाट सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश में गाय भैंस बकरी कुत्ता( श्वान ) बिल्ली सहित समस्त पशुओं की गणना करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके मुताबिक बालाघाट सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश में 15 सितंबर से लेकर 31 दिसंबर तक पशुओं की गणना कर जिले में मवेशियों के आंकड़े एकत्र कर केंद्र सरकार को दिए जाएंगे। जहां केंद्र सरकार द्वारा मवेशियों के आंकड़ों का अध्ययन कर मवेशियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाई जाएगी। इन योजनाओं के दम पर सरकार द्वारा पशुपालक किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। जिसकी तमाम जानकारी गुरुवार को जिला पंचायत भवन में आयोजित एक बैठक के दौरान पशु विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई है।**

### हर 5 वर्ष में होती है पशुओं की गणना

बताया जा रहा है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन व फार्मिंग में केंद्र सरकार द्वारा योजना बनाई जानी है। जिसके चलते बालाघाट जिले सहित संपूर्ण प्रदेश में पशुओं की गणना की जा रही है। जानकारी के अनुसार योजनाओं के निर्माण और उनके परिपालन के लिए प्रत्येक 5 वर्ष में मवेशियों की गणना की जाती है। पिछले बार यह गणना वर्ष 2019 में की गई थी। जो इस बार वर्ष 2024 में की जाएगी।आपको बताए कि पशु गणना का यह 21वां वर्ष है जब सरकार पशुओं के आंकड़े जुटाकर मवेशियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजना बनाने की बात कह रही है।

### वर्ष 2019 में जिले में थे 11,लाख 27000 मवेशी

वही बात अगर 5 वर्ष पूर्व वर्ष 2019 में की गई पशु जनगणना की करें, तो विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में बालाघाट जिले में 6 लाख गौवंश थे। तो वहीं 1लाख 68000 भैस वंश संख्या की गणना की गई थी। इसके अलावा बकरी कुत्ता(श्वान),बिल्ली, घोड़ा, मुर्गी सहित अन्य मवेशियों को मिलाकर वर्ष 2019 में बालाघाट जिले में कुल 11 लाख 27 हजार मवेशी पाए गए थे।

### एप के माध्यम से होगी गणना, ऑनलाइन होगी जानकारी

बताया जा रहा है कि इस बार पशु गणना के लिए एक स्पेशल एप का उपयोग किया जाएगा जहां घर-घर मवेशियों की गणना कर एप के माध्यम से पशुओं की ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। जहां जिले की सभी 10 ब्लॉकों में फील्ड ऑफिसर सहित अन्य प्रगणक गांव-गांव घर-घर जाकर पशुओं की गणना कर मवेशियों के आंकड़े एकत्र करेंगे। जिसकी रिपोर्ट पशुपालन विभाग को दी जाएगी जहां 31 दिसंबर की डेडलाइन तक पशुपालन विभाग द्वारा मवेशियों की गणना के संपूर्ण आंकड़ों की जानकारी प्रदेश सरकार, तो वहीं प्रदेश सरकार से यह जानकारी केंद्र सरकार को भेजी जाएगी।

### योजना बनाने की जा रही गणना- कामड़े

जिला पंचायत में पशु गणना बैठक को लेकर की गई चर्चा के दौरान पशुपालन विभाग सहायक संचालक एवं पशु गणना जिला नोडल अधिकारी डॉ अमित कामड़े ने बताया कि केंद्र सरकार की मंशानुरूप मध्य प्रदेश सहित संपूर्ण भारत में पशुओं की गणना की जानी है। जिसकी गणना कर पशुपालन को बढ़ावा देकर पशुओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजना बनाई जाएगी जिसका सीधा फायदा पशुपालक किसानों को होगा।जहां किसानों की आय बढ़ाने के लिए जिले में भी मवेशियों की गणना कर उनका आंकड़ा एकत्र किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में पशुओं की गणना का कार्य 15 सितंबर से 31 दिसंबर तक करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें फील्ड ऑफिसर, गौ सेवक, विभाग के प्रगणक और गैर विभागीय प्रगणना को सर्वे के कार्य में लगाया जाएगा। जिसकी ट्रेनिंग उन्हें दी जा चुकी है। वही फील्ड ऑफिसर प्राप्त आंकड़ों को द्वितीय श्रेणी पशु चिकित्सक व सुपरवाइजर तक पहुचाएंगे तो वही जिले के सभी 10 ब्लॉकों से प्राप्त आंकड़ों को सुपरवाइजर द्वारा जिला नोडल अधिकारी के पास प्रेषित किया जाएगा।जिसके उपरांत जिला नोडल अधिकारी द्वारा संपूर्ण मवेशियों के आंकड़े एकत्र कर डाटा बनाकर इसकी पूरी जानकारी मध्यप्रदेश शासन को भेजी जाएगी। जहां मध्य प्रदेश शासन यह संपूर्ण जानकारी केंद्र सरकार को भेजेगा वहीं केंद्र सरकार पशुपालन के क्षेत्र में आंकड़ों के आधार पर विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाएंगे जिसका सीधा फायदा पशुपालक किसानों को होगा।

# गांव की बेटी ने जीता फैशन आईकॉन का अवार्ड

## प्रेसवार्ता लेकर सोनाली बिसेन ने दी जानकारी , मिस यूनिवर्स की कर रही है तैयारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, साल 2020 में एक सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के बालाघाट महोत्सव आयोजन में मिस बालाघाट का टाईटल अपने नाम करने वाली सोनाली बिसेन ने हाल ही में मिस महाराष्ट्र के सेकंड रनरअप होने के साथ ही मिस फैशन आईकान का टाईटल जीता है। जिस अवार्ड को देश के मशहुर कोरियाग्राफर टैरेस लुईस और मशहुर फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया ने सोनाली को दिया। आपको बता दे कि मॉडल सोनाली बिसेन द्वारा 12 सितंबर को एक निजी संस्थान में प्रेस वार्ता ली गई और बताया गया कि वह बालाघाट जिले के छोटे से ग्राम चरेगांव में जन्मी है फैशन इवेंट में अपना एक मुकाम हासिल किया है। जिनका लक्ष्य अब मिस यूनिवर्स बनने का है । मॉडल सोनाली बिसेन बताती है कि 2020 में मिस बालाघाट अवार्ड जीतने के बाद कोरोना लग गया। जिसके बाद उनकी पहचान, नागपुर निवासी मिसेस यूनिवर्स रनरअप जोया सिराज शेख से हुई। जिन्होंने उसके मॉडलिंग रूचि को देखते हुए 30 अगस्त से 1 सितंबर तक मुंबई में आयोजित होने वाले मॉडलिंग इवेंट मिस एवं मिसेस महाराष्ट्र और मिस इंडिया सुपरानेशनल के बारे में बताया। जिसकी तैयारी, सोनाली ने जोया की देखरेख में की। 1 सितंबर को मिस महाराष्ट्र के हुए फायनल राउंड में सोनाली सेकंड रनरअप रही। जिन्हें फैशन आईकॉन टाईटल से नवाजा गया। जिस अवार्ड को कोरियाग्राफर टैरेस लुईस और फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया के हाथो से सोनाली को दिया गया।

### ग्रामों से निकलने में होती है थोड़ी परेशानी

प्रेस वार्ता के दौरान सोनाली बिसेन द्वारा बताया गया कि वह भी एक जिले के छोटे से गांव से हैं और जिस प्रकार से ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और कहीं ना कहीं आज प्रतिभा को ऊपर आने के लिए थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं जिले के छोटे-छोटे क्लब और संस्थान जो कार्यक्रम आयोजित करते हैं उसे जिले की प्रतिभा को एक स्थान मिलता है जो उन्हें आगे आने में काफी कारगर साबित होता है।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में जिपं अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

# एक नाबालिग लड़की का अपहरणऔर दुष्कर्म करने के आरोप में युवक अखिलेश के विरुद्ध अपराध दर्ज

## लांजी थाना क्षेत्र की घटना, अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी युवक हो गया फरार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लांजी पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक अखिलेश पिता आनंद जगराहे 24 वर्ष ग्राम मोहझरी थाना लांजी निवासी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। अपराध दर्ज होने के बाद यह युवक फरार हो गया है। जिसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह 15 वर्षीय नाबालिग लड़की कक्षा दसवीं की छात्रा है। एक वर्ष पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से इस लड़की की पहचान अखिलेश जगराहे ग्राम मोहझरी निवासी के साथ हुई थी। दोनों इंस्टाग्राम के माध्यम से बातचीत कर करते रहते थे। अखिलेश ने इस नाबालिग लड़की को शादी करने का झांसा दिया। किंतु लड़की ने उसे बोली थी कि मैं नाबालिग हूं और पढ़ाई करना चाहती हूं। मुझे प्यार मोहब्बत के चक्कर में नहीं पढ़ना है। इसके बाद अखिलेश इस नाबालिग लड़की को डराते धमकाते रहता था। 27 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे जब यह लड़की अपने घर से स्कूल जाने निकली तब रास्ते में अखिलेश ने इस लड़की को लांजी घूमने चल कहा कर मोटरसाइकिल में लांजी लाया और कोटेश्वर धाम मंदिर के पास एक निर्माणाधीन सूने मकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया । इसके बाद अखिलेश ने इस लड़की को किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। और उसके गांव लाकर छोड़ दिया। इसी प्रकार 24 जुलाई 024 को अखिलेश ने इस लड़की को स्कूल जाते समय डरा धमका कर उसे मोटरसाइकिल से लांजी लाया और उसी स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की जब रोने लगी तब अखिलेश ने इस लड़की को शादी करने का झांसा देकर समय उसकी मांग में सिंदूर भर दिया और मोबाइल से फोटो खींच लिया तथा किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी ।डर के कारण इस लड़की ने घटना के संबंध में किसी को नहीं बताई। 9 सितंबर को व्हाट्सएप में अखिलेश और इस लड़की की फोटो परिवार के ही एक व्यक्ति को मिली। तब परिवार वालों द्वारा पूछताछ करने पर लड़की ने अखिलेश द्वारा डरा धमका कर जबरदस्ती दुष्कर्म करने के संबंध में बतायी। 11 सितंबर को यह लड़की अपने परिवार के साथ रिपोर्ट करने के लिए लांजी थाना पहुंची

लांजी पुलिस ने इस लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर अखिलेश पिता आनंद जगराहे 24 वर्ष ग्राम मोहझरी लांजी निवासी के विरुद्ध धारा 137(2),96,64(2)M,351(3),65(1) भारतीय न्याय संहिता धारा 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। अपराध दर्ज होने के बाद यह आरोपी अखिलेश जगराहे फरार हो गया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# हुड़दंग और नशाखोरी की शिकायत पर डे केयर सेंटर सील बंद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर पालिका द्वारा भाजपा कार्यालय के सामने बनाए गए डे केयर सेंटर को सील बंद करने की कार्रवाई की गई है जिसमें बताया जा रहा है कि यहां बीते कुछ दिनों से कुछ लोगों द्वारा डे केयर सेंटर में शाम के समय नशाखोरी और हुड़दंग किया जाता था जिससे यहां पर आने जाने वाले लोग इससे परेशान हो रहे थे, इसके पहले भी शिकायत मिलने पर यहां हुड़दंग करने वाले लोगों को कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली ले जाकर कार्रवाई की गई थी एवं जब स्थिति ज्यादा बिगड़ने लगी तो नगर पालिका द्वारा डे केयर सेंटर को सील बंद कर दिया गया है एवं यहां कुछ दिनों बाद जनता की रुचि से संबंधित व्यवस्था बनाई जाएगी। आपको बता दे की गुरुवार को एक तरफ नगर पालिका का एक अमला हनुमान चौक स्थित जर्जर जायसवाल भवन के हिस्से को तोड़ने में व्यस्त था, तो नगर पालिका के दूसरे अमले ने भाजपा कार्यालय के सामने स्थित डे केयर सेंटर में सीलबंद की कार्रवाई कर दी। नपा की ये कार्रवाई शाम होते-होते चर्चा का विषय बन गई।

बताया गया कि गौरव पथ के बगल में फुटपाथ पर बने इस डे केयर सेंटर में बीते कई दिनों से शराबखोरी, जुआ-सट्टा खिलाने जैसे असामाजिक गतिविधियों की नगर पालिका को शिकायतें मिल रही थीं। जब के इसके पहले भी एक बार यहां शाम के समय उत्पाद मचाने वालो पर कोतवाली पुलिस द्वारा कुछ लोगों को उठाकर कोतवाली थाने ले जाया गया था, जहां पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई भी की गई थी उसके बावजूद भी यहां शाम के समय असामाजिक गतिविधियां बढ़ती जा रही थी जिसे देखते हुए शिकायत पर नगर पालिका द्वारा सील बंद करने की कार्रवाई की गई है।

### शिकायतों पर सीलबंद की कार्रवाई की गई है - निशांत श्रीवास्तव

जब इस विषय को लेकर हमारे द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत कुमार श्रीवास्तव से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इस तरह की शिकायतों के आधार पर सीलबंद की कार्रवाई की गई है। कुछ युवकों द्वारा यहां हुड़दंग किया गया जाता था , जिसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले भी किया गया था। असामाजिक तत्वों के बढ़ती चहलकदमी और नशाखोरी जैसी गतिविधियों के कारण नपा ने ये कार्रवाई की है। डे केयर सेंटर को हटाकर यहां जनता की रुचि से जुड़ी व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके अलावा यहां असामाजिक तत्वों पर निगरानी भी रखी जाएगी।

# एक युवक को तीन युवकों ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

## वारासिवनी रोड गौरी शंकर पेट्रोल पंप के पास हुई घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले वारासिवनी रोड स्थित ग्राम गर्रा गौरी शंकर पेट्रोल पंप के पास तीन युवकों ने एक युवक को चाकू दिखा डरा धमका कर उसे हाथ बुक्के से मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी दे दी। 11 सितंबर की शाम 5 बजे यह घटना आपसी रंजिश के चलते हुई। मारपीट में चोटिल हुये युवक संजय पिता नरसिंह मसराम 27 वर्ष वार्ड नंबर 14 गोंडी मोहल्ला गर्रा निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आकाश टेम्भरे उज्जवल टेम्भरे और विनायक जैतवार तीनों वारासिवनी निवासी के विरुद्ध मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय मसराम खेती मजदूरी करते हैं। तीन-चार दिन पहले संजय मसराम ने बैनगंगा नदी के पुल पर अपनी रिश्तेदारी की बेटी को तीन लड़कों के साथ देखा था। तब संजय मसराम ने उन तीनो लड़कों को डांट फटकार लगा दी थी। जिसके बाद तीनों लड़के वहां से चले गए। जिसके जाने के बाद संजय मसराम ने उस लड़की से तीनों लड़कों के बारे में पूछा। तब उसने तीनो। लड़को अपना दोस्त बताते हुए उनका नाम आकाश टेम्भरे, उज्जवल टेम्भरे और विनायक जैतवार वारासिवनी निवासी बताई थी। 11 सितंबर की शाम 5 बजे करीब वारासिवनी रोड गौरी शंकर पेट्रोल पंप के पास संजय मसराम खड़ा था। तभी वहा पर आकाश टेम्भरे, उज्वल टेम्भरे, विनायक जैतवार मोटरसाइकिल बजाज एवेंजर से आए और तीन दिन पहले संजय मसराम द्वारा डांट फटकार लगाने की रंजिश को लेकर तीनों ने संजय मसराम को बहुत होशियार बनता है कहकर उसे मारपीट करने लगे और तीनों ने संजय मस्तराम को गिरा दिया विनायक जैतवार ने अपने पास से चाकू निकाल कर संजय मसराम को डराने धमकाने लगा। मारपीट व गिरने से संजय मसराम घायल हो गया था। जिसके बाद तीनों युवक संजय मसराम को हमारे बीच में पड़ने पर जान से मार डालने की धमकी देकर मोटरसाइकिल से भाग गए। इस घटना को वहा के आसपास दुकान वाले एवं राकेश सहारे मुन्ना मसराम ने देख। इसके बाद संजय मसराम अपने साथियों के साथ रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने संजय मसराम का जिला अस्पताल में इलाज करवाया और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर आकाश टेम्भरे उज्जवल टेम्भरे और विनायक जैतवार तीनों वारासिवनी निवासी के विरुद्ध धारा 296,115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# पीएम जनमन में देश की पहली सड़क बालाघाट में बनकर हुई तैयार

## तीन सड़कों से बैगा बस्तियों के निवासियों को मिली एक नई रफ्तार

## करीब 30 किमी के दायरे में 20 से अधिक गांव व टोलों की करीब 3 हजार लोगों की पहुँच ही आसान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिले की बैगा बस्ती में बनी एक सड़क की इन दिनों दिल्ली में भी खूब चर्चा हो रही है। ये सड़क देश की ऐसी पहली सड़क है जो पीएम जनमन अभियान में बनकर तैयार हुई है। पीएमजीएसवाय द्वारा तैयार पंडाटोला से बिजाटोला जाने वाली इस सड़क का निर्माण कार्य 16 मार्च 24 को शुरू हुआ। जो 26 अगस्त को पूर्ण हुई हैं। सिर्फ ये ही सड़क नहीं बल्कि विभाग ने परसवाड़ा जनपद में 2 सड़के और बनाई है जो बैगा बस्तियों के 20 गाँव की करीब 3 हजार बैगा नागरिकों की रफ्तार तय कर रही हैं। आपको यह जानकर सुदूर गांव और जंगल का अनुभव होगा कि यहां के लोग जंगली रास्तों से होकर अपनी जीवन चर्या में व्यस्त रहते थे। शाम के बाद से इन सड़कों से गुजरना सम्भव नही था। जंगल के रास्ते पर कई वन्य जीव से गांव व टोले भयभीत रहते थे। इन्ही कच्ची पगडंडियों से ही माध्यमिक व हाईस्कूल के बच्चे, रोगी और राशन लाने के लिए नागरिक गुजरते रहें है। अब इन सड़कों के बन जाने के बाद कच्ची सड़कें इतिहास बन कर रह गई है।

### 10.16 किमी.की पगडंडिया बदली सुंदर सडकों में

परसवाड़ा जनपद क्षेत्र के उस हिस्सें में तीन सड़के पीएम जनमन अभियान में बनी है। जो आज भी दुर्गम जंगल से आच्छादित है। पीएमजीएसवाय के विनोद गढ़वाल ने बताया कि इस क्षेत्र में नाटा से पांडाटोला 4.85 किमी. बड़गांव से साल्हे 4.50 किमी. और एक जो योजनांतर्गत देश की पहली सड़क है वो पांडाटोला से बिजाटोला है जिसकी लंबाई 0.811 मीटर है। करीब 1 कि.मी की इस सड़क का सीधे तौर पर 935 नागरिक तो उपयोग कर ही रहे है। इनके अलावा आसपास के 4 टोलों के लिए भी यह उपयोगी सड़क है। हालांकि नाटा से पंडाटोला और उन्डईटोला के बीच दो पुल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इनका कार्य बारिश के बाद ही शुरू होगा।

### इन सड़कों के बैगाओं के लिए मायने

ये सड़कें जिन गांवो में बनी है उसके दायरे में आने वाले कई टोले है जो इनका उपयोग करेंगे। इनमें डोरली, चकटोला, कातलाबोडी, टिकरिया, कूकड़ा, उरूरगुड्डा, बारिया, डंडईटोला, मोहर, नारवाड़ी सहित जंगलों में बसे बैगाओं के लिए सुविधाजनक हैं। इस क्षेत्र के करीब 30 कि.मी दायरे में अब यहाँ के करीब 3 हजार बैगा राशन दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन पाएंगे। साथ ही स्कूली विद्यार्थी स्कूल, किसान बाजार और मंडी तक सुविधाजनक रूप से आवागमन कर सकेंगे। वहीं मरीज स्वास्थ्य केंद्र तक और मुख्य कस्बे से जुड़ पायेंगे।

निःशुल्क
कम्प्यूटर डिप्लोमा
अवधि - 01 वर्ष
अंतिम तिथि - 14-09-2024
लाइब्रेरी सुविधा
पता-पंचशील कम्प्यूटर एण्ड लाइब्रेरी
मार्किट गली, गोंदिया रोड बालाघाट (मप्र) मो. 8770990501, 8817389621

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग *
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग*
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग *
ADMISSION + ENQUIRY
*Proposed Branches
नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर (गर्रा) बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com
सतपुड़ा आई.टी.आई.बालाघाट
मांझापुर 6262604119 | गर्रा 6262604121 | बुड़ी 6262604122 | कटंगी 6262604117 | बैहर 6262604125

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट